आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:20 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मंगलवार, 1 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 311, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर एक सम्पूर्ण अखबार



भोपाल गैस त्रासदी का काला अध्याय खत्म 14
वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण 12


## HAPPY DOCTOR'S DAY



मस्तिष्क से सम्बन्धी समस्त समस्याओं का समाधान एक स्थान पर

# पनेशिया हॉस्पिटल

ए मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड सेंटर फॉर न्यूरोसाईन्सेस

ब्रेन स्ट्रोक / पक्षघात / लकवा आदि के लक्षण दिखते ही आपके पास केवल 4:30 घण्टे हैं।

| B | E | F | A | S | T |
|---|---|---|---|---|---|
| BALANCE | EYES | FACE | ARMS | SPEECH | Time |
| Less of Balance, Headache or Dizziness | Blurred Vision | One side of the Face Drooping | Arm or Leg Weekness | Speech Difficulty | Time to call for Ambulance Immediately |

"कृपया ऐसे अस्पताल में जायें जहाँ पर CT SCAN व पैथोलॉजी की समस्त सुविधा के साथ न्यूरो विशेषज्ञ डॉक्टर व टीम उपलब्ध हो क्योंकि समय बचाना ही ब्रेन को बचाना है। हेड इंजरी व स्ट्रोक के मरीज़ों की कैसे रोकथाम की जा सकती है, हम इसके प्रयासरत रहते हैं।"

डॉ विकास शुक्ला MS, M.Ch (Neuro Surgery), Brain & Spine Surgeon

हर 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में स्ट्रोक का सामना करता है।

## द पनेशिया

ए मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड सेंटर फॉर न्यूरोसाईन्सेस

*Come Home to Wellness...*

24 घंटे स्पेशिलिस्ट डॉक्टर्स उपलब्ध

स्ट्रोक होने पर, तुरन्त इलाज न मिलने से मस्तिष्क का नुकसान होता है...

117/473, एल–ब्लॉक, काकादेव (नीरछीर चौराहा और डबल पुलिया के मध्य) कानपुर
सम्पर्क करें : 7897997632, 7897997631, 0512-2501355, 2501455

मुँह में घाव • थूक में खून आना • आवाज बदलना • खाने का फंसना • निगलने में दर्द

आपको ऐसे लक्षण है तो

डरें नहीं, तुरन्त परीक्षण करायें और कैंसर से बचें



डॉ. प्रीति शुक्ला M.D.
कैंसर रोग विशेषज्ञ




117/473, एल–ब्लॉक, काकादेव (नीरछीर चौराहा और डबल पुलिया के मध्य) कानपुर
सम्पर्क करें: 7897997632, 7897997631, 0512–2501355, 2501455

सीमित अवधि

सीमित अवधि

क्या आप चाहते है गारन्टीड जॉब?
प्रवेश लें, उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी द्वारा मान्यता प्राप्त

## दि पनेशिया पैरामेडिकल साइन्स एवं नर्सिंग इंस्टीट्यूट

(A Unit of The Panacea Hospital, Kanpur)

DIPLOMA COURSES:

• Emergency & Trauma Technician • OT Technician
• MRI Technician • CT Technician • Physiotherapy Technician

329, लखनपुर (सेल्स टैक्स रोड), कानपुर
मो. 7880473131, 9935266953, 9454369302, 0512–3550199

# नगर को जल्द मिलेंगे 48 शिक्षक, 12 शिक्षामित्र व अनुदेशक

अमृत विचार विशेष

- कन्नौज नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार में ग्रामीण इलाकों के 8 विद्यालय शामिल हुए
- 6 प्रधानाध्यापक, 42 सहायक शिक्षक, 7 शिक्षामित्र व 5 अनुदेशकों बढ़ सकते हैं

अजय मिश्र, कन्नौज

**अमृत विचार**। कई सालों से नगर क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में चली आ रही शिक्षकों की कमी जल्द ही दूर हो जाएगी। कारण, नगर पालिका परिषद कन्नौज क्षेत्र के सीमा विस्तार के बाद ग्रामीण इलाकों के 8 विद्यालयों को शहरी में जोड़ लिया गया है। कन्नौज समेत पूरे प्रदेश का आदेश भी शासन ने जारी कर दिया है। इससे 48 अध्यापक व 12 शिक्षामित्र व अनुदेशक शहर में बढ़ जाएंगे। दरअसल, विकास खंड सदर क्षेत्र में 89 ग्राम पंचायतें थीं। वर्ष 2020-21 में 5 ग्राम पंचायतें कम हो गईं। परिसीमन में जो गांव घटे वह नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सीमा विस्तार में शामिल कर लिए गए। जो भी सरकारी भवन जैसे परिषदीय स्कूल, पंचायत घर व बारातघर आदि ब्लॉक क्षेत्र में लगते थे वह अब शहरी क्षेत्र का हिस्सा हो गए हैं। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित 8 परिषदीय विद्यालय भी शामिल हैं जिसमें 1 उच्च प्राथमिक स्कूल, 1 कंपोजिट और 6 प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। उप सचिव आनंद सिंह ने बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल को पत्र जारी कर कहा है कि ग्रामीण इलाकों में बने विद्यालय जो नगर निकाय के विस्तार से नगर क्षेत्र में शामिल हुए हैं उनको नगरीय संवर्ग का दर्जा मिल गया है। बताया गया है कि जो 8 विद्यालय शहर में शामिल हुए हैं उसमें 6 प्रधानाध्यापक, 42 सहायक शिक्षक, 7 शिक्षामित्र व 5 अनुदेशक तैनात हैं। कुल संख्या 60 बताई गई है।



ब्लॉक सदर क्षेत्र का कंपोजिट विद्यालय मानपुर भी नगर क्षेत्र में शामिल।

### ये स्कूल नगर संवर्ग में आए

- प्राथमिक विद्यालय जसौली
- उच्च प्राथमिक स्कूल जसौली
- प्राथमिक विद्यालय नसरापुर
- कंपोजिट विद्यालय मानपुर
- प्राथमिक विद्यालय रितुकाला प्रथम
- प्राथमिक विद्यालय चौधरियापुर
- प्राथमिक विद्यालय सरायमीरा देहात
- प्राथमिक विद्यालय जलालपुर सरवन



" नगर क्षेत्र में शामिल हुए परिषदीय स्कूलों का शासन ने पत्र जारी कर दिया है। अब बेसिक शिक्षा विभाग के निदेशक का पत्र आएगा। उसके बाद ही ग्रामीण इलाकों के विद्यालय नगर में दर्ज होंगे। इससे नगर में कई सालों से चली आ रही अध्यापकों की कमी दूर होगी। शिक्षकों को छुट्टियां मिल सकेंगी। बच्चों की पढ़ाई भी बेहतर ढंग से हो सकेगी। पारस्परिक तबादले भी हो सकेंगे।

**संदीप कुमार, बीएसए**

## पिता व चार पुत्रों को सात-सात साल की जेल

**कन्नौज**। हत्या के प्रयास के मामले में दोष सिद्ध होने पर पिता व उसके चार पुत्रों को सात-सात साल की जेल तथा 6500-6500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया है।


थाना ठठिया में मारपीट कर हत्या के प्रयास का एक मामला दर्ज हुआ था। इसमें तीन लोगों पर आरोप लगा था। इसकी विवेचना कर अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। एडीजे द्वितीय के न्यायालय में प्रकरणकी सुनवाई चली। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने नाजिम, शोएब, राजू व कादिर पुत्रगण कमालुद्दीन और कमालुद्दीन पुत्र अब्दुलनईम नि. गुरौली थाना ठठिया जनपद कन्नौज को 07-07 वर्ष का सश्रम कारावास व प्रत्येक को 6,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

# कार और बाइक आमने-सामने भिड़े, युवक की थम गई सांसें

## नादेमऊ-हसेरन मार्ग पर हुआ हादसा, हसेरन चौकी के देहकापुरवा का था निवासी

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार**। कार एवं बाइक की आमने-सामने भिड़ंत होने पर युवक की मौत हो गई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।


मगन कुमार।

थाना इंदरगढ़ की चौकी हसेरन के गांव देहकापुरवा निवासी मगन कुमार पुत्र कृष्णावतार (19) अपनी बहन मंशा देवी को नादेमऊ चौकी क्षेत्र के गांव दिऊपुरापुर उसकी ससुराल छोड़कर सोमवार की दोपहर वापस अपने घर जा रहा था। नादेमऊ-हसेरन मार्ग पर पहुंचा तो वहां आधी सड़क पर मक्का पड़ी थी और सामने से कार आ रही थी। बाइक मक्का पर चढ़ाता तो फिसल जाती इस डर से रोड पर बना रहा।

उधर कार चालक ने संकरी हुई रोड से निकलने का प्रयास किया लेकिन बाइक से सामने से भिड़ंत हो गई। घटना में मगन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से हसेरन सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाई बहनों में सबसे छोटा था। हादसे के बाद मां सोनकली और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

मौजूद ग्रामीणों ने यह भी कहा कि रोड पर मक्का सुखाई जाने की वजह से ही हादसा हुआ। इस संबंध में चौकी प्रभारी नादेमऊ देवी सहाय से बात की गई तो उन्होंने बताया कार को कब्जे में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### घर के बाहर नाली में गिरा दिव्यांग, चली गई जान

**सौरिख, कन्नौज**। लघुशंका के लिए रात में नाली के किनारे गए अधेड़ का पैर फिसल गया। नाली में गिरने से उसकी मौत हो गई। खड़नी क्षेत्र के हजरत पुर निवासी दिव्यांग नन्द राम (42) रविवार रात बरामदे में सो रहा था। माता मुन्नी देवी अन्दर सो रही थी। नन्दराम लघुशंका के लिए उठा और फिसल कर घर के बाहर नाली में गिर गया। रात 11 बजे माता उठी तो बेटे को नाली में पड़ा देखा। चिकित्सक के यहां ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया।


नन्दराम।

### 23 घंटे बाद नहर में उतराता मिला युवक का शव

**सौरिख, कन्नौज**। बीमारी से तंग आकर नहर में कूदे युवक का शव 23 घंटे बाद उतराता मिला। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम खड़नी निवासी आलोक चक्रवर्ती पुत्र सुरेश चक्रवर्ती रविवार की सुबह बीमारी से परेशान हो कर निचली गंग नहर में कूद गया था। उसका शव सोमवार को मलिकपुर गांव के सामने नहर में उतराता मिला। इसे पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था।


आलोक।

### रोड पर सूख रही मक्का बनी हादसे का कारण

इस समय किसान मक्का, मूंगफली जैसी फसलों को रोड पर फैलाकर सूखा रहे हैं। इससे दो पहिया वाहनों को चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार दोपहर नादेमऊ हसेरन मार्ग पर खरगपुर के निकट रोड पर मक्का सूख रही थी इसलिये एक लेन पर कार व बाइक आमने-सामने आ गए और जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार की जान चली गई।


बारिश के बाद गोलकुआं व ओवरब्रिज के बीच भरा पानी। अमृत विचार

## तीसरे दिन भी बरसात राहत के साथ आफत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट, नाले-नाली उफनाए

**अमृत विचार**। मानसून का असर जिले में व्यापक तौर पर देखने को मिलने लगा है। लगातार तीसरे दिन दोपहर बाद करीब दो घंटे तक हुई झमाझम बरसात से राहत और आफत एक साथ आई। जहां उमसभरी गर्मी से राहत रही तो वहीं नाले नालियों के उफनाने के साथ सड़कों पर जलभराव हो गया। हालांकि अधिकतम तापमान लुढ़ककर 29 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 घंटों में इसी तरह का मौसम रहने के आसार हैं।

सोमवार की सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही रही। सूरज की किरणें जहां तहां ही धरती तक पहुंचीं। अधिकांश समय तक बादल और बूंदाबांदी होती रही। पूरे दिन जहां तहां बूंदाबांदी के बाद शाम करीब पौने चार बजे उमड़घुमड़ कर आए बादलों ने गरज चमक के साथ बरसना प्रारंभ कर दिया। लगभग दो घंटे तक हुई जोरदार बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया वहीं नाले और नालियां उफनाकर चलने लगे। कई स्थानों पर तो एक दिन पहले की बारिश का ही पानी भरा था जो और बरसात से बढ़ गया। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार दिन के समय अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास था जो बरसात के बाद घटकर 29 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आगामी दिनों में भी बादल और बारिश के आसार बने हुए हैं।

## करंट से दो भैंसों की गई जान बिजली घर का किया घेराव

संवाददाता, छिबरामऊ (कन्नौज)

**अमृत विचार**। ग्राम लड़ैता में 11000 लाइन के पोल में उतरे करंट की चपेट में आई दो भैंसों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बिजली घर का घेराव किय।

तहसील क्षेत्र के लड़ैता गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से 11 हजार वोल्ट की लाइन से खंबे में करंट उतर आया। इसती चपेट में आने के कारण दो भैंसों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि लाइनमैन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन ढीली तारों को ठीक नहीं किया गया। यदि समय पर लाइन सुधारी जाती, तो यह हादसा टल सकता था। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली घर का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। एसडीओ छिबरामऊ ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने मांग की कि भविष्य में ऐसी लापरवाही नहीं हो।

## अवैध खनन पर पुलिस सख्त डंपर किया सीज

**छिबरामऊ**। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध खनन में पुलिस ने डंपर को सीज कर दिया। थानाध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि ऐरवा कटरा, औरैया निवासी रंजीत पुत्र शेखर लाल उरई से टैक्स चोरी कर बिना बिल्टी और रॉयल्टी के मिट्टी भरकर सौरिख से विशुनगढ़ जा रहा था। ग्राम खबरिया के पास पुलिस ने डंपर को रोक लिया। चालक ने कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए और 6 घंटे तक पुलिस को गुमराह किया। इस पर डंपर को सीज कर मामले की सूचना खनन विभाग को दे दी।

## जीर्ण-शीर्ण बैरक का बरामदा गिरा

संवाददाता, तिर्वा

**अमृत विचार**। पुलिस कर्मियों के निवास के लिए बनी बरसों पुरानी बैरक के बरामदे की छत गिर पड़ी। घटना में पुलिस कर्मियों की बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।

थाना ठठिया का निर्माण सन् 1902 के आसपास का बताया जाता है। थाना परिसर में पुलिस कर्मचारियों के निवास के लिए एक बैरक बनी थी जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गई थी। अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को न रहने के आदेश दिए। इसके साथ ही बैरक के बरामदे को लोहे के जाल से बंद करा दिया गया था। बरामदे में कुछ पुलिस कर्मी अपनी बाइक खडी करने लगे। सोमवार को अचानक बैरक का बरामदा गिरने लगा। इससे हड़कंप मच गया। वहां खड़ी सिपाही मनजीत, हेड मोहर्रर अनिल कुमार, दीवान सुनील की बाइकें मलबे में दब कर क्षतिग्रस्त हो गईं। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि बैरक काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी।


गिरे बैरक के बरामदे में पड़ा मलबा। अमृत विचार

निर्देश — थोक विक्रेताओं व आपूर्तिकर्ता प्रतिनिधियों के साथ बैठक में चेतावनी

# खाद की कालाबाजारी की तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में सभी थोक विक्रेताओं तथा उर्वरक आपूर्तिकर्ता प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें साफ चेतावनी दी कि किसी ने खाद की जमाखोरी या कालाबाजारी की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी उर्वरक विक्रेता किसानों को निर्धारित दरों पर समय से उर्वरक बेंचने के साथ पक्की रसीद भी दें। किसी भी स्थिति में अधिक मूल्य पर बिक्री, जमाखोरी या कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। सभी उर्वरक विक्रेता अपने स्टॉक का अद्यतन विवरण ई-पॉस मशीन एवं उर्वरक पोर्टल पर दर्ज करें। उर्वरक की आपूर्ति एवं वितरण की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विभागीय अधिकारी नियमित जांच करें। सभी विक्रेता स्टॉक और बिक्री की नियमित प्रविष्टि पोर्टल पर दर्ज करें। विक्रेता की दुकान पर स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, रेट बोर्ड इत्यादि अभिलेख होने चाहिए। रेट लिस्ट बोर्ड न लगे होने पर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाये। कृषकों को उनकी जोत के अनुसार ही उर्वरक उपलब्ध करायी जाये। किसान भी अनावश्यक उर्वरक का भण्डारण न करें। कहा कि कम्पनियों अथवा थोक विक्रेताओं द्वारा मुख्य उर्वरकों के साथ किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग न की जाये। थोक विक्रेताओं द्वारा उर्वरक स्टॉक को एक जनपद से दूसरे जनपद के किसी भी डीलर को कदापि भी विक्रय/ट्रांसफर न किया जाये।


सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी, साथ में एडीएम, सीडीओ व जिला कृषि अधिकारी।

### जून में बांटी 2084 मी.टन यूरिया

**कन्नौज**। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जून में यूरिया 2084 .51 मीट्रिक टन एवं एम .ओ .पी . 40 .25 मीट्रिक टन, डीएपी . 960 .85 मीट्रिक टन, एनपीके . 617 .49 मी . टन, एसएसपी . 210 .50 मीट्रिक टन वितरण की गई हैं। बताया कि यूरिया 23,200 .49 मीट्रिक टन एवं एमओपी . 1,388 .95 मीट्रिक टन तथा डीएपी . 3,929 .64 मीट्रिक टन और एनपीके . 6,219 .66 मीट्रिक टन व एसएसपी . 2072 .00 मीट्रिक टन कुल 12,221 .30 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध हैं। जनपद में यूरिया की दर 266 .50 रुपये प्रति बोरी है।


स्वागत के बाद अभिवादन करते कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल। अमृत विचार

## जनता को हक व सम्मान दे रही प्रदेश सरकार:मंत्री

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार**। कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल (अपना दल एस) ने यहां कहा कि प्रदेश सरकार जनता को हक व सम्मान देने का कार्य कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा सहित विकास कार्यों को लेकर सरकार गंभीर है।

सोमवार को फर्रुखाबाद जाते समय नगर पंचायत समधन में कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री का काफिला रोकर कर फूलमालाओं से स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकजुट होकर सरकार की नीतियों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। अधिक से अधिक पात्रों को योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इस दौरान मखबूल खान, मौलाना कद्दूस, पंकज शर्मा, शकील, राधे पाल, राजेश शर्मा, सर्वेश, मल्लू गुप्ता, अनिल गुप्ता, चंगेज खान, सलमान खान आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



बाबा अमरनाथ के लिए रवाना होते श्रद्धालु। अमृत विचार

### अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**जसोदा, कनौज**। जसोदा से बाबा अमरनाथ वर्फानी की यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं के जत्थे को बस द्वारा रवाना किया गया। 15 दिवसीय तीर्थ यात्रा कार्यक्रम में यात्री खाटूश्याम, बालाजी से पंजाब के बाघा बॉर्डर, स्वर्ण मंदिर होते जम्मू कश्मीर के अमरनाथ पहुंचेंगे। इसके बाद हरिद्वार होते हुए लौटेंगे। श्रद्धालुओं के रवाना होने से पहले स्थानीय लोगों ने फूलमाला पहनाकर व तिलक लगाकर यात्रियों का स्वागत किया। अनूप सिंह, अजीत पांडे, अभिमन्यु सिंह, मनोज सिंह, अक्षय कुमार, बंटी सिंह आदि तीर्थ यात्रा के लिए बस द्वारा रवाना हुए।

### बहू व उसके परिजनों पर लगाया मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज**। नगर के मुहल्ला गांधी नगर निवासी मंजू देवी पत्नी विशंभर ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी बहू व उसके परिजनों ने ग्राम सौसरापुर निवासी उसके दामादा व पुत्री के साथ 29 जून की दोपहर करीब 03 .30 बजे गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**तिर्वा**। संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। थाना इंदरगढ़ के महद्विवरा गांव निवासी प्रिंस पुत्र वीरेंद्र पटेल का विवाह 25 फरवरी 25 को तालग्राम थाना क्षेत्र के खबरामऊ गांव निवासी मोहनी (20) साथ हुआ था। रविवार की रात वह खाना खाकर अपने कमरे में चली गई। सोमवार की सुबह जब काफी देर तक कमरे से नहीं निकली तो परिजनों ने कमरा खोलकर देखा। वहां उसका शव कमरे में दुप्पट्टे क़े फंदे से लटका था। मौके पहुंचे मृतक क़े परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। वहीं पति समेत अन्य ससुरालीजन शव को छोड़ मौके से फरार हो गए है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी।थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि हत्या है या आत्महत्या।


धरना देने के बाद अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश गौतम को ज्ञापन देते सपाई।

### सपाइयों ने की सर्विस रोड के निर्माण कराने की मांग

**कन्नौज**। हाइवे के सर्विस रोड की मांग को लेकर सपा बाबा साहब अंबेडर वाहिनी के प्रदेश सचिव ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। प्रदेश सचिव डॉ . चंद्रकांत यादव ने मुख्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश गौतम को सौंपते हुए कहा कि छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम शाहजहांपुर में हाईवे का निर्माण कराया गया। उस समय कहा गया था कि इसके नीचे सर्विस रोड का निर्माण कराया जायेगा लेकिन ठेकेदार ने निर्माण नहीं कराया। इससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। सर्विस रोड के लिये पडी जगह पर पानी भर रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। मांग की कि सर्विस रोड का निर्माण कराया जाए। इससे पहले सपाइयों ने धरना देकर प्रदर्शन किया।

### कम छात्र संख्या वाले विद्यालय मर्ज होने से शिक्षकों में रोष

**सौरिख कन्नौज**। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का आदेश दिया गया है। शिक्षकों ने बैठक कर इस निर्णय का विरोध जताया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान एवं जिलाध्यक्ष प्रा .शि .संघ उदय नारायण सिंह यादव के निर्देशन में ब्लाक संसाधन केंद्र सौरिख पर उदय भान सिंह यादव (ब्लाक अध्यक्ष) की अध्यक्षता में विद्यालय मर्जर के विरोध में बैठक हुई। शिक्षकों ने विद्यालय मर्जर के विरोध में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्यों और अभिभावकों के हस्ताक्षर युक्त असहमति प्रस्ताव ब्लाक अध्यक्ष को सौंपे। बैठक का संचालन राजेन्द्र सिंह पाल मंत्री एवं नितेंद्र बिहारी हजेला ने सामूहिक रूप से किया। बैठक में 100 से अधिक शिक्षक एवं एसएमसी सदस्य मौजूद रहे।

### स्कूल बंद होने से अभिभावकों में आक्रोश

**सौरिख कन्नौज**। प्रदेश सरकार द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत पहले तो गांव-गांव विद्यालय खुलवाए थे जिससे छोटे-छोटे बच्चों को दूर दराज पढ़ने के लिए न जाना पड़े। अब सरकार इनको बंद करने पर विचार कर रही है जिसको लेकर अभिभावकों में रोष है।

### साइबर फ्राड कर युवक से 40 हजार रुपये हड़पे

**कन्नौज**। दो फोन नंबरों से आई कॉल द्वारा युवक से गूगल पे के माध्यम से 40,000 रुपये का फ्राड कर लिया गया। मामले की ऑनलाइन शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मौसमपुर मौरारा निवासी रानू कुशवाहा पुत्र रघुवीर कुशवाहा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 11 अप्रैल को उनके मोबाइल पर अलग-अलग दो नंबरों से कॉल आई। गूगल पे के माध्यम से 40,000 रुपये का साइबर फ्राड कर लिया गया। इस की शिकायत तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर की। इसके बाद अपनी बैंक को सूचित किया। दो बार साइबर क्राइम हेल्प नंबर पर शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं किया गया। इसके बाद उस ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### महाराणा प्रताप के सलाहकार व मित्र थे भामाशाह

**गुरसहायगंज, कन्नौज**। महान दानवीर महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी व विश्वासनीय सलाहकार थे भामाशाह। यह विचार भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल ने रविवार रात करीब नौ बजे नगर के चौराहा स्थित श्रीराम मंदिर के सत्संग भवन में आयोजित दानवीर भामाशाह की जयंती अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए भामाशाह के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान शैलेष गुप्ता, ध्रुव गुप्ता, मयंक ठाकरे, बृजेश गुप्ता, रामू गुप्ता, सुशील गुप्ता, मोहित गुप्ता, सभासद वीरेन्द्र गुप्ता, संतोष गुप्ता, दीपक गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, दिनेश गुप्ता, हरिओम गुप्ता, जितेंद्र कौशल, राज गुप्ता, रविकांत, राजेश गुप्ता, फूलचंद गुप्ता, पप्पन गुप्ता, श्यामू गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, अमित गुप्ता, कमल कश्यप आदि रहे।

### नकब लगा कर ठेके से पार की हजारों रुपये की शराब

**छिबरामऊ, कन्नौज**। तालग्राम रोड पर हाथिन गांव के सामने देशी शराब ठेका में नकब लगा कर चोरों ने यहां से हजारों रुपये के शराब के क्वार्टर के साथ गोलक में रखी में नकदी पार कर दी। कसावा चौकी क्षेत्र के गांव हाथिन के रहने वाली प्रियंका सिंह के नाम व के सामने देशी शराब ठेका है। इसका संचालन देवर हिमांशु सिंह चौहान पुत्र रामभरोसे सिंह चौहान करते है। रविवार की शाम सेल्समैन ने दुकान बंद कर दी। सोमवार की सुबह कैंटीन संचालक सुग्रीव झाडू लगाने गया तो दुकान में नकब लगा देख फोन से सूचना दी। हिमांशु ने पहुंच कर देखा तो चोरों ने पिछवाड़े रस्सी के सहारे छत पर चढ़ कर कैंटीन के टिन शेड को तोड़ नकब लगाई थी।

### समाज में विद्वेष फैलाने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**छिबरामऊ, कन्नौज**। शहर के मोहल्ला बस्तीराम के रहने वाले अनुपम बाजपेई पुत्र दिनेष चन्द्र ने सोशल मीडिया पर समाज को गाली- गलौज करने के साथ ही सामूहिक नर संहार की धमकी देने वाले अरूण कुमार उर्फ मंटू पुत्र जहान सिंह उर्फ भूरे के खिलाफ पुलिस को प्रार्थनापत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। सोमवार को कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने पुलिस बल के साथ दबिश देते हुए आरोपी को तालग्राम रोड से कल्यानपुर को जाने वाली सड़क से दबोच लिया।

आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:20 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 311, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भोपाल गैस त्रासदी का काला अध्याय खत्म 14

वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण 12

# पशुओं के कल्याण की भावना से कार्य करें : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह में 576 विद्यार्थियों को प्रदान कीं मेडल और उपाधियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में जो भी कार्य करें, उस समय मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना होनी चाहिए। पशु और मानव का रिश्ता परिवार का है। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकते। पशु हमारे जीवन का धन हैं। हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। राष्ट्रपति ने गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखने को लेकर चिंता व्यक्त की।

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने 2021 से 2024 के बीच के स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के 576 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने आगाह किया कि उपभोग आधारित संस्कृति मानव, जीव-जंतुओं व पर्यावरण को अकल्पनीय क्षति पहुंचा सकती है। राष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखते हैं। यह पशु खेती में सहयोग करते हैं। टेक्नोलॉजी युग तो आया, लेकिन जमीन में खेती के साथी केंचुआ आदि समाप्त हो रहे हैं। इससे जमीन बंजर हो रही है। जमीन की उर्वरता बचाने के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों व आमजन को सोचना चाहिए। पशु संपदा का संरक्षण व विकास हमारा कर्तव्य होना चाहिए। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि कॅरियर के रूप में आपने निरीह व बेजुबान पशुओं की चिकित्सा व कल्याण के क्षेत्र को चुना है।

हमें अपनी परंपरा और अवधारणा का अनुसरण करते हुए पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चाहिए। ईश्वर ने मनुष्य को सोचने-समझने की जो शक्ति दी है उसका उपयोग जीव-जंतुओं के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी आदि मौजूद रहे।



आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में एक छात्रा को उपाधि प्रदान करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**136** वर्ष का हो गया भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान

**576** विभिन्न कोर्सों के विद्यार्थियों को 11वें दीक्षांत समारोह में दी गई उपाधि

**35** साल बाद दूसरी बार राष्ट्रपति के हाथों छात्रों की मिलीं उपाधि और मेडल

### जीवन रक्षक सेवा केंद्र बना आईवीआरआई : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह में शोधकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान की 136 वर्षों की साधना पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। यहां के वैज्ञानिक उस मूक प्राणी की आवाज बनते हैं जिसे दुनिया सुन नहीं पाती है। आप सभी की शोध और सेवा समाज को एक नई दिशा देता है। योगी ने कहा कि आईवीआरआई न केवल पशुधन बल्कि हर जीव-जंतु के लिए जीवन रक्षक सेवा का केंद्र बना है। कोरोना के दौरान जब आरटी-पीसीआर जांच एक चुनौती बनी हुई थी, तब आईवीआरआई ने प्रदेश सरकार के साथ मिलकर 2 लाख से अधिक कोविड जांच करवाईं। इस संस्थान की प्रतिबद्धता यह दिखाती है कि इसकी भूमिका केवल पशु चिकित्सा तक सीमित नहीं, बल्कि वह मानव जीवन रक्षा में भी अग्रणी रही है।

### भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक है एम्स : राष्ट्रपति

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि एम्स भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक है। यहां हर मरीज को उम्मीद की नई किरण दिखाई देती है। राष्ट्रपति ने डॉक्टरों की तुलना पीड़ित के लिए भगवान से करते हुए विद्यार्थियों को संवेदनशील बनने की सीख दी। कहा कि एक संवेदनशील डॉक्टर न केवल दवा, बल्कि अपने व्यवहार से भी मरीज को जल्द ठीक करने में मदद करता है। सहानुभूतिपूर्ण देखभाल से मरीज की हालत में तेजी से सुधार होता है। चिकित्सा एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि सेवा है। राष्ट्रपति सोमवार को गोरखपुर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधि व मेडल प्रदान किया।

# मतदाता सूची की समय समय पर समीक्षा जरूरी

● विपक्षी दलों के आरोप पर बोला-निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की जरूरत है क्योंकि ये कई कारणों से बदलती रहती हैं और संविधान में प्रावधान है कि केवल पात्र नागरिक ही मतदाता सूची का हिस्सा हों और जो नहीं हैं, वो वोट नहीं दे सकें। आयोग ने यह टिप्पणी उस वक्त की है, जब कई विपक्षी दलों ने कहा है कि गहन पुनरीक्षण के कारण राज्य मशीनरी का उपयोग करके बड़ी संख्या में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किए जाने का खतरा है।

आयोग ने कहा कि मतदाता सूची में संशोधन जरूरी है क्योंकि यह निरंतर बदलाव से गुजरने वाली सूची होती है जो मौतों, प्रवासन के कारण लोगों के स्थानांतरण और 18 वर्ष के नए मतदाताओं के जुड़ने के कारण बदलती रहती है। बयान में कहा गया है, इसके अलावा, संविधान का अनुच्छेद 326 निर्वाचक बनने के लिए पात्रता निर्दिष्ट करता है। केवल 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय नागरिक और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निवासी ही निर्वाचक के रूप में पंजीकृत होने के पात्र हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने बिहार की 2003 की मतदाता सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं का विवरण शामिल है। इसका उपयोग 2003 की सूची में शामिल लोग अपना गणना फॉर्म जमा करते समय दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में कर सकते हैं।

इसमें यह भी कहा गया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची की उपलब्धता के कारण राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में काफी सुविधा होगी क्योंकि अब कुल मतदाताओं में से लगभग 60 प्रतिशत को कोई दस्तावेज जमा नहीं करना होगा।

## एक नजर

### प्रदेश में आज से खुलेंगे स्कूल-कॉलेज

**लखनऊ।** परिषदीय स्कूलों के साथ ही राज्य में आज से सभी विद्यालय खुल जाएंगे। परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं का स्वागत रोली-चंदन और माला पहनाकर होगा। इसी के साथ ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण एक से 15 जुलाई तक चलेगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि समस्त परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ, सुंदर और उत्सवमय रूप में सजाया जाएगा।

### पांच फीसदी महंगी हुई प्राकृतिक गैस

**नई दिल्ली।** वाहन के लिए सीएनजी और खाना पकाने के लिए पीएनजी बनाने में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत जुलाई के लिए पांच प्रतिशत बढ़ाई गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार, मासिक संशोधन के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा संचालित पुराने क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस की कीमत 6.41 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 6.75 अमेरिकी डॉलर प्रति इकाई कर दी गई है।

### 13 किग्रा हेरोइन, हथियार बरामद, तीन गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब सरकार के नशा विरोधी अभियान 'युद्ध नशिया विरुद्ध' के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 13.1 किलोग्राम हेरोइन, पांच पिस्तौल, 12 कारतूस, तीन मैगजीन, तीन लग्जरी वाहन और 22,000 रुपये ड्रग मनी बरामद की है।

# जीएसटी संग्रह 5 साल में 22.08 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● वित्त वर्ष 2020-21 में था 11.37 लाख करोड़ रुपये संग्रह

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पांच साल में दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये था।

सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार सकल जीएसटी संग्रह 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर को छू गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2023-24 में 1.68 लाख करोड़ रुपये और 2021-22 में 1.51 लाख करोड़ रुपये था।

जीएसटी के आठ वर्षों पर एक सरकारी बयान में कहा गया कि इसके लागू होने के बाद से, माल और सेवा कर ने राजस्व संग्रह और कर आधार बढ़ाने में मजबूत वृद्धि दिखाई है।

### लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह लगातार छठी तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है।

# भाजपा विधायक टी. राजा सिंह ने पार्टी से दिया इस्तीफा



● तेलंगाना प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर थे नाराज

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में रामचंदर राव की भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर संभावित नियुक्ति से नाराज विधायक टी. राजा सिंह ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को सोमवार को पत्र लिखकर कहा कि वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। वर्तमान में रेड्डी पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख हैं और पार्टी आलाकमान मंगलवार को नए अध्यक्ष की घोषणा कर सकता है। सिंह ने पत्र में कहा कि राज्य में पार्टी के नए प्रमुख की नियुक्ति का निर्णय न सिर्फ उनके लिए, बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं, नेताओं और मतदाताओं के लिए भी झटका और निराशा लेकर आया है, जिन्होंने हर उतार-चढ़ाव में पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहकर उसका साथ दिया है। कहा कि बहुत दुख के साथ मैंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला किया है।

# तेलंगाना में दवा फैक्ट्री में विस्फोट से 12 लोगों की मौत, 34 घायल

संगारेड्डी (तेलंगाना), एजेंसी

● संगारेड्डी जिले में हुआ हादसा, केमिकल रिएक्शन को माना जा रहा वजह

● सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ विस्फोट, मौजूद थे 150 कामगार

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार को एक दवा उत्पादन संयंत्र में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार विस्फोट पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र के एक रिएक्टर में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया (केमिकल रिएक्शन) के कारण हुआ। विस्फोट के कारण वहां आग भी लग गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया है।

पुलिस महानिरीक्षक (मल्टी जोन) वी. सत्यनारायण ने फैक्ट्री सूत्रों के हवाले से बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में 150 लोग थे जबकि उस क्षेत्र में करीब 90 लोग थे जहां विस्फोट हुआ है। उन्होंने बताया कि विस्फोट सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ।

कंपनी प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसने दमकल विभाग को सूचित किया। उन्होंने बताया कि करीब 10 अग्निशमन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मी भी बचाव अभियान में लगे हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। करीब 10 श्रमिक एक कमरे में फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट के समय कितने श्रमिक काम कर रहे थे, उन्होंने कहा कि सटीक संख्या का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि श्रमिकों का विवरण रखने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो गई है।



विस्फोट के बाद घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी। ● अमृत विचार

### पीएम ने जताया दुख, दो-दो लाख देने की घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और इस घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

### कुछ शवों के डीएनए मिलान की जरूरत

**हैदराबाद।** पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र में हुए विस्फोट और आग दुर्घटना में मारे गए लोगों की पहचान के लिए आधा दर्जन शवों का डीएनए मिलान किया जाना चाहिए। पाटनचेरू के तहसीलदार ए रंगा राव ने बताया कि अभी तक केवल तीन शवों की पहचान हो पाई है तथा छह शव इतना अधिक जल चुके हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है, जबकि तीन अन्य को मलबे से निकाले जाने का इंतजार है। पहचान के लिए छह शवों के डीएनए मिलान की जरूरत है।

# ऑनलाइन एलएलएम पाठ्यक्रम अनधिकृत

● बीसीआई ने सभी हाईकोर्ट को भेजा परामर्श पत्र

**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने कहा है कि एलएलएम या समकक्ष कानूनी पाठ्यक्रम को उसकी मंजूरी के बिना ऑनलाइन या हाइब्रिड माध्यम से प्रदान करना अनधिकृत एवं गैर-मान्यता प्राप्त है। बीसीआई ने दूरस्थ या हाइब्रिड माध्यम से ऑनलाइन पेश किए जाने वाले गैर-मान्यता प्राप्त मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम) पाठ्यक्रम के खिलाफ एक परामर्श जारी किया है। कानूनी शिक्षा पर बीसीआई की स्थायी समिति के सह-अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजेंद्र मेनन की ओर से तैयार किया गया यह परामर्श पत्र 25 जून को सभी उच्च न्यायालयों को भेजा गया था। पत्र में कहा गया है कि ऑनलाइन, दूरस्थ, मिश्रित या हाइब्रिड माध्यम से या एलएलएम और एमएससी (कानून) जैसे पाठ्यक्रम बीसीआई की पूर्व मंजूरी के बिना अनधिकृत हैं।

# किशोरी को आतंकी गतिविधियों में शामिल करने की कोशिश

संवाददाता, प्रयागराज

● पीड़िता को प्रयागराज से केरल ले गए थे आरोपी, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** प्रयागराज जिले की पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर केरल ले जाने, उसका धर्म परिवर्तन कराने और आतंकी गतिविधियों में शामिल करने की कोशिश के आरोप में एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने आरोपियों के चंगुल से भागने के उपरांत पुलिस के सामने इसका खुलासा किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि दरकशा बानो और मोहम्मद कैफ नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता को केरल से प्रयागराज लाकर वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है।

गंगा नगर के पुलिस उपायुक्त कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि 26 जून को पीड़िता की मां ने फूलपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि बानो उनकी 15 वर्षीय बेटी को आठ मई को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गई थी। मोहम्मद कैफ ने नाबालिग को मोटरसाइकिल से प्रयागराज जंक्शन पहुंचाया। बानो उसे ट्रेन से पहले दिल्ली ले गई फिर वहां से केरल जहां उसने नाबालिग को कुछ संदिग्ध लोगों से मिलवाया। संदिग्धों ने उसे रुपयों का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया और आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के लिए दबाव बनाया, वह किसी तरह उनके चंगुल से भागकर त्रिशूर रेलवे स्टेशन पर पहुंची।

# मणिपुर में बंदूकधारियों ने चार को गोली से उड़ाया

चुराचांदपुर/इंफाल, एजेंसी

● यूनाइटेड कूकी नेशनल लिबरेशन आर्मी ने ली जिम्मेदारी

● मोंगजांग गाव के पास दोपहर में घात लगाकर किया हमला

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 72 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे के आसपास हुआ जब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। मोंगजांग चुराचांदपुर शहर से लगभग पांच किमी दूर है।

चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि चारों लोगों को नजदीक से गोली मारी गई। यूनाइटेड कूकी नेशनल लिबरेशन आर्मी (यूकेएनएलए) ने एक बयान में इस हमले की जिम्मेदारी ली। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान थेनखोथांग हाओकिप उर्फ थापी (48), सेखोगिन (34), लेंगोउहाओ (35) और फाल्हिंग (72) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मौके से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए गए। इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है।

# अमरनाथ यात्रा के लिए आज से ऑफलाइन पंजीकरण

जम्मू, एजेंसी

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मंगलवार से ऑफलाइन पंजीकरण भी शुरू होगा। इसके लिए यहां टोकन वितरण केंद्र सोमवार को चालू कर दिया गया। वहीं, अधिकारियों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। 38 दिवसीय वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी। यह यात्रा दो मार्गों से संपन्न होगी। तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग तथा गांदरबल जिले में छोटे, लेकिन अधिक खड़े ढलान वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर तक जा सकते हैं।

श्रद्धालुओं का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू के सरस्वती धाम में टोकन वितरण केंद्र खोला, बारिश के बावजूद पंजीकरण के वास्ते टोकन लेने के लिए केंद्र पर श्रद्धालु उमड़ पड़े। लंबी कतारें लग गईं। जम्मू (दक्षिण) के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मनु हंसा ने यहां बताया कि आज से टोकन वितरण शुरू हो गया है। सरस्वती धाम में एक टोकन केंद्र स्थापित किया गया है। टोकन लेने के बाद तीर्थयात्री मंगलवार को पंजीकरण करा सकते हैं और दो जुलाई को जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा पर जा सकते हैं।

**अमरनाथ यात्रा के मार्गों पर सुरक्षा बढ़ाई गई : श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा से पहले दक्षिण कश्मीर के पवित्र गुफा मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर उच्च तकनीक वाले उपकरणों की तैनाती समेत कई उच्च स्तरीय सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर रणनीतिक स्थानों पर चेहरा पहचानने वाली प्रणाली लगाई गई है। इसके अतिरिक्त, कश्मीर घाटी से गुजरने वाले पूरे यात्रा मार्ग को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है।



पंजीकरण टोकन के लिए काउंटर पर श्रद्धालुओं की लगी भीड़।

**यात्रा 3 जुलाई से होगी शुरू, टोकन के लिए लगी कतार**

### यात्रा के लिए इस बार बेहतर सुविधांए : सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा के लिए काफी बेहतर व्यवस्था की गई है। सिन्हा ने तीन जुलाई को शुरू होने वाली यात्रा से पहले जमीनी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए गंदेरबल के बालटाल की यात्रा के दौरान कहा कि सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता भी की जिसमें विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया।

### यहां कराएं पंजीकरण

दक्षिण जम्मू के एसडीएम मनु हंसा ने बताया कि पंजीकरण मंगवार को तीन केंद्रों - वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू होगा। यह एकमात्र केंद्र है, जहां से श्रद्धालु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सुबह सात बजे खुलता है। एसडीएम ने कहा कि टोकन और पंजीकरण का प्रतिदिन का कोटा दो-दो हजार है और काउंटर तब तक खुले रहेंगे, जब तक कि दैनिक कोटा समाप्त नहीं हो जाता।



डॉ० विधान चन्द्र रॉय
पूर्व द्वितीय मुख्यमंत्री
पं. बंगाल
जिनकी स्मृति में
हर वर्ष मनाते हैं
'डॉक्टर्स डे'

# 'डॉक्टर्स डे'

## पर जन-जन के स्वस्थ रहने के लिये मंगलकामनायें

अमृत विचार
कन्नौज परिशिष्ट
1 जुलाई 2025



भारत देश के चिकित्सा पेशेवरों की अथक सेवा, समर्पण और करुणा को पहचानने के लिए हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाता है। यह दिन डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है।



## डॉक्टर हैं धरती के भगवान

आज राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस है। यह दिन पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। डॉक्टर्स डे पर एक ही बात कही जा सकती है कि डॉक्टर ही धरती के भगवान हैं। जरूरत है के इस पवित्र पेशे से जुड़े लोग लोगों को जीवनदान देने में किसी तरह की लापरवाही न बरतें। दिवस के मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं।



**योगेंद्र मिश्र**
संवाददाता,
कन्नौज कार्यालय

## मानव धर्म से बढ़कर कुछ नहीं

यूं तो हम रोज अच्छी भली जिंदगी जीते हैं लेकिन चूंकि इंसान हैं तो कभी शारीरिक या मानसिक दिक्कतों से दो चार होना पड़ता है। ऐसे में समाज का एक अभिन्न अंग है डॉक्टर जिसकी याद किसी को सबसे पहले आती है। आज डॉक्टर्स डे के मौके पर इतना ही लोगों को इतना ही आश्वस्त होना है कि किसी भी तरह की शारीरिक या मानसिक दिक्कत में हमें भरपूर सहायता मिलेगी। डॉक्टरों से यही अपील है कि जरूर व्यापार करें, लेकिन इससे ऊपर मानव धर्म को रखें। मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है। मानवता की सेवा करके जो सुकून मिलता है वह किसी और काम में नहीं होता है। दिवस पर शुभकामनाएं।



**इरा अवस्थी**
जिला प्रमुख,
अमृत विचार, कन्नौज

एवन हास्पिटल एण्ड मैटरनिटी सेंटर
हमारे यहां सभी प्रकार के आपरेशन व इलाज रियायती दर पर किये जाते हैं।
नार्मल डिलीवरी, एनआईसीयू सुविधा, ऑपरेशन से डिलीवरी, दमा, टी.वी., श्वांस रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, प्रसूति रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, नाक, कान, गला सभी प्रकार की जर्नल सर्जरी आदि का कुशल व अनुभवी चिकित्सकों द्वारा सफल इलाज
24 घंटे सभी प्रकार आपरेशन व इमरजेंसी इलाज और एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध
डायरेक्टर – शालू भाई
मो0नं0–7355215925, 7007228321, 9415221402
पता– शरीफापुर पानी टंकी के पीछे, तिर्वा रोड, कन्नौज।



आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
सांई डिजिटल एक्सरे
• पैथोलॉजी लैब
• फिजियोथेरेपी
• दांतों के एक्सरे सुविधा
डॾ. मनोज कटियार
स्थान– गैस एजेन्सी क्रासिंग जागरण स्कूल रोड, सरायमीरा, मो0: 9838838491



मधुवन हॉस्पिटल
एडवांस टॉपिकल फेको सर्जरी, एडवान्स लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी सेन्टर
• सभी प्रकार की आपातकालीन सुविधायें उपलब्ध।
• खून की सभी प्रकार की जांचों की सुविधा उपलब्ध।
• एडवांस लैप्रोस्कोपिक विधि द्वारा पित्त की पथरी, गुर्दा, बच्चेदानी और प्रकार के ऑपरेशन उपलब्ध।
डॉ. एस.के. कटियार (D.P.S.)
(Managing Director)
मो0: 8960046036, 7905724576
पता: बालाजी धर्मकाँटा के सामने, जी.टी. रोड सरायमीरा, कन्नौज



आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. जे.पी. गुप्ता
(हड्डी रोड विशेषज्ञ)
स्थान– मुन्नी पैलेस के निकट, मकरन्द नगर, कन्नौज, मो0: 9450739603



आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
जीवन ज्योति हॉस्पिटल एवं ऑप्टोमेट्री ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट
डॉ0 अंजना यादव
प्रवेश प्रारम्भ– जून माह से
साइंस, बायोलॉजी, मैथ से इंटर पास भी ले सकते हैं प्रवेश
जी.टी. रोड, मकरन्द नगर, कन्नौज, मो0: 9838391661





आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सुधांशु द्विवेदी
अधीक्षक
CHC विनोद दीक्षित चिकित्सालय, कन्नौज
संचारी रोग नियंत्रण करें
• कूलर के पानी को सप्ताह में एक बार बार साफ करें।
• यदि कहीं मच्छरों का लार्वा एकत्र हो तो उसे नष्ट करें।
• घर के आस पास पानी एकत्र न होने दें।
• नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव करें।
• घर व बाहर सफाई रखें।
• बासी खाना न खाएं।
• कटे सड़े फलों का सेवन न करें।



आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 शक्ति बसु
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
जिला अस्पताल, कन्नौज

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के साथ मध्यम से लेकर तेज बारिश होने की संभावना है। इससे गर्मी से राहत रहेगी।

| 29.1° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:24 | सूर्यास्त 07:12 |


अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## डूबने से युवक की मौत

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत नहर के पानी में डूबने से श्याम बाबू 41 वर्ष पुत्र जवाहर लाल निवासी बिचपुरी खेड़ा फ्रेंड्स कालोनी की मौत हो गई।

# विवेचना अधिकारी टीम समेत पहुंचे दांदरपुरा

## दांदरपुरा कांड : कथा वाचक व उसके सहयोगी नहीं मिले घर पर, परिवार व आसपास के लोगों से की पूछताछ

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के गांव दांदरपुरा में हुई घटना की जांच के लिए पूंछ के प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल को जांच अधिकारी बनाया गया है। रविवार को वह अपनी टीम के साथ जांच करने के लिए इटावा आए। रविवार की शाम को उन्होंने गांव दांदरपुरा में यजमान व उनकी पत्नी के अलावा गांव के लोगों से पूछताछ की। सोमवार को वह कथावाचक मुकुटमणि से पूछताछ को उनके अछल्दा स्थिति निवास पर भी पहुंचे। लेकिन कथावाचक व उनके सहयोगी दोनों ही अपने घरों पर नहीं मिले।

ग्राम दांदरपुरा में भागवत कथावाचक के साथ हुई घटना व अमानवीय घटना के मामले व कथावाचक के विरुद्ध जाति छिपाकर चार सौ बीसी के मामले में की विवेचनाएं एडीजी जोन के निर्देश पर झांसी जनपद के पूंछ थाना प्रभारी को दी गयी है। इस पर रविवार को विवेचक पूंछ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जेपी पाल एसआई दलवीर सिंह के साथ बकेवर थाना व दांदरपुरा गांव पहुंचे थे। दांदरपुरा गांव के घटना स्थल के निरीक्षण के बाद विवेचक कथावाचक व उसके सहयोगी का पक्ष जानने औरैया जनपद के कस्बा अछल्दा भी देर शाम पहुंचे।



कथा वाचक के सहयोगी संत सिंह के घर पूछताछ करते जांच अधिकारी ।

कथा वाचक मुकुटमणि अछल्दा में थाना के पास किराये का मकान लेकर रह रहा था। परन्तु विवेचक को कथावाचक घर पर नहीं मिला। कथावाचक के घर पर विवेचक को ताला मिला। विवेचक ने मुकुटमणि के घर के आसपास के लोगों से कथा वाचक के बारे में जानकारी ली। इसके बाद विवेचक अछल्दा में ही कथावाचक के सहयोगी संत सिंह यादव के घर पहुंचे। परन्तु संत सिंह भी घर पर विवेचक को नहीं मिले। उसका परिवार घर पर था। विवेचक ने संत सिंह की पत्नी से जानकारी ली। संत सिंह यादव के बारे में पूछने पर पत्नी ने जानकारी न होने की बात बताई।

विवेचक ने कथावाचक मुकुटमणि व उनके सहायक संत सिंह यादव के मोबाइल फोन नम्बर पर भी कॉल कर सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिन फोन स्विचऑफ आ रहे हैं।

### वकीलों ने की आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील

**इटावा।** थाना बकेवर के अंतर्गत ग्राम दांदरपुरा में हुए कथावाचक कांड पर चल रहे भारी विवाद को लेकर कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्व समाज के युवा अधिवक्ता एकत्रित हुए और इस मामले में बढ़ रही कटुता एवं माहौल बिगाड़ने वालों पर गंभीर चर्चा हुई। युवा एडवोकेट पंडित आदित्य मोहन शर्मा ने कहा की दांदरपुरा में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है हम सभी वकील इस पर गहरा दु:ख प्रकट करते हैं, पुलिस ने पर्याप्त कानूनी साक्ष्य के आधार पर दोनों पक्षों पर मुकदमा लिखकर कार्यवाही शुरू कर दी है अब मामला शांत होना चाहिए। लेकिन उसके बाद भी सपा व अखिलेश यादव द्वारा इस मामले को दो जाति विशेष के समुदायों में जातीय संघर्ष कराने की कोशिश की जा रही है। श्री शर्मा ने कहा उसका हम सभी लोग विरोध करते है। श्री शर्मा ने सर्व समाज के सभी लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, शांति, सौहार्द बनाए रखने, कानून पर भरोसा रखने की अपील की। बैठक में अधिवक्ता परिषद महासचिव सुबोध राजपूत, बार एसोसिएशन मंत्री सुभाष राजपूत, कमल माथुर, राकेश वर्मा, कुलदीप यादव, शिवेक कुशवाहा, जयंत, अभिषेक तिवारी, भानु प्रताप, नितिन तिवारी, अंकुर यादव, तुषार गुप्ता, राहुल भदौरिया, विकास रावत, गोलू दुबे, सहित सर्व समाज के अधिवक्ता जन मौजूद रहे।




# अधोगति से बचना है तो राम नाम जपो : हरीकृष्ण

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** शहर के लालपुरा स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन करते हुए नैमिष स्थित जगदाचार्य आश्रम से पधारे सरस कथावाचक पं. हरी कृष्ण पाण्डेय ने जीव के कल्याण का उपाय बताते हुए कहा कि यदि अधोगति से बचना है तो राम नाम जपो।

उन्होंने कहा कि यह कलिकाल माया के व्यापक प्रभाव में है, इसलिए मनुष्य नाना जंजालों में फंसा हुआ है। केवल ईश्वर ही जिसे माया के प्रभाव से बचाना चाहे, वही बच सकता है, यथा, जे राखे रघुबीर, ते उबरे तिहुं काल महं। हां, इस कलिकाल के प्रभाव से बचने का सबसे सरल और सटीक उपाय एक ही है, राम नाम जप। कलियुग केवल नाम अधारा। सुमिरि सुमिरि नर उतरहिं पारा। केवल हरि नाम जप से ही जीव अधोगति से बचते हुए भव सागर से पार लग सकता है। इसके बाद उन्होंने कपिलोख्यान, अजामिल उद्धार आदि के प्रसंगों का तात्विक विवेचन किया।

इसके बाद आयोजक परिवार की ओर से हरि प्रकाश शुक्ला, विजय प्रकाश शुक्ला, गौरव शुक्ला, प्रीती शुक्ला, जितेंद्र तिवारी के अलावा मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार वाजपेई, सचिव राजीव कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष केके द्विवेदी, मौनी बाबा ने भगवान की आरती की तथा भक्त श्रोताओं को प्रसाद वितरण किया। कथा का समय अपराह्न 3 बजे से सायं 7 बजे तक है।

# हाईवे पर चलती बस में लगी आग

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर टिलीटिला गांव के पास पश्चिम बंगाल से गुरुग्राम जा रही बस में अचानक आग लग गई। आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। बाद में चालक ने बस को रोक लिया और यात्रियों को सुरक्षित निकाला लिया। बस में लगभग 60 यात्री सवार थे।

बस के पहियों में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग ने बस के ब्रेक सिस्टम को भी चपेट में ले लिया, जिससे चालक बस का नियंत्रण खो बैठा लेकिन चालक की सतर्कता और सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। उसने हाईवे पर भरे बारिश के पानी में बस को धीरे-धीरे रोककर आग फैलने से बचा लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में मदद की और तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। बस में ज्यादातर यात्री मजदूर वर्ग के थे जो अपने परिवार सहित रोज़गार की तलाश में पश्चिम बंगाल से गुरुग्राम जा रहे थे। घटना के बाद सभी यात्रियों को पास के एक गेस्ट हाउस में सुरक्षित ठहराया गया। बस संचालक द्वारा यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरी बस की व्यवस्था की गई। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में बस के ब्रेक सिस्टम में तकनीकी खराबी के चलते आग लगने की आशंका जताई जा रही है।


बस में लगी आग बुझाते लोग। अमृत विचार

● **बस में सवार यात्री रोजगार की तलाश में पश्चिम बंगाल से गुरुग्राम जा रहे थे**

# मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत कछपुरा निवासी अवनीश कुमार पुत्र कमलेश कुमार को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत नगला राम सनेही में दवंगों ने मारपीट कर कश्मीर सिंह पुत्र जिलेदार सिंह निवासी कृष्णा नगर फ्रेंड्स कालोनी को घायल कर दिया। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत नगला पृथ्वी निवासी भुवनेश पुत्र सरनाम सिंह गांव में मारपीट की घटना में घायल हो गया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत आईटीआई चौराहे पर मारपीट में घायल शिवानी पत्नी शनि निवासी गोपालपुरा करहल मैनपुरी बेहोशी की हालत में मिली।

## सार-संक्षेप


दीपों से जगमगाता जैन मंदिर। अमृत विचार

### सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ तीन से

**इटावा।** शहर के आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर करनपुरा मे मज्जिनेंद्र जिन बिम्ब वेदी प्रतिष्ठा व सिद्धचक्र महामंडल विधान एंव विश्व शांति महायज्ञ का 8 दिवसीय कार्यक्रम 3 जुलाई से 11 जुलाई तक किया जायेगा। प्रतिष्ठाचार्य पं मनीष जैन शास्त्री संगीतकार रमेश नामदेव शामली टीम द्वारा आयोजित किया जायेगा। ध्वाजारोहण कर्ता रीतेश जैन, सौधर्म इंद्र धर्मेंद्र जैन, यज्ञनायक इंद्र महावीर प्रसाद जैन, कुबेर इंद्र पकज जैन, ईशान इंद्र रिषी जैन, सनत इंद्र रविंद्र जैन, महेन्द्र इंद्र महेंद्र जैन, चक्रवर्ती इंद्र सतेन्द्र जैन, कामदेव इंद्र हीरा लाल जैन को सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंदिर कमेटी अध्यक्ष अनिल जैन व महामंत्री कमल जैन, कोषाध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि सराय शेख जैन मंदिर से 3 जुलाई को गाजेबाजे के साथ प्रात: काल घट यात्रा निकाली जायेगी।

### आशा रसोईया व किसान मिलकर 9 को करेंगे प्रदर्शन

**इटावा।** कम छात्र संख्या के नाम पर बंद किये जा रहे परिषदीय स्कूलों को बंद से रोके जाने, आशा, रसोइयों, आंगनबाड़ी व सभी स्कीम वर्कर्स को कर्मचारी का दर्जा, 26 हजार वेतन, किसानों को एसपी की गारंटी, बिजली निजीकरण रोकने और श्रम सहिताओं को रद्द करने आदि समस्याओं को लेकर 9 जुलाई को केंद्रीय श्रम संगठनों, आशा, रसोईया, आंगनबाड़ी, शिक्षा मित्र एवं रोजगार सेवकों के आवाहन पर होने वाली देशव्यापी हड़ताल के तहत इटावा कचहरी पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। उक्त विचार आशा यूनियन की राष्ट्रीय नेता वीणा गुप्ता ने आशा, रसोईया ,आंगनवाड़ी, किसानों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें कर्मचारी, किसानों आशा, रसोईया, आम जनता महिला विरोधी है। आशा यूनियन की प्रदेश महासचिव संगीता कश्यप ने कहा कि आज स्कीम वर्क्स बड़ी समस्याओं से जूझ रहे है।मजबूर होकर 9 जुलाई को होने वाली हड़ताल में पूरी ताकत से भाग लेकर सफल बनाया जाएगा। आशा रसोईया के यूनियन की प्रांतीय नेता एवं सीटू के जिला संयोजक अमर सिंह शाक्य ने कहा कि 9 जुलाई की मजदूर संगठनों की हड़ताल को किसान सभा ने भी समर्थन दिया है। किसान सभा के जिला मंत्री संतोष राजपूत, उपाध्यक्ष रामबरन यादव, सुनीला भदोरिया, रजनी देवी, विजय देवी ,अनीता यादव, उर्मिला देवी, सुघरश्री आदि ने भी विचार व्यक्त किए। आशा यूनियन की जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, रसोईया यूनियन से उमा देवी और किसान सभा से विश्राम सिंह वैद्य के अध्यक्ष मंडल ने अध्यक्षता की।

### पैसेंजर ट्रेन में महिला हुई बेहोश, भर्ती

**जसवंतनगर।** रविवार शाम एक पैसेंजर ट्रेन में महिला के अचानक बेहोश हो जाने से हड़कंप मच गया। मामले की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद महिला को जसवंतनगर रेलवे स्टेशन पर उतारकर उसे सीसचसी भेजा गया। बाद में उसे पीजीआई भेज दिया गया। लखनऊ के नीलकंठ कैंट निवासी मनोज कुमार की पत्नी विमला देवी पैसेंजर ट्रेन में यात्रा कर रही थी। इटावा स्टेशन निकलने के बाद वह बेहोश हो गई। यात्रियों ने इसकी जानकारी कंट्रोल को दी। सूचना पर उसे जसवंत नगर स्टेशन पर उतार कर भर्ती कराया गया जहां से उसे पीजीआई भेज दिया गया।

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे ट्रेक पर किसी ट्रेन की चपेट में आने से बड़े लाल 85 वर्ष पुत्र गंगादीन निवासी फरीके का पुरवा थाना सहायल जिला औरैया की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर थाना जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### हादसा: आगे चल रहे ऑटो से पीछे वाला ऑटो टकराया

**बकेवर।** सिक्सलेन हाईवे पर इटावा से बकेवर आ रहे ऑटो चालक ने अचानक ब्रेक मार दिए जिसके चलते पीछे से आ रहा आटो आगे चल रहे आटो में घुस गया। हादसे में आटो चालक व महिला गम्भीर रुप से घायल हो गये। घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु पच्चास सैया अस्पताल भेजा। परशुपुरा के समीप अशोका होटल के पास हुए हादसे में आटो चालक गौरव पुत्र लाखन सिंह निवासी बिजौली बकेवर, विनीता देवी पत्नी विनय सिंह निवासी इकदिल गम्भीर रुप से घायल हो गयी। बिजौली चौकी प्रभारी विनय द्विवेदी ने घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु एम्बुलेंस से बकेवर स्थित पच्चास सैया अस्पताल भेजा जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है।

# कोर्ट के आदेश पर मारपीट और लूट की रिपोर्ट हुई दर्ज

**बकेवर।** हाई कोर्ट के आदेश पर बकेवर थाने में दो लोगों के खिलाफ मारपीट व रुपया लूट ले जाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहनाहै कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जायेगा।

ग्राम गंगदासपुर निवासी वाली ईश्वरी देवी ने आरोप लगाया कि 20अप्रैल 25 की शाम 6बजे वह अपनी बेटी रश्मी के साथ खेत में पकी खड़ी गेंहू की फसल मजदूरो द्वारा कटवाने के लिए पहुंची तभी दो लोगों ने उनके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि उक्त लोगों ने उनके पास से 4250 रुपया व बेटी रश्मि के पास से 1560 रुपया लूट ले गए। इसके अलावा वह जबरन फसल कटा ले गए। पुलिस के द्वारा कार्रवाई न करने पर उन्होंने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने प्रदीप उर्फ मोनू पाण्डेय व अमर पाण्डेय निवासीगण ब्लाक के सामने महेवा के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

# आधी रात तक गायब रही 12 मोहल्लों की बिजली


फाल्ट को सही करता बिजली कर्मी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** शहर में स्थित कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज तथा काली वाहन फीडर पर तकनीकी खराबी आ जाने के कारण एक दर्जन से अधिक मोहल्ले की बिजली आधी रात तक गायब रही। इन फीडरों पर खराबी के कारण शाम 6:00 बजे इससे संबंधित एक दर्जन मोहल्ले की बिजली चली गई जो रात 12:00 बजे बहाल हो सकी।

कृषि इंजीयरहंग कालेज फीडर व कालीवाहन मंदिर फीडर पर किसी कारण से फाल्ट आ गया जिससे इन फीडर से सम्बंधित मोहल्लों की बिजली चले जाने से लोग परेशान हो गए। लोग विभागीय कर्मचारियों को फोन करते रहे। फोन पर यह आश्वासन मिला कि थोड़ी देर में लाइट आ रही है। लेकिन बिजली की सप्लाई चालू होने में 6 घंटे का समय लग गया। रात करीब 11बजे जब फाल्ट की मरम्मत करके बिजली की सप्लाई चालू की गई तो एक बार फिर फाल्ट हो गया। उसके बाद फिर मरम्मत कराई गई रात करीब 12:00 बजे बिजली सप्लाई चालू हो सकी। अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने बताया की तकनीकी खराबी होने के जानकारी मिली थी, जिसे सही करा दिया गया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट : एकता क्लब को हराकर पिलुआ पैंथर बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** करीब एक महीने से जीआईसी मैदान में चल रहे टी 10 तिरंगा क्रिकेट कप नाइट टेनिस बॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में एक रोमांचक मुकाबले में पिलूआ पैंथर ने एकता क्लब को 8 रन से हराकर फाइनल मैच जीता। पिलुआ पैंथर ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित दस ओवरों में 116 रन बनाए, जिसके मुकाबले में रनों का पीछा करते हुए एकता क्लब 108रन ही बना पाया। इटावा क्रिकेट ऐसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान ने बताया कि मुकाबले 72 टीमों ने हिस्सा लिया था।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने विजयी टीम को पचास हजार एवं उपविजेता टीम को पच्चीस हजार का इनाम दिया तथा विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान की। इस अवसर पर सदर विधायक ने खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें स्वस्थ बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने जीआईसी मैदान में एक मिनी स्टेडियम के लिए शासन द्वारा पांच करोड़ रुपए स्वीकृत किए जाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, महामंत्री अभय टंडन, युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अक्षय प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अहमद, अश्विनी सिंह एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, श्याम चौधरी ,इटावा क्रिकेट एसोशिएशन के चैयरमेन इरशाद मेव, कोषाध्यक्ष शफीक खान, गुलजार अहमद गामा सहित चौकी प्रभारी रेलवे रोड दयानंद पटेल आदि का विशेष सहयोग रहा।


विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया। अमृत चिचार

● **इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 72 टीमों ने हिस्सा लिया था विधायक ने दी विजेता ट्राफी**

विरोध — **वक्ताओं ने कहा इससे गरीबों को नहीं मिलेगी शिक्षा, निर्णय वापस न लेने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

# प्रबंध समिति और शिक्षिकों ने मर्जर का किया विरोध

संवाददाता बसरेहर इटावा

**अमृत विचार।** सोमवार को शासन द्वारा किये जा रहे विद्यालय पेयरिंग के संबंध में विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों, अभिभावकों, प्रधानाध्यापकों एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र बसरेहर पर ब्लॉक अध्यक्ष रामविलास के नेतृत्व में किया गया।

बैठक में उपस्थित विद्यालयों की प्रबंध समिति के अध्यक्ष,सदस्य, प्रधानाध्यापकों एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने पेयरिंग और मर्जर के नाम पर विद्यालयों को बंद किये जाने का एक स्वर में विरोध किया। अभिभावकों का कहना था कि गांव का विद्यालय बंद होने से उनके बच्चे दूर के विद्यालय में कैसे पहुंचेंगे। दिव्यांग बच्चों एवं बालिका शिक्षा पर इस निर्णय से प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अतः सभी ने एक मत होकर सरकार से इस निर्णय को वापस लेने की मांग की। ब्लॉक अध्यक्ष रामविलास यादव ने कहा कि पेयरिंग के नाम पर विद्यालयों को बंद किये जाने का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विरोध क़रता है, अगर सरकार जल्द यह निर्णय वापस नहीं लेती है तो संगठन प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।बैठक में प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष, सदस्य, प्रधानाध्यापक, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सोलंकी ,संगठन मंत्री रामसजीवन , ब्लॉक मंत्री शरत प्रभात , तहसील प्रमुख अमरपाल , प्रचार मंत्री मनोज ,संघर्ष समिति अध्यक्ष जितेंद्र कश्यप ,अभिषेक यादव , नितिन , अनिल , नंदकिशोर , राजेंद्र कृष्ण यादव , दीपेंद्र सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं शिक्षक, शिक्षिकायें उपस्थित रहे।


बैठक में भाग लेते प्रबंध समिति के सदस्य व शिक्षक। अमृत विचार

### कांग्रेस विद्यालयों को मर्ज नहीं होने देगी : प्रशांत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने कहा है कि यूपी की योगी सरकार कक्षा 8 तक के पांच हजार से अधिक स्कूलों को मर्ज करने की तैयारी कर रही है। शासन का तर्क है कि इनका विलय करके हर जिले में एक मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल खोला जाएगा। श्री तिवारी ने कहा आंकड़ों की माने तो 28 हजार से अधिक प्राथमिक स्कूलों को कंपोजिट में तब्दील करने का कोई फायदा नहीं हुआ। सरकार इन स्कूलों का विलय करने के लिए सभी नियमों को ताख पर रख रही है।शिक्षा शत्रु' भाजपा सरकार की किसी भी योजना में भावी पीढ़ी को अशिक्षित रखने का षड्यंत्र साफ नज़र आता है। उन्होंने कहा विद्यालय बन्द होने से क्या नौनिहालों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्या रसोइयों का रोजगार नहीं ख़त्म होगा, क्या ग्रामीणों में अपने गांव के विद्यालय पर होने वाले गर्व महसूस कराने वाले भाव का दमन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ेगा वरना कांग्रेस प्रदेश में इस के खिलाफ प्रदर्शन कर सरकार को अपना फैसला वापिस लेने पर मजबूर कर देगी।

# स्कूल बंद करना गरीबों को शिक्षा से वंचित रखने की साजिश

**इटावा।** जनपद मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश के अंतर्गत 79 विद्यालय बंद करने का आदेश दिया गया है जिसमे ब्लॉक बसरेहर में 2, महेवा में 4, चकरनगर में 4, ताखा में 4, जसवंतनगर में 23, बढ़पुरा में 6, भरथना में 9, सैफई में 24, नगर क्षेत्र इटावा में 3 विद्यालय शामिल हैं।

बंद हुए विद्यालय के छात्रों को अब अपने मूल विद्यालय से कई किलोमीटर दूर दूसरे विद्यालय में पढ़ने जाना पड़ेगा। जिला समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदय भान सिंह यादव ने कहा कि जनपद में बीएसए के आदेश द्वारा 79 विद्यालय बंद होने के बाद सरकार की मंशा पीडीए और गरीबों के बच्चो को शिक्षा से वंचित बनाए रखने की बड़ी साजिश है। उन्होंने कहा कि सपा इसका विरोध करती है।

# बिजली चोरी में एक दर्जन लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** कस्बा लखना व महेवा के ग्राम आनेपुरा में बीती रात्रि उपखंड अधिकारी, जेई महेवा, जेई लखना ने संयुक्त रुप से अभियान चलाकर बिजली चोरी कर रहे एक दर्जन लोगों को पकडा जिनके विरुद्ध बिजली अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उपखंड अधिकारी बकेवर संतकुमार व जेई महेवा महेन्द्र पटेल, जेई लखना नरदेव सिंह गौतम, लाइनमैन लखना, बकेवर, महेवा की टीम ने लखना कस्बा में पुराना नहर पुल पर रात के समय बिजली चोरी कर रहे बेंचेलाल पुत्र अगनू प्रसाद,जनक सिंह कुशवाहा पुत्र किशन सिंह,माथुर लाल पुत्र दुर्गन सिंह,राम औतार पुत्र सरमन लाल,सुभाष यादव पुत्र माता प्रसाद निवासी आदर्श नगर,अमृत सिंह पुत्र शीतल सिंह,भूपेन्द्र त्रिपाठी,तस्लीम खां पुत्र मुस्तकीम खां मुहाल गंज व महेवा के ग्राम आनेपुरा में बिजली चोरी कर रहे लक्ष्मण सिंह पुत्र इन्द्रनारायण, दीपक पुत्र रामकेश व विश्वास पुत्र सोमनाथ सहित रमाकान्त पुत्र मदनमोहन त्रिपाठी को पकड़ा इनके विरुद्ध बिजली अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।



# ग्राम पंचायतों के संवेदनशील स्थानों पर लगाए जाएंगे कैमरे

## पुलिस और ब्लाक में बनाए जाएंगे कंट्रोल रूम, पंचायतों में बेहतर सिग्नल की कराई जाएगी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, औरैया



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत जनपद की ग्राम पंचायतों हेतु सोलर सीसीटीवी कैमरे एवं सहवर्ती उपकरणों के क्रय करने केलिए कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की।

बैठक में बताया गया कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद की ग्राम पंचायतों में आपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत सीसी टी वी कैमरे लगाए जाने है तथा ग्राम पंचायत में आबादी के हिसाब से कैमरे लगाए जाएंगे। एक ग्राम पंचायत में कम से कम करीब सात से आठ कैमरे लगाने की योजना है। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि टेंडर प्रक्रिया के लिए समिति गठित कर टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पारदर्शिता के साथ पूर्ण कराते हुए कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें साथ ही सेवादाता द्वारा ग्राम पंचायत वार बेहतर सिग्नल के सिम या नेट की व्यवस्था कराई जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरे पर निगरानी के लिए विकास भवन, पुलिस विभाग और विकास खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम बनाया जाए, जिससे इन कैमरों से पुलिस और प्रशासन गांव की हर गतिविधियों पर नजर रख सकेगा। कैमरे ग्राम पंचायत के मुख्य प्रवेश और निकास द्वार, चौराहों, तिराहों, सामुदायिक शौचालय, ग्राम सचिवालय, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा प्रमुख मार्गों पर लगाए जाएंगे। साथ ही ग्राम पंचायतों के संवेदनशील स्थानों की सूची पुलिस विभाग से प्राप्त कर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए जाए। कैमरे लगने से ग्रामीण स्वच्छता अभियान एवं ग्रामीण स्वच्छता की प्रभावी निगरानी हो सकेगी और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं उन्हें सशक्त बनाने में कैमरों एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग प्रभावी होगा। गांव में कोई भी घटना हुई तो यह कैमरे पुलिस की मदद करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी हरेश कुमार सोलंकी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी पवन तिवारी,ई- डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विपिन पाल सहित ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# 7 दिन में छुट्टा गोवंशों को गौशाला पहुंचाएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- जिलाधिकारी ने जूम मीटिंग में ईओ और बीडीओ को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** सभी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और खंड विकास अधिकारी 7 दिन के अंदर सभी छुट्टा गोवंशों को गौशाला में पहुंचाएं। सभी अधिकारी वादों के निस्तारण में निरंतरता बनाए रखते हुए निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी वाद अधिक समय तक लंबित न रहे और वादी को शीघ्र न्याय मिल सके।

यह निर्देश जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष से अधिकारियों के साथ जूम मीटिंग में दिए। उन्होंने समीक्षा के दौरान सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पौधरोपण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सारी व्यवस्थाओं के साथ पौध उठाने का कार्य सुनिश्चित करें, ताकि पौधरोपण का कार्य समय से लक्ष्य के अनुरूप सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि निर्धारित समयानुरूप निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी वैकल्पिक व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं। उन्होंने नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लोगों को छुट्टा गोवंश मिलने वाले स्थलों से अवगत करा दिया गया है। 7 दिनों में अभियान चलाकर सभी छुट्टा गोवंशों को पकड़वाकर गोआश्रय स्थलों में संरक्षित कराया जाए।

**एक्सईएन को दी चेतावनी :** डीएम ने डिफॉल्ट होने वाले संदर्भों के संबंध में जल निगम (ग्रामीण) के अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया कि डिफाल्ट होने वाले संदर्भों का आज ही प्रत्येक दशा में गुणवत्ता के साथ संतुष्टपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# रेप और हत्या में अभियुक्त पर 25 हजार ईनाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने दुष्कर्म के बाद बालिका की हत्या करने के आरोपी पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है।

पुलिस ने बताया कि थाना मेरापुर के ग्राम पखना निवासी 55 वर्षीय मनु पुत्र लटूरी कोतवाली मोहम्मदाबाद के एक मुकदमे का वांछित है। आरोपी पर बालिका का अपहरण व दुष्कर्म करने का आरोप है। मनु को गिरफ्तार करवाने में जो पुलिस की मदद करेगा उसको 25 हजार का इनाम दिया जाएगा। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र की 8 वर्षीय बालिका कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में अपनी बुआ के घर गई थी। बालिका बुआ की पौत्री के साथ सुबह करीब 10.30 बजे आम बीनने बाग गई हुई थी। उसी समय साइकिल से कबाड़ बीनने वाला अधेड़ मनु बड़े आम दिलवाने के बहाने बालिका को अपने साथ ले गया।

सीसीटीवी कैमरे में अधेड़ बालिका के आगे साइकिल से जाते हुए कैद हुई है। बाद में बालिका का शव पड़ोसी जिला मैनपुरी कोतवाली भोगांव के ग्राम देवीपुर के एक खेत में मिला था। बताते हैं कि मनु को वर्ष 2017 में ग्राम खिमसेपुर की एक बालिका का अपहरण करने के मामले में पुलिस ने जेल भेजा था वह 6 माह पूर्व ही जेल से छूटा है। काफी प्रयास करने के बाद पुलिस मनु को गिरफ्तार नहीं कर सकी। उसके बारे में पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने मनु की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया है।

# कॉऑपरेटिव बैंक के दोबारा अध्यक्ष बने कुलदीप गंगवार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** दी डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड फर्रुखाबाद-कन्नौज के अध्यक्ष पद के चुनाव में कुलदीप गंगवार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। सोमवार को फतेहगढ़ स्थित जिला कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के मुख्यालय पर हुए नामांकन और मतदान की प्रक्रिया के बाद दोपहर में उन्हें रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा औपचारिक रूप से निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। वहीं राजेश त्रिपाठी को उपाध्यक्ष चुना गया।

बैंक परिसर में सुबह से ही कुलदीप गंगवार के समर्थकों की भीड़ रही और निर्विरोध चयन पर बधाई दी और उनके कार्यकाल की सराहना की। निर्विरोध निर्वाचित कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष कुलदीप गंगवार ने कहा कि यह सिर्फ पद नहीं, बल्कि जनता की सेवा का संकल्प है।



समर्थकों के साथ कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष।

इसलिए कोऑपरेटिव बैंक को और पारदर्शी बनाऊंगा। साथ ही किसानों और सामान्य खाताधारकों को लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान विधान परिषद सदस्य एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, भूदेव सिंह राजपूत मौजूद रहे।

# पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल कायमगंज की पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद के नेतृत्व में कायमगंज विधानसभा के एक गांव गया। यहां बुआ के घर आई 8 वर्षीय नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पीड़ितों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद ने इस संबंध में प्रशासन के आला अधिकारियों से भी बातचीत की और कहा कि ऐसी विषम परिस्थिति में पूरी कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है। इस मौके पर पर मनीष द्विवेदी, फ्रंटल जिला समन्वयक शकुंतला देवी, जिला अध्यक्ष अर्चना राठौर, प्रदेश सचिव उजैर भाई, अंकुर मिश्रा शहर अध्यक्ष, हिलाल शफीकी प्रदेश सचिव सोशल मीडिया विभाग, अम्मार अली आदि मौजूद रहे।

# नीरज राजपूत बने क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष

**अजीतमल (औरैया)।** कस्बा में महेश कुमार शर्मा के आवास पर जिला क्रीड़ा भारती की बैठक हुई। बैठक में कानपुर प्रांत के सह प्रांत मंत्री अरुण दुबे ने सर्वसम्मति से जिला क्रीड़ा भारती के जिला पदाधिकारियों के दायित्वों की घोषणा की, जिसमें नीरज कुमार राजपूत जिलाध्यक्ष, मनोज कुमार सिंह भदौरिया, महेश कुमार शर्मा उपाध्यक्ष, मनीष मिश्रा मंत्री, रीता चंदेरिया, राहुल गुप्ता, मृदुल चतुर्वेदी सह मंत्री, अंकित राजपूत, विशाल कुमार, शिवम् चौहान सदस्य बनाए गए। प्रांत सह मंत्री अरुण दुबे ने बताया कि जिले में क्रीड़ा के क्षेत्र में यह समिति कार्य करेगी। बैठक में मनमोहन सिंह सेंगर, डॉ. अरविंद शुक्ला, अविनाश कुमार, साध्येश सिंह सेंगर, डॉ. उपेंद्र नाथ आदि मौजूद रहे।



नीरज राजपूत।

# संकल्प से जीव में बढ़ती अपार शक्ति

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शहर के आर्यनगर काली माता मंदिर रोड पर स्थित गोपाल वाटिका में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह में आचार्य मनोज अवस्थी जी महाराज ने छठवें दिन कथा का रसपान कराते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है।

कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना द्वारका की स्थापना एवं रुकमणी विवाह के प्रसंग कर संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा के दौरान भगवताचार्य ने श्रोताओं से कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन





कथा सुनाते आचार्य।

- श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण-रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठवें दिन कथा स्थल पर रुकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्री कृष्ण रुकमणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण स्वमणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है कथा श्रवण के दौरान स्थानीय महिलाओं पर पांडवों के भाव अवतरित हुए,कहा कि जीव परमात्मा का अंश है, इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है यह मात्र संकल्प की होती है संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महारास लीला, उद्धव चरित्र, मथुरा गमन और रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुकमणी के भाई स्कमि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। इस दौरान श्री गहोई वैश्य सेवा समिति के अध्यक्ष विष्णु गहोई, विचित्र पहल के आनंद नाथ पोरवाल द्वारा भगवताचार्य को सम्मानित किया।

# शिक्षकों के सहयोगी बनें एकेडमिक रिसोर्स पर्सन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- नवचयनित एआरपी की उन्मुखीकरण कार्यशाला में बीएसए ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** नवचयनित एकेडमिक रिसोर्स पर्सन का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अजीतमल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन उपशिक्षा निर्देशक / डाइट प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में एआरपी को उनके कार्यों, जिम्मेदारियों और शैक्षिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य एआरपी को विद्यालयों और शैक्षिक नेतृत्व के बीच सेतु के रूप में तैयार करना था।

डाइट प्राचार्य जीएस राजपूत ने कहा कि एआरपी स्वयं को मैदान में एक कोच की भूमिका में समझें। कोच की तरह शिक्षकों को अकादमिक सहयोग प्रदान करें तो निश्चित ही परिणाम बेहतर आएंगे। निपुण 'भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी छात्रों को निपुण बनाना प्राथमिकता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि एकेडमिक रिसोर्स पर्सन हमारे शिक्षा तंत्र की रीढ़ हैं।

उन्होंने कहा कि एआरपी को चाहिए कि वे स्कूलों में जाकर शिक्षकों को प्रेरित करें, सहयोग दें और शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया को बेहतर बनाएं। एसआरजी टीम द्वारा विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यशाला का संचालन किया गया। एसआरजी सुनील दत्त राजपूत, एसआरजी अलका यादव, एसआरजी सुभाष रंजन दुबे, डीसी प्रशिक्षण सौरभ गुप्ता द्वारा भी विचार व्यक्त किए गए।

## सार-संक्षेप



मंत्री आशीष पटेल का स्वागत करते लोग।

### मंत्री को ज्ञापन सौंपकर पॉलिटेक्निक में ब्रांच बढ़ाने की मांग

**फर्रुखाबाद।** सरदार पटेल युवा मंच ने प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री आशीष पटेल का जनपद आगमन पर भव्य स्वागत किया। मंत्री हॉस्पिटल के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने आए थे। इसके बाद मंत्री का विधायक के निवास पर स्वागत हुआ। जनपद के फतेहगढ़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में कंप्यूटर साइंस, इंजीनियरिंग एवं अन्य आवश्यक ब्रांच चलाए जाने के संबंध में ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान अमित सरोज कटियार, पीयूष गंगवार ,पंकज कन्नौजिया ,गौरव कटियार (शालू),मयंक कटियार, डॉ. अभिषेक कटियार, प्रवेश कटियार, ऋत्विक, नारायण, सनी कटियार , कुंदन , उत्कर्ष, हर्ष सपनेश पटेल मौजूद रहे।



सीपी विद्या निकेतन की ग्रुप निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए।

### निदेशक को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया सम्मानित

**कायमगंज।** सीपी विद्या निकेतन ग्रुप की निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल को 27 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया। इस पर संस्थान में उन्हें प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने निदेशक का पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करसम्मान किया। इस दौरान आर के वाजपेई, योगेश तिवारी, डॉ. मनोज तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, दीपक जैन मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटनाओं में 4 घायल, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर चार लोग सड़क दुर्घटनाओं में घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर है। थाना शमसाबाद क्षेत्र के तीन लोग घायल हुए। जिसमें गांव नीबलपुर निवासी राम प्रकाश सिंह (50) थाना क्षेत्र के गांव पपड़ी निवासी अमर बाबू (18) क्षेत्र के गांव जिरखापुर निवासी नितिन कुमार (18) व कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी संजू का 6 वर्षीय पुत्र कार्तिक घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगो व एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत में अमर बाबू व कार्तिक को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### हिन्दू महासभा के हरिओम बने कार्यकारी जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद।** हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, जिला प्रभारी अजय दुवे के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज के दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने हिन्दू महासभा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर हरिओम वाल्मीकि को जिला कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर नीरज वाल्मीकि, रामलखन वाल्मीकि, प्रमोद वाल्मीकि, नंदकिशोर वाल्मीकि, कुलदीप राजन, अनुराग, राजीव, सुनील बदल, राजकुमार राजू, संतोष मोनू, विपिन, अज्जू, नंदू, प्रतीक आदि उपस्थित रहे। तथा एसआरजी अलका यादव द्वारा नई शिक्षा नीति, एफएलएन और निपुण भारत मिशन के बारे में नवचयनित एआरपी का उन्मुखीकरण किया गया।

### छत से गिरकर किशोर गंभीर रूप से घायल

**कायमगंज।** कंम्पिल थाना क्षेत्र में एक किशोर छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर खास निवासी कौशल किशोर का 10 वर्षीय पुत्र अंश कुमार अपने घर की छत पर था। किसी तरह वह अचानक छत से नीचे गिर गया। और गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी धमाके की आवाज सुनकर परिजन उधर दौड़कर मौके पर पहुंचे। और गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### आरोग्य मंदिर में ताला लगाकर चली गईं सीएचओ

**अयाना।** बीहड़ पट्टी में बने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में तैनात सीएचओ की मनमर्जी से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शासन की ओर से डिजिटल हाजिरी लगाने की पॉलिसी के चलते सीएचओ तय समय पर आरोग्य मंदिर पहुंचकर डिजिटल अटेंडेंस लगाते हैं। इसके कुछ देर बाद आरोग्य मंदिर में ताला लटकाकर वापस हो जाते हैं। इससे लोगों को उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है। बीहड़ पट्टी के सेंगनपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दोपहर 12 बजे ताला लटकता मिला। यहां जिम्मेदारों की ओर से जन आरोग्य मंदिर के भवन पर पेंट कर दिया गया है। जिससे सिर्फ आरोग्य ही स्पष्ट दिख रहा है। जबकि आयुष्मान और मंदिर सहित सीएचओ के नाम छिप गए हैं। ग्रामीण कोके दुबे, राहुल त्रिपाठी आदि ने बताया कि सीएचओ नीलम आए दिन समय से पहले आरोग्य मंदिर में ताला लगाकर चलीं जातीं हैं। अयाना सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि सीएचओ नीलम का एक दिन का वेतन काट कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। अनुकूल जबाव न मिलने पर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेसित की जाएगी।





आरोग्य मंदिर में लटकता ताला।

### आरपीएफ प्रभारी ने किया अछल्दा स्टेशन का निरीक्षण

**अछल्दा।** फफूंद आरपीएफ के नवयुक्त थाना प्रभारी नन्द किशोर यादव ने सोमवार को अछल्दा रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि ट्रेन आने के समय विशेष निगरानी रखे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसएस कार्यालय, आरक्षण कक्ष एवं प्लेटफॉर्म का जायजा लिया। इस दौरान स्टेशन परिसर में बैठे यात्रियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानी। प्रभारी ने स्टेशन मास्टर आस्तिक कुमार से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। प्रभारी ने एसएस कार्यालय, आरक्षण हाल सहित स्टेशन की विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा तथा स्टेशन मास्टर से सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा की।

### क्रॉसिंग पर जाम, आउटर पर 5 मिनट खड़ी रही शताब्दी

**अछल्दा (औरैया)।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग 13-एस देर से खुली क्रॉसिंग लंबा जाम के कारण बन्द नही हो सकी। जिससे कानपुर की तरफ से आ रही शताब्दी एक्सप्रेस को आउटर पर रोक दिया गया। गेटमैन राजीव कुमार ने आनन-फानन में फाटक को बन्द किया। उसके बाद ट्रेन को इटावा की और रवाना किया गया। सोमवार शाम कस्बे की 13-एस रेलवे क्रॉसिंग को शाम 5:15 बजे बंद किया गया, जो तकरीबन 30 मिनट बाद 5:45 बजे खोली गई। इसके बाद ट्रेन के बाद क्रॉसिंग बन्द नही हो सकी। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राहगीरों व दुपहिया चालकों को गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जैसे ही फाटक खुला, धीरे-धीरे जाम सामान्य हो सका। शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन 5 मिनट तक आउटर पर खड़ी रही है। फाटक बंद होते ही ट्रेन को गन्तव्य की ओर रवाना किया गया।

### महिला को पीटने में युवक पर एफआईआर दर्ज

**अयाना (औरैया)।** थाना के गांव रोशंगपुर निवासी राजकुमार की पत्नी रीना देवी ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि रविवार शाम को वह अपने मायके जाने के लिए ऑटो के इंतजार में खड़ी थी। तभी वहां गांव का कल्लू ठाकुर आ गया। आरोपी ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट कर जाति सूचक गालियां दीं। बचाने आईं सास जल देवी के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी को रविवार रात को गांव में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। सोमवार सुबह उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

चकबंदी का मुद्दा

जिलाधिकारी के कलेक्ट्रेट नहीं मिलने पर आज फिर प्रदर्शन करेंगे संगठन के कार्यकर्ता

# भाकियू नेताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय का किया घेराव

कार्यालय संवाददाता,फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने चकबंदी का विरोध किया है। सोमवार को जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में गांव में चकबंदी टीम के पहुंचने पर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। जिला अधिकारी के न होने पर धरना स्थगित कर दिया। मंगलवार को पुनः धरना दिया जाएगा। धरने पर बैठे किसानों ने नारे बाजी कर प्रदर्शन किया।

भाकियू जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि पिछले चार वर्षों से ब्लॉक मोहम्मदाबाद के ग्राम बराकेशव एवं पृथ्वी सिनौड़ा में चकबंदी की प्रक्रिया लंबित थी, प्रशासन से कई दौर की वार्ता के बाद आज अचानक एडीएम न्यायिक के आदेश पर चकबंदी टीम ग्राम पंचायत बराकेशव में पहुंच गई जिससे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। काफी गहमा-गहमी रही जिसके बाद एडीएम न्यायिक से वार्ता हुई। जो विफल रही और तय हुआ कि मंगलवार को जिला अधिकारी से वार्ता होगी। इसके बाद धरना प्रदर्शन आंशिक तौर पर स्थगित कर दिया गया।



जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे किसान नेता। अमृत विचार

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, बुंदेलखंड-कानपुर जोनल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मिश्रा, जिला प्रवक्ता गोपी शाक्य, जिला कोषाध्यक्ष विमलेश शाक्य, जिला महासचिव अभय यादव, जिला जिला सलाहकार समिति के अध्यक्ष विजय शाक्य, जिला सचिव पुजारी कटियार, सुग्रीव पाल, जिला संगठन मंत्री मनीष मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, अमृतपुर तहसील अध्यक्ष अनीश सिंह सोनू सोमवंशी, सदर तहसील अध्यक्ष मदन सिंह, बढ़पुर ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम शाक्य, राजेपुर ब्लॉक अध्यक्ष अजीत कुमार उर्फ टिंकू यादव, सुधीर कटियार, अजीत सोमवंशी सहित आधा सैकड़ा किसान मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 22 अभ्यर्थी चयनित

**फर्रुखाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में रोजगार/अप्रेंटिस मेला का आयोजन किया गया। मेला में तीन कंपनी ने प्रतिभाग किया। रिक्तियां 125 के सापेक्ष मेला में 27 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। मेला में कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा 27 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर 25 अभ्यर्थियों का चयन जॉब ट्रेनी हेतु किया। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, कार्यदेशक ब्रजेश कुमार, रंजीत कुमार सुमन अप्रेंटिस प्रभारी, सुनील कुमार प्लेसमेंट प्रभारी, विजेंद्र सिंह एवं समस्त स्टॉप राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का मौजूद रहा।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## एक नजर

### डेंटल कॉलेजों में 700 एमडीएस सीटों पर होंगे दाखिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के दो सरकारी समेत 25 डेंटल कॉलेजों में एमडीएस की 700 सीटें हैं, जिन पर नीट एमडीएस 2025 की जारी काउंसिलिंग के माध्यम से दाखिले होंगे। कॉलेजवार सीट का ब्योरा चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय ने वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दिया है। जिससे कि काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थी मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देंगे। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि प्रदेश में उप्र. यूनीवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, सैफई व किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय समेत 25 डेंटल कॉलेजों में पीजी के दाखिले होने हैं। कॉलेजों में उपलब्ध 700 सीटों का ब्योरा, आरक्षित सीटों के साथ सार्वजनिक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से काउंसिलिंग एमडीएस की होगी, इसमें 4 जुलाई तक पंजीकण् कराना होग, फिर सात तक कॉलेजों की प्राथमिकता देनी होगी, 8 जुलाई को सीटावित सीट आवंटन के साथ ही अगले दिन से संबंधित कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार समेत चार आईएएस सेवानिवृत्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेंद्र कुमार समेत चार आईएएस अधिकारी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। 1990 बैच के आईएएस अधिकारी के पास पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण के साथ ही निदेशक हिंदी संस्थान का भी पद था। इसके अलावा वर्ष 2009 बैच के आईएएस अधिकारी अखिलेश कुमार मिश्रा, वर्ष 2012 बैच के आईएएस अधिकारी बृजराज सिंह यादव और इसी बैच के सुरेन्द्र प्रसाद सिंह सेवानिवृत्त हो गए। पीसीएस अधिकारियों में पप्पू गुप्ता, राम भरत तिवारी, कुंवर बहादुर सिंह, पुरुषोत्तमदास गुप्ता, सतीश कुमार त्रिपाठी, हरिओम शर्मा, राजीव पांडेय, हनुमान प्रसाद और राज नारायण सेवानिवृत्त हुए।

# संघ दिखाएगा भाजपा प्रदेश व राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम को हरी झंडी

- भाजपा और संघ में समीकरण व नामों को लेकर एक राय न बनने से घोषणा में हो रही देरी
- यूपी को छोड़ 8 प्रदेशों में प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव शुरू, हो चुके हैं 14 राज्यों और यूटी के चुनाव
- दिल्ली में 4 से 6 जुलाई तक संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में मिलेगी हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में भाजपा की कमान किसने हाथ होगी, महीनों से मंथन के बाद भी एक राय नहीं बन पा रही है।

यही हाल राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर है। दिल्ली में 4 जुलाई से होने वाली संघ की बैठक से पहले नाम तय होना है। इन पदों पर जातीय समीकरण और नामों को लेकर संघ से सुप्रीम सहमति का इंतजार है। इस बीच आठ राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया तेज हो गई है।

भाजपा में संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ चुकी है। देश में 37 राज्य-केंद्र शासित प्रदेश हैं, जिनमें से कम से कम 19 राज्यों में संगठन के चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव होगा। भाजपा ने 14 राज्य में संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली है। सोमवार से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम, पुडुचेरी, लद्दाख और पश्चिम बंगाल में प्रदेश अध्यक्ष के लिए नामांकन शुरू हो गए हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि तीसरे दौर में उत्तर प्रदेश, गुजरात, ओडिशा और कर्नाटक जैसे राज्यों में चुनाव होंगे। उसके बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बुधवार से पांच देशों की आठ दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना हो रहे है।

4 जुलाई से संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारकों की बैठक दिल्ली में होगी। पार्टी चाहती है कि इस संबंध में भी प्रांत प्रचारकों की बैठक और पीएम मोदी के दौरे से पहले प्रदेश अध्यक्ष के नाम सहमति बना ली जाए। ऐसे नहीं हुआ तो पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव बिहार विधानसभा चुनाव तक टल जाएगा, क्योंकि अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि संघ का सबसे ज्यादा फोकस यूपी को लेकर है, यहां ऐसे किसी प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर संघ सहमति देने को तैयार नहीं, जिसकी राय मुख्यमंत्री योगी से अलग रहने का संदेह हो।

### उप्र में अध्यक्ष पद पर फंसा सियासी पेंच

भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों में सबसे ज्यादा मुश्किल यूपी में हो रही है। भूपेंद्र सिंह चौधरी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और उनकी जगह नए चेहरे की तलाश चल रही है। कहा जा रहा है कि प्रदेश में नए अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। राज्य में 2027 का विधानसभा चुनाव को देखते हुए संवेदनशीलता ज्यादा है। प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी या दलित चेहरे को मौका देने पर लगातार मंथन चल रहा है। बीते लोकसभा चुनाव में दलित और ओबीसी दोनों ही वर्ग के वोट बैंक छिटके थे, ऐसे में पार्टी तय नहीं कर पा रही है कि मौजूदा परिस्थितियों में किस वर्ग पर दांव खेल जाए। कई नामों पर सियासी मंथन के बाद अभी तक मामला फाइनल नहीं हो सका है।



### पर्यटन भवन के उच्चीकरण के लिए 6.92 करोड़ स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन का उच्चीकरण किया जा रहा है। इस परियोजना के लिए 06.92 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। भवन में आधुनिक सुविधाएं बढ़ने से विभागीय कार्यों को अधिक सुगमता से संपन्न किया जा सके। पुराने ढांचे को मजबूत और टिकाऊ बनाया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उच्चीकरण के तहत भवन की संरचना में सुधार, आंतरिक साज-सज्जा, डिजिटल डिस्प्ले सहित अन्य कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# योगी सरकार का संकल्प, शिक्षा से वंचित न रहे कोई भी बच्चा

## स्कूल चलो अभियान का 15 दिवसीय दूसरा चरण आज से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में शिक्षा को सामाजिक समावेशन और समान अवसर का मजबूत आधार बनाया जा रहा है। शैक्षिक सत्र 2025-26 की शुरुआत के साथ ही 1 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक ''स्कूल चलो अभियान'' का द्वितीय चरण पूरे प्रदेश में जोरशोर से संचालित किया जाएगा। राज्य सरकार ने सभी जिलों को अभियान के लिए 2 लाख की धनराशि पहले ही जारी कर दी है।

परिषदीय स्कूल मंगलवार से खुलने के साथ यह केवल एक नामांकन अभियान नहीं होगा, बल्कि उन बच्चों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने की कोशिश है जो अब तक स्कूल से दूर रहे हैं। वैसे तो स्कूल 16 जून से ही खुल गए हैं, लेकिन ग्रीष्मावकाश के बाद 1 जुलाई से बच्चे स्कूल में पढ़ने आएंगे। ''स्कूल चलो अभियान'' के तहत शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र और एसएमसी सदस्य घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे। ड्रॉपआउट या आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित किया जाएगा।

### विशेष समुदायों पर खास फोकस

ईंट–भट्ठों पर कार्यरत, झुग्गी–झोपड़ी, रेलवे स्टेशन, घुमंतू और जनजातीय परिवारों के बच्चों को चिन्हित कर उनका शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने हेतु विद्यालयों में विशेष बैठकें आयोजित की जाएंगी।

### शिक्षा के आंकड़ों की निगरानी और पोर्टल पर अपडेट

नामांकन से संबंधित डेटा को विद्यालय पंजिका, यू–डायस और प्रेरणा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा। प्रेरणा पोर्टल के एसएमसी मॉड्यूल में डीसीएफ तैयार किया गया है, जिसकी प्रविष्टि 30 जुलाई, 2025 तक कराना सुनिश्चित किया गया है।

# ऊर्जा निगमों में आपातकाल लगा निजीकरण की कोशिश

## संघर्ष समिति ने पूछा, किस बिडिंग डॉक्यूमेंट के आधार पर किया जा रहा निजीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि ऊर्जा निगमों में आपातकाल लगाकर निजीकरण का टेंडर जारी करने की कोशिश की जा रही है। समिति ने सवाल किया कि आखिर किस 'बिडिंग डॉक्यूमेंट' के आधार पर निजीकरण किया जा रहा है। समिति ने इसे सार्वजनिक करने की मांग की। इस बीच, टेंडर जारी होते ही जेल भरो आंदोलन शुरू करने की तैयारी को लेकर सोमवार को झांसी व पारीछा में आम सभा हुई।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली अभियंता, अवर अभियंता व अन्य बिजली कर्मी पूरी तरह सतर्क हैं। प्रबंधन की ऐसी किसी भी साजिश का करारा जवाब दिया जाएगा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार टेंडर जारी होते ही बिजली कर्मी किसानों व गरीब-मध्यम वर्गीय घरेलू उपभोक्ताओं के साथ मिलकर सामूहिक जेल भरो आंदोलन शुरू कर देंगे। इससे उत्पन्न किसी भी स्थिति की सारी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।संघर्ष समिति ने कहा कि सितम्बर 2020 में केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के लिए एक स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का ड्राफ्ट जारी कर इस पर सभी स्टेक होल्डर्स के 'कमेंट' मांगे थे। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने इस ड्राफ्ट पर आपत्ति दर्ज की थी। केंद्र सरकार ने सितंबर 2020 के स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट को आज तक फाइनल नहीं किया है।



झांसी में निजीकरण के विरोध में सभा करते बिजली कर्मी।

### नियामक आयोग की सलाह बगैर निजीकरण का टेंडर निकालने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग की सलाह के बगैर ऊर्जा निगमों के निजीकरण का टेंडर निकालने की तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यह आरोप लगाते हुए सोमवार को नियामक आयोग में याचिका दाखिल की। नियामक आयोग ने सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट पर अभी अंतरिम रिपोर्ट दी है। इसमें तमाम वित्तीय खामियां सामने आई हैं। कॉरपोरेशन की ओर से अंतरिम रिपोर्ट का जवाब मिलने के बाद नियामक आयोग वृहद रिपोर्ट जारी करेगा। याचिका में परिषद ने आरोप लगाया कि 28 जून को टेंडर पोर्टल में बदलाव के लिए नेशनल इनफॉर्मेटिव सेंटर (एनआईसी) के साथ गोपनीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई, जिसमें आयोग की बगैर सलाह के टेंडर निकालने पर जोर दिया गया।




### राजा भैया फिर बने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को फिर से जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने पंचायत चुनाव लगने की घोषणा की। एक माह में राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी के गठन समेत जिला से बूथ स्तर तक संगठन को खड़ा करने का भी आह्वान किया। पार्टी की वार्षिक बैठक सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुई। इसमें रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को सर्वसम्मति से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। राजा भैया 1993 से लेकर लगातार अब तक प्रतापगढ़ के कुंडा से निर्दलीय विधायक निर्वाचित हो रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने एक माह में राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की है। उन्होंने इसके साथ ही पंचायत चुनाव भी लड़ने की घोषणा भी की है।

# देवीपाटन मंदिर में लगेगा फलोटिंग म्यूजिकल फाउंटेन

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** बलरामपुर स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए और आकर्षित बनाया जाएगा। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को अब परिसर में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और तकनीकी का अद्भुत समन्वय देखने को मिलेगा।

परियोजना के अंतर्गत फ्लोटिंग म्यूजिकल फाउंटेन के साथ-साथ अत्याधुनिक मल्टीमीडिया लेजर शो, बीम प्रोजेक्टर और वॉटर स्क्रीन पर वीडियो प्रोजेक्शन की स्थापना की जाएगी। इस योजना के लिए सात करोड़ 83 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि यह परियोजना न केवल मंदिर की सुंदरता को बढ़ाएगी, बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित भी करेगी। इस पहल से देवीपाटन में अत्याधुनिक इंस्टॉलेशन के माध्यम से दर्शकों को एक ऐसा अनुभव प्रदान किया जाएगा, जिसमें प्राचीन कथाओं और तकनीक की नवीनता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस परियोजना के अंतर्गत स्क्रिप्ट के अनुसार ऑडियो-विजुअल कंटेंट बनाया जाएगा, जिसमें लाइव एक्शन फुटेज, एनीमेशन, चित्रण, कथावाचन और संगीत सम्मिलित होंगी।


## वर्ग पहेली-18

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो नियम के अनुकूल न हो 2. जो कार्य व्यवस्थानुसार न चले 3. विधि व्यवस्था का अनुसरण न होना।
3. घुटनों तक लंबा, घुटनों तक लटकता हुआ।
5. (व्याकरण) संबंध को जोड़ने वाला।
6. 1. गोल छोटी थाली, तश्तरी 2. घोड़े की बगल में लटकने वाली तलवार।
8. 1. छोटी रस्सी जिससे चौपायों के दो पैरों को एक दूसरे से सटाकर बांध देते हैं ताकि वे दूर तक भाग न सकें

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अनुबोध करने वाला, अनुबोध कराने वाला 2. आलोक–पत्र।
2. 1. दिशा, ओर 2. बगल, किनारा 3. पक्ष।
4. बादशाह, सम्राट।
5. 1. वहन करना, ले जाना 2. हवा
7. 1. लकड़ी या काठ से निर्मित 2. जिसका छिलका मोटा और कड़ा हो 3. जिसका गूदा कड़ा हो।



### वर्ग पहेली -17 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 छि | न | वा | ना | | | 2 प |
| | | | | 3 फ | फो | ला |
| | | 4 ढौं | | ड़ | | |
| 5 प | 6 रि | चा | रि | क | | 7 आ |
| | टा | | | ना | | द |
| | य | | | | | ह |
| 8 वि | र | ह | नि | वे | द | न |

### सुडोकू -25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | 6 | 4 | | 9 | |
| | 8 | | 5 | | | 6 | | 2 |
| 6 | | 5 | 2 | 8 | | | | |
| | | 9 | | | 2 | | 8 | 3 |
| | 5 | | 3 | 4 | | 9 | | |
| 3 | | 1 | | 9 | | | 5 | 4 |
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 3 | | 8 |
| | 3 | | 8 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 24 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शतेषु जायते शूरः सहस्रेषु च पण्डितः।
वक्ता दशसहस्रेषु दाता भवति वा न वा।।

सौ लोगों में से एक शूरवीर होता है। हजार लोगों में एक विद्वान होता है। दस हजार लोगों में एक अच्छा वक्ता होता है। वही लाखों में बस एक ही दानी होता है।

## संपादकीय

# कालेज परिसर में दरिंदगी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को उसके ही कॉलेज परिसर में घसीटा जाता है, गैंगरेप किया जाता है, वीडियो रिकॉर्ड होता है और उसे धमकी दी जाती है कि अगर किसी से कुछ कहा तो यह वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। सवाल यह है कि कॉलेज का वह परिसर जो पढ़ाई और कानून की समझ के लिए बनाया गया था, वह एक साजिशी अपराध की जगह कैसे बन गया? सीसीटीवी कैमरे चालू थे, सुरक्षा गार्ड मौजूद थे, मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई है, फिर भी पुलिस ढंग से तभी हरकत में आई जब वीडियो सोशल मीडिया पर तैरने लगा। मुख्य आरोपी अब गिरफ्तार किए जा चुके हैं। क्या मौके से मिले सबूत काफी नहीं थे पुलिस को फ़ौरन कार्रवाई के लिए? या फिर राज्य सरकार को पहले यह तय करना था कि आरोपियों का राजनीतिक संबंध कितना भारी पड़ेगा? क्या इसलिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी इस बार भी उतनी ही स्पष्ट है जितनी आरजी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर के केस में थी? यह पहली बार नहीं है कि कोलकाता के किसी कॉलेज में एक छात्रा के साथ बलात्कार हुआ हो। ठीक दस महीने पहले आरजी कर मेडिकल कॉलेज की इंटर्न डॉक्टर के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ, उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। उस केस में भी तमाम सबूतों के बावजूद कार्रवाई धीमी रही और अब तक न्याय अधूरा है।

सवाल यह है कि क्या कोलकाता के कॉलेज लड़कियों के लिए कैंपस नहीं, क्राइम सीन बनते जा रहे हैं? क्या महिला सुरक्षा अब भी केवल घोषणाओं और चुनावी वादों तक सीमित रहेगी? राज्य सरकार कह रही है कि आरोपी का पार्टी से कोई रिश्ता नहीं, लेकिन ये स्पष्टीकरण तब क्यों आता है जब आरोप गहराने लगते हैं? बीजेपी मुख्यमंत्री से इस्तीफ़ा मांग रही है, महिला आयोग की टीम को कॉलेज कैंपस में देर से प्रवेश दिया गया क्या यह सब एक लड़की की अस्मिता से बड़ा है? क्या हम फिर वही कहानी दोहराते रहेंगे-पहले रेप, फिर चुप्पी, फिर राजनीति, फिर मीडिया ट्रायल, और फिर धीरे-धीरे भूल जाना? क्या छात्रा की आपबीती, जिसमें वह कहती है कि "मुझे लगा मैं जिंदा नहीं बचूंगी," केवल एक सुर्खी बनकर रह जाएगी? समाज, पुलिस, कॉलेज प्रशासन और राजनेता सभी को यह तय करना होगा कि वे पीड़िता के साथ खड़े हैं या आरोपियों की चुप्पी के हिस्सेदार हैं। क्योंकि सवाल अब यह नहीं कि अगला शिकार कौन होगी, सवाल यह है कि अगली बार भी सब उतने ही चुप रहेंगे क्या?

# क्या मशीनें भर सकती हैं धरती का घाव





नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

> जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है।

जब धरती की छाती पर मशीनों की सनसनाहट प्रकृति के हृदय की धड़कनों को दबा दे, जब वनों की हरियाली पर कृत्रिम सोल्यूशनों का धुंआ छा जाए, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो उठता है-क्या तकनीक वास्तव में उस करुण क्रंदन का प्रत्युत्तर है जो जलवायु न्याय की मांग करता है? आज मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर खड़ी है जहां एक ओर विज्ञान अपने चमत्कारों से भविष्य गढ़ने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर पृथ्वी, जो मां के समान हमें जीवन देती रही, उसके आंचल पर हमने प्रदूषण, शोषण और उपेक्षा के धब्बे छोड़ दिए हैं। 'क्लाइमेट जस्टिस बनाम क्लाइमेट टेक्नोलॉजी' की यह बहस कोई साधारण विमर्श नहीं, बल्कि सभ्यता के विवेक और वर्चस्व की उस लड़ाई का प्रतीक है जिसमें ग्लोबल नॉर्थ अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से बचकर तकनीकी उपायों की आड़ में नए उपनिवेश रच रहा है, जबकि ग्लोबल साउथ अब भी उन आंधियों को झेल रहा है जो उसने कभी बोई ही नहीं थीं।

जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है। यह दृष्टिकोण मानता है कि जलवायु संकट का बोझ समान रूप से वितरित नहीं हुआ है, न तो उत्पत्ति के स्तर पर और न ही प्रभाव के स्तर पर। ऐतिहासिक रूप से, ग्लोबल नॉर्थ यानी यूरोप, अमेरिका, जापान जैसे विकसित देश औद्योगिक क्रांति से लेकर अब तक वायुमंडल में सर्वाधिक ग्रीनहाउस गैसें छोड़ते आए हैं। इसके विपरीत, ग्लोबल साउथ जैसे भारत, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया के अन्य विकासशील देश, ऐसे हैं जिन्होंने अपेक्षाकृत कम उत्सर्जन किया है, परन्तु जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को सबसे अधिक झेला है। यही विसंगति जलवायु न्याय की मूल भावना है।

इस असंतुलन को ठीक करने के लिए 'क्लाइमेट जस्टिस' की परिकल्पना न्याय, उत्तरदायित्व और पुनर्वितरण पर आधारित है। इसका तात्पर्य यह है कि जिन राष्ट्रों ने इतिहास में अधिक प्रदूषण किया है, उन्हें आज जिम्मेदारी लेनी चाहिए, न केवल अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने की, बल्कि उन विकासशील देशों की सहायता करने की भी जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे हैं। इसमें तकनीकी सहायता, वित्तीय सहायता और जलवायु अनुकूलन के उपाय शामिल हैं। लेकिन समस्या यहीं समाप्त नहीं होती।

जब ग्लोबल नॉर्थ तकनीकी समाधानों की बात करता है, जैसे कि कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी या सोलर जियोइंजीनियरिंग तो यह एक नई बहस को जन्म देता है। क्या यह वास्तव में समस्या का समाधान है या केवल एक और तकनीकी भ्रम है जो मूल कारणों से ध्यान भटका देता है? क्या यह जलवायु संकट की वास्तविक नैतिक और ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने का एक नया उपनिवेशवादी तरीका नहीं है?

कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी, जिसमें उद्योगों या वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को खींच कर ज़मीन के भीतर दफना दिया जाता है, सुनने में आकर्षक लग सकती है। परन्तु यह तकनीक अभी तक व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो सकी है और इसके दीर्घकालिक प्रभावों पर भी संशय बना हुआ है। अधिकांश सीसीएस प्रोजेक्ट्स या तो असफल रहे हैं, या फिर इतने महंगे हैं कि इन्हें बड़े पैमाने पर लागू करना व्यावहारिक नहीं दिखता। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इस तकनीक के पीछे छिपा हुआ भाव यह है कि हम अभी भी जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करते रह सकते हैं, क्योंकि हमारे पास "वैकल्पिक उपाय" हैं। यह न केवल एक भ्रम है, बल्कि नैतिक रूप से भी गलत है, क्योंकि यह जलवायु न्याय की भावना को नकारता है।

सोलर जियोइंजीनियरिंग का विचार तो और भी अधिक विवादास्पद है। इस तकनीक में पृथ्वी की सतह पर आने वाली सौर ऊर्जा को नियंत्रित करने के लिए कृत्रिम उपाय किए जाते हैं, जैसे कि स्ट्रैटोस्फीयर में सल्फर डाइऑक्साइड के कण छोड़ना ताकि सूरज की रोशनी को परावर्तित किया जा सके। यद्यपि वैज्ञानिकों ने इसकी कुछ प्रयोगशालाओं में सफलता का दावा किया है, परन्तु इसके दीर्घकालिक और वैश्विक प्रभावों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं है। अगर यह प्रयोग असफल हो जाए, तो इसका परिणाम वैश्विक मौसम प्रणाली पर भयानक प्रभाव डाल सकता है जिसमें बाढ़, सूखा, मानसून की विफलता आदि की संभावना है।

अब यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि ऐसी तकनीकें किसके हित में हैं? क्या यह तकनीकें केवल उन राष्ट्रों को सशक्त नहीं करतीं जो पहले से ही अधिक संसाधन, तकनीकी प्रभुत्व और वैश्विक संस्थाओं पर प्रभाव रखते हैं? उदाहरण के लिए, यदि अमेरिका या चीन सोलर जियोइंजीनियरिंग का प्रयोग करते हैं और उसके परिणामस्वरूप भारत या अफ्रीका में सूखा पड़ता है, तो कौन जिम्मेदार होगा? जलवायु परिवर्तन को एक वैश्विक 'कॉमन' मानने की आवश्यकता है, न कि एक प्रयोगशाला जहां कुछ शक्तिशाली देश अपने हितों के लिए मौसम और प्रकृति के साथ खिलवाड़ करें।

वास्तव में, जलवायु तकनीकों की यह प्रवृत्ति एक नई तरह की उपनिवेशवादी मानसिकता को जन्म देती है- 'ग्रीन कॉलोनियलिज़्म'। पहले उपनिवेशवादी देशों ने वैश्विक दक्षिण से संसाधन लूटे, आज वे अपने प्रदूषण की भरपाई के नाम पर उन्हीं देशों में "कार्बन ऑफसेट प्रोजेक्ट्स" चला रहे हैं। विशाल भूभागों को "कार्बन सिंक" बनाने के लिए किसानों और आदिवासियों की भूमि छीनी जा रही है, उन्हें जंगलों की रक्षा करने का ठेका दिया जा रहा है जबकि उन जंगलों के 'मालिक' अब बहुराष्ट्रीय कंपनियां बन चुकी हैं। यह न तो न्याय है, न विज्ञान, यह एक पॉलिश किया हुआ शोषण है, जिसे अब पर्यावरणीय नैतिकता का लबादा पहनाया जा रहा है।

इस सबके बीच, जलवायु न्याय की पुकार और भी मुखर होती जा रही है। ग्लोबल साउथ के देश बार-बार यह मांग करते आए हैं कि 'लॉस एंड डैमेज' फंड- जिसकी स्थापना कॉप27 में की गई थी, वास्तविक रूप में अमल में आए। यह फंड उन देशों को मुआवज़ा देने के लिए है जो जलवायु परिवर्तन से हुए नुकसानों से जूझ रहे हैं, जबकि उन्होंने इस संकट में बहुत कम योगदान दिया है। लेकिन अब तक इसमें बहुत कम प्रगति हुई है। तकनीक की आड़ में नैतिक जिम्मेदारी को बार-बार टाल दिया गया है।

इस संबंध में यह जानना भी आवश्यक है कि तकनीक को पूरी तरह खारिज करना भी उचित नहीं होगा। हां, तकनीकें सहायक हो सकती हैं, अगर उनका प्रयोग जलवायु न्याय के दृष्टिकोण से किया जाए। स्थानीय स्तर पर अनुकूलन तकनीकें, जैसे जल संरक्षण के पारंपरिक उपायों का आधुनिकीकरण, सौर ऊर्जा का स्थानीयकरण, जैविक कृषि में तकनीकी सहायता आदि, वास्तव में न्यायपूर्ण समाधान बन सकते हैं। लेकिन इनका विकास नीचे से ऊपर की प्रक्रिया में होना चाहिए, न कि ऊपर से थोपे गए मॉडल के रूप में।

हम कह सकते हैं कि तकनीक एक औज़ार हो सकती है, पर वह लक्ष्य नहीं हो सकती। जब तक हम जलवायु संकट को केवल तकनीकी चुनौती मानते रहेंगे, हम उसके वास्तविक समाधान से दूर भागते रहेंगे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति की भरपाई करना केवल विज्ञान की सीमा से परे है-यह एक नैतिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण की मांग करता है और जब तक यह पुनर्निर्माण नहीं होता, तब तक जलवायु न्याय केवल एक नारा रहेगा, और तकनीकें केवल अस्थायी मरहम। हमें मरहम नहीं, उपचार चाहिए- न्यायपूर्ण, समावेशी और टिकाऊ। यही मानवता और प्रकृति दोनों के भविष्य की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

## प्रसंगवश

# कलाकार और साहित्यकार



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कला अनैतिकता की दीमक लगने से एक जर्जर सुंदरता भर होती है, कोई बड़ा असर नहीं छोड़ती। यहां अनैतिकता का कोई पवित्रतावादी तात्पर्य नहीं है, क्योंकि आज नैतिकता के प्रधान स्रोत होने चाहिए-बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता। अतः आज अनैतिक का अर्थ है जो बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता का अपने आचरण में विरोधी है। हाल में एक कलाकार-कवि के अभद्र आचरण को किसी विच्छिन्न घटना के रूप में न देखकर हिंदी समाज में नैतिकता के सार्वभौम पतन के संदर्भ में देखा जा सकता है। हर तरफ हिंसा और पितृसत्ता सहित तमाम सत्ताएं बेलगाम हैं। इस कलाकार-कवि को कुछ ज्यादा घेरा गया, यह कहना भी जरूरी है कि यह कोई हंसने या मजा लेने की घटना नहीं है, यह पतन बड़ा कष्टदायक है। यह भी देखा जा सकता है कि इस घटना का संबंध केवल जेंडर मुद्दे से नहीं है, इस कलाकार-कवि के पुराने बेहूदी प्रकृति के आक्रमणों के लंबे सिलसिले से है जिसकी कड़ी नामवर सिंह, अशोक वाजपेयी आदि से शुरू होती है और उसमें शायद ही आगे सुधार हो। लेखकों पर वैचारिक आक्रमणों का हमेशा स्वागत है, पर क्या हिंदी में ऐसा आक्रमण रत्ती भर बचा है। यह व्यक्तिगत आक्रमण और चुनी हुई चुप्पियों का युग है। यही वजह है कि कई बार हिंदी लेखकों को आत्मप्रचार में उतरना पड़ता है जो एक दयनीय दशा है। दरअसल हिंदी साहित्यिक संसार में सराहना की जितनी गहरी भूख है, उतनी यह दुर्लभ है। इससे बहुत सी अनैतिकताओं और कुंठाओं का जन्म होता है, जिसका असर लेखक की सोच और उसकी साहित्यिक गुणवत्ता पर पड़ता है। बहुत दृढ़ व्यक्ति ही कला और नैतिकता दोनों को जीवन भर साध सकता है। यह प्रेमचंद-प्रसाद-निराला-महादेवी-अज्ञेय-मुक्तिबोध का युग नहीं है! आज हिंदी लेखक अपनी-अपनी छोटी-बड़ी गुमटियों में हैं। कुछ तरह तरह के कारण से अपने को बड़ा लेखक समझते हैं। यह अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन इसपर विचार करना चाहिए कि आखिर विश्व मंच पर हिंदी लेखकों की वैसी उल्लेखनीय उपस्थिति क्यों नहीं है जैसी अफ्रीका, लैटिन अमेरिका या एशिया की कई छोटी भाषाओं के लेखकों की भी बड़े पैमाने पर है। महज कलाकार होने और साहित्यकार होने, मनुष्य होने में फर्क है!

# हादसों से सबक लेने की जरूरत



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है।

धार्मिक उत्सवों में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले में और इसी साल जून माह में बैंगलुरु में आईपीएल मैच में मची भगदड़ की स्मृतियां विलोपित भी नहीं हो पाईं थीं कि पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। आम भक्तों के लिए बाहर आने का दूसरा कोई मार्ग नहीं था। इसी समय मंदिर में दो ट्रक लकड़ी और अनुष्ठान सामग्री से भरे इसी संकीर्ण मार्ग से भीतर भेज दिए गए। ट्रकों के कारण भीड़ में अफरा-तफरी मच गई और हादसा घट गया। साफ है, प्रशासनिक प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते श्रद्धालु हादसे के शिकार हो गए। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी, जिससे रथयात्रा में भगदड़ से बचा जाए।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते? अतएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते हैं।

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है। फलतः जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ गया कि सारे रास्ते पैदल भीड़ से जाम हो गए। इसी बीच लापरवाही यह रही कि बाहर जाने के रास्ते को नेता और नौकरशाहों के लिए आरक्षित कर दिया गया और दो ट्रक आम रास्ते से मंदिर की ओर भेज दिए। इस चूक ने घटना को अंजाम दे दिया। जो भी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब व्यर्थ साबित हुए। क्योंकि उन पर जो घटना के भयावह दृश्य दिखाई देने लगे थे, उनसे निपटने का तात्कालिक कोई उपाय ही संभव नहीं रह गया था। ऐसी लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल रथयात्रा में जो भीड़ उमड़ी थी, उसके अवागमन के प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत थी, उसके प्रति घटना से पूर्व सर्तकता बरतने की जरूरत थी? इसके प्रति प्रबंधन अदूरदर्शी रहा।

मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से लेते हैं। जो भारतीय मेलों के परिप्रेक्ष्य में कतई प्रासंगिक नहीं है। क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त्त के समय लाखों-करोड़ों की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती? प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। जो इस रथयात्रा में देखने में आई है। आम श्रद्धालुओं के बाहर जाने का रास्ता इन्हीं लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया गया था। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ गई और दुर्घटना घट गई। नतीजतन पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं। साथ ही पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

## सोशल फोरम

# संगठनों की चुप्पी पर सवाल



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

जब 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) लागू हुआ, तब उसके क्रियान्वयन की आधारभूमि तैयार करने में अनेक गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओएस) की भूमिका उल्लेखनीय थी। बाल अधिकार, समावेशी शिक्षा, शत-प्रतिशत नामांकन, समुदाय आधारित निगरानी-इन सब पहलुओं को लेकर इन संगठनों ने सरकार पर दबाव बनाया, शोध प्रस्तुत किए और नीतिगत बदलावों की मांग की। लेकिन आज जब उसी आरटीई की मूल भावना के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के कुछ गांवों में पेयरिंग, मर्जर और स्कूल विलय के नाम पर स्कूलों को 'पुनर्गठित' करने की प्रक्रिया ज़ोर पकड़ रही है तो इन संगठनों की चुप्पी गंभीर सवाल खड़े करती है। शिक्षाशास्त्रीय दृष्टि से गांव का स्कूल केवल एक भवन या प्रशासनिक इकाई नहीं होता, वह ग्रामीण समाज की साक्षरता, चेतना और सामाजिक गतिशीलता का केंद्र होता है। ऐसे में स्कूल को भौगोलिक या संख्यात्मक औचित्य के आधार पर बंद या विलीन करना, आरटीई के उस उद्देश्य के विरुद्ध जाता है जो कहता है कि हर बच्चे को निकटतम और सुविधाजनक विद्यालय मिलना चाहिए। यह अपेक्षा की जाती थी कि वही संस्थाएं जो कभी आरटीई के पक्ष में सड़क से संसद तक सक्रिय थीं, वे आज इन निर्णयों की आलोचनात्मक समीक्षा करेंगी, बाल हित में सरकार से बात करेंगी और जरूरत पड़ने पर चेतावनी देंगी। लेकिन आज वे लगभग मौन हैं। क्या यह मौन केवल परिस्थितिजन्य है या यह दर्शाता है कि बहुत-सी स्वयंसेवी संस्थाएं अब शिक्षा को बाल अधिकार से अधिक प्रोजेक्ट और पार्टनरशिप के चश्मे से देखने लगी हैं? क्या अब शिक्षा सुधार का मतलब केवल 'डेटा बेस्ड एविडेंस' और 'पॉलिसी ब्रीफ' बन गया है, जिनका उद्देश्य नीति नियंताओं को सहूलियत देना भर है? एक शिक्षाशास्त्रीय समाज में यदि आलोचना, संवाद और प्रतिप्रश्न गायब हो जाएं, तो नीति निर्माण एकांगी हो जाता है। यदि शिक्षा/शिक्षकों के तथाकथित हितैषी संगठन आज चुप रहेंगे, तो कल जब कुछ गांवों से स्कूल गायब हो जाएंगे, तो फिर उनका डेटा, शोध और अनुभव केवल एक निष्क्रिय प्रलेख बनकर रह जाएगा। अब समय है कि ये संस्थाएं पुनः अपने बुनियादी दायित्व की ओर लौटें-बच्चों के लिए बोलें, न कि केवल परियोजनाओं के अनुरूप मौन रहें। **-फेसबुक वॉल से**

## चिकित्सक दिवस पर विशेष

# डॉक्टरों को व्यवस्था की मार से बचाइए



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

> आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है।

आम तौर पर हमारे समाज में डॉक्टरों के क्रियाकलापों को लेकर एक अजीब सी नकारात्कता मौजूद रहती है। कई बार सच्चाई को स्वीकार न करके उन्हें खलनायक सिद्ध करने की कोशिश भी की जाती है। डॉक्टरों के खिलाफ आम धारणा यह है कि वे ऑपरेशन करने के लिए लालायित रहते हैं। पैथोलॉजी लैबों, मेडिकल स्टोरों और एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई करने वाले डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों से कमीशन वसूलते है। इसलिए आवश्यकता न होते हुए भी रोगियों को जानबूझकर इन डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों पर जाने के लिए मजबूर करते हैं। डॉक्टरों के खिलाफ इन धारणाओं में कुछ हद तक या फिर काफी हद तक सच्चाई हो सकती है लेकिन इन धारणाओं के आधार पर समूचे चिकित्सक जगत को बदनाम करना तर्कसंगत नहीं है। व्यावसायिकता के इस दौर में भी आज अनेक डॉक्टर समर्पण के साथ चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

हम सबका यह कर्तव्य है कि विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले ऐसे डॉक्टरो के जज्बे को नमन करते हुए चिकित्सा जगत में पनपनी विभिन्न विसंगतियों का गंभीरतापूर्वक विश्लेषण किया जाए। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम डॉक्टरों के गलत क्रियाकलापों पर तो हल्ला मचा देते हैं लेकिन उनके अच्छे क्रियाकलापों पर उतनी गंभीरता से ध्यान नहीं देते हैं। फलस्वरूप समाज में डॉक्टरों के खिलाफ एक नकारात्कता छायी रहती है। कोरोना काल में हमारे डॉक्टरों ने जिस समर्पण, बहादुरी और जज्बे के साथ समाज की सेवा की है, वह सराहनीय है। ऐसे समय में जबकि एक आम आदमी को एक-दो घंटा मास्क लगाने में भी दिक्कत महसूस होती है, हमारे डॉक्टरों ने दिन-रात पीपीई किट पहनकर और मास्क लगाकर पसीने में नहाते हुए अपने काम को अंजाम दिया है। हो सकता है कि इस आपदा को कुछ डॉक्टरों ने अवसर में तब्दील कर दिया हो लेकिन इस आधार पर पूरी डॉक्टर बिरादरी को बदनाम करना क्या तर्कसंगत है? कई बार डॉक्टरों के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी प्रकाश में आती हैं। इस वजह से डॉक्टर स्वयं के ऊपर जिम्मेदारी न लेकर कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहता है। यही कारण है कि वह पहले ही सब तरह के परीक्षण करा लेना चाहता है। कई बार सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टर संसाधनों के अभाव में भी बेहतर कार्य नहीं कर पाते हैं। अनेक जगहों पर सरकारी अस्पतालों में वर्षों तक मशीने खराब पड़ी रहती हैं। डॉक्टरों द्वारा विभाग को कई पत्र लिखने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नही होता है। ऐसे माहौल में योग्य डॉक्टरों का उत्साह कम हो जाता है और उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम डॉक्टरों के समर्पण को व्यवस्था की मार से बचाएं।

आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग के सदस्य वी. के. पाल ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। यह कटु सत्य है कि हमारे देश में आबादी के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाएं दयनीय स्थिति में हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। हालांकि सरकार ने अगले पांच साल में इसे तीन फीसद तक करने का लक्ष्य रखा है। जबकि हमारे देश के हिसाब से यह भी कम है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करती दिखाई तो दे रही है लेकिन उसका प्रयास व्यावहारिक रूप से क्रियान्वित होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। दरअसल संसाधन सीमित होने तथा व्यवस्था में सुधार न होने के कारण डॉक्टर बेवजह बदनाम होते है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकॉनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। हालांकि यह सुखद है कि इस माहौल में भी अनेक डॉक्टर अपने पेशे की गरिमा को बचाए हुए है। अनेक पर्यावरणीय कारणों से भविष्य में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ेगा। सरकार इस दिशा में लगातार कदम उठा रही है लेकिन इस मुद्दे पर ज्यादा ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# चिंताजनक है जातीय विद्वेष



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में जातीय उन्माद फन फैला रहा है। इसके पहले कि कालिया नाग रुपी यह जातीय विद्वेष पूरे समाज को विषाक्त कर दे प्रशासन को कालिया दमन के पुराणोक्त चरित्र में योगेश्वर श्रीकृष्ण का अनुगमन करना होगा। यह क्या देखा जा रहा है कि कहीं स्वघोषित अहीर रेजिमेंट उत्पात मचाये हुए है तो कहीं भीम आर्मी पुलिस से पंगे ले रही है। इटावा में तो हद ही हो गई है जहां कथित यादव रेजीमेंट पुलिस पर पथराव ही नहीं किया गाड़ियां तक तोड़ दीं। दादरपुर गांव में जाति पूंछकर इंट्री देने की खबर है। इलाहाबाद में तो पांच हजार की संख्या में भीमराव आंबेडकर के अनुयायी होने का उद्घोष करने वाली भीड़ ने ऐसा उत्पात मचाया कि आस-पास के जिलों से पुलिस बुलानी पड़ी। क्या इसका अर्थ यह है कि प्रशासनिक मशीनरी ऐसी स्थितियों का पूर्वाभास नहीं कर पाई। और सामान्य और शांत जनजीवन में खलल डालने वाली घटनाएं उस सरकार में घट रही हैं जिसकी प्रशासनिक कुशलता की नज़ीरें दूसरे प्रांतों में दी जाती हैं। किंतु कहीं न कहीं कुछ ढ़िलाई या नरमी तो जरुर है भले ही वह अनचाहे हो या फिर किसी छुपे मंतव्य के चलते जानबूझकर। ताकि जनता भी सरे आम सड़क पर उतरती गुंडई का साक्षात कर सके। यह तो बिल्कुल स्पष्ट है कि ये उपद्रवी अपने नेताओं की शह पर अपनी पर उतर रहे हैं, बिना आगा पीछा सोचे। और यह सब 2027 के चुनाव के लिए जमीन और आबोहवा तैयार हो रही है। वर्तमान सरकार को उभरते जातीय उन्मादियों को सार्वजनिक अथवा निजीतौर पर समझा देना चाहिए कि उनकी सीमाएं क्या हैं। उनके साथ किसी भी तरह की नरमी न बरती जाए। अन्यथा प्रदेश में जातीय उन्माद कहीं व्यापक रुप से फैलकर विस्फोटक स्थिति में न पहुंच जाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# जोल्हूपुर से हमीरपुर रेलवे ट्रैक का नए सिरे से फिर होगा सर्वे

## जेडआरयूसीसी रेलवे बोर्ड की बैठक में नए सिरे से सर्वे कराने का उठाया गया मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- बोर्ड के सदस्य अशोक तिवारी ने बैठक में उठाया मुद्दा
- पुराना सर्वे निरस्त करने पर सदस्यों ने जताई सहमति

**अमृत विचार।** 10वीं जेडआरयूसीसी रेलवे बोर्ड की बैठक जीएम उपेंद्र जोशी की अध्यक्षता में प्रयागराज में संपन्न हुई। बैठक में हमीरपुर के बोर्ड सदस्य अशोक तिवारी ने प्रस्तावित जोल्हूपुर से हमीरपुर रेलवे ट्रैक निर्माण के लिए पुराने सर्वे को निरस्त कर पुनः नया सर्वे कराने की बात रखी, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

बुंदेलखंड की समस्याओं को लेकर बोर्ड सदस्य अशोक तिवारी ने अपनी मांग रखी। उन्होंने मानिकपुर से बांदा, सुमेरपुर, घाटमपुर, कानपुर होते हुए नई दिल्ली के लिए एक ट्रेन की मांग की, जिसे बोर्ड ने विचार के लिए प्रस्तावित किया। अमृत भारत योजना के तहत वंदे भारत ट्रेन शीघ्र ही इस ट्रैक को मिलने की बात कही गई। वहीं भरुआ सुमेरपुर क्रॉसिंग


रेलवे बोर्ड की बैठक में सर्वे की मांग रखते अशोक तिवारी। अमृत विचार

में रेलवे ओवरब्रिज बनाने की मांग उठाई, जिसका भी प्रस्ताव पास हुआ वह भी शीघ्र निर्माण शुरू होगा।

उन्होंने मुख्य मांग जोल्हूपुर से हमीरपुर रेलवे ट्रैक निर्माण के संबंध में पुराने सर्वे को निरस्त करते हुए पुनः नया सर्वे कराने की मांग रखी। साथ ही भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर रोड, रागौल स्टेशन में प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि हमीरपुर मुख्यालय स्थित एकल टिकट विंडो में बेंच व प्लास्टिक शेड का भी बंदोबस्त किया जाएगा। बांदा स्टेशन से हमीरपुर रोड स्टेशन तक पड़ने वाले आरयूबी में होने वाली जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी व्यवस्था कराई जा रही है। इन सभी मुद्दों को अति शीघ्र पूरा कराए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ है।

बैठक में सदस्यों ने रेलवे में आए दिन आने वाली समस्याओं को पुरजोर ढंग से बोर्ड के समझ रखा। चार राज्यों से आए सदस्यों ने अपनी मांगों पर जोर देते हुए शीघ्र समाधान के लिए मंत्रालय को परिपत्र भेजने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य रूप से राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी, फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल, हाथरस से सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि और रीवा विधायक दिव्यराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# तालाब में डूबने से कानपुर की महिला की हो गई मौत

संवाददाता, मौदहा

- एक सप्ताह से मस्तान शाह बाबा की मजार में रह रही थी महिला

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया में मस्तान शाह बाबा की मजार में एक सप्ताह से रह रही कानपुर की महिला की तालाब में डूब कर मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चर्चा है कि मृतका मिर्गी के रोग से पीड़ित थी।

कानपुर नगर के दबौली निवासी आशिया निशा (42) पत्नी अब्दुल गफ्फार मिर्गी की बीमारी से पीड़ित थी। एक सप्ताह पूर्व वह क्षेत्र के कम्हरिया शरीफ स्थित मस्तान शाह बाबा की मजार में आकर वही रह अपनी बीमारी ठीक होने की मंशा से बाबा की जियारत कर रही थी। सोमवार की सुबह वह मस्तान शाह बाबा की मजार के बगल में स्थित तालाब में नहाने गई थी तभी पानी में डूब गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना की सूचना मृतका के परिजनों को भेज दी गई है। बताते चलें कि उक्त तालाब में प्रतिवर्ष एक दो लोग पानी में डूब कर असमय ही काल के गाल में समा जाते हैं।

## सात वर्षीय बालक चेचक की चपेट में आया

**बिवांर।** पाथा देवी मंदिर के पास के 7 वर्षीय कान्हा उर्फ योगेश प्रताप पुत्र पिंटू सिंह को चेचक का प्रकोप होने से परिजन उपचार न कराकर घर में देवी के आने की बात को कह रहे हैं। परिजन घर में देवी के आने की बात को कहते हुए देवी मंदिर में जाकर पूजा अर्चना के किए जाने में लगे हैं। उसके पिता पिंटू सिंह ने बताया कि उपचार कराया जा रहा है। उधर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ.एसके सिंह ने बताया की जानकारी नहीं है। टीम को भेज कर उपचार किया जाएगा।


मौदहा में एसडीएम को ज्ञापन देने जाते अधिवक्ता। अमृत विचार

# अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** अधिवक्ता संघ ने सोमवार को उप जिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को नौ सूत्री ज्ञापन भेजा है। निदान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

अधिवक्ताओं का कहना है कि राजस्व विभाग की कार्य प्रणाली से लंबित मुकदमों का निस्तारण समय से नहीं हो पा रहा है। अधिवक्ता संघ ने कई बार विरोध प्रदर्शन कर विभाग को अपनी कार्यप्रणाली सुधारने की चेतावनी देने के अलावा अधिकारियों से भी शिकायत कर मांग की, लेकिन कुछ नहीं होने पर सोमवार को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृज किशोर त्रिवेदी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता के माध्यम से माल अभिलेखागार से मांग पत्र के बाद भी पत्रावलियां वापस न आने, हदबंदी के वादों में पुरानी लंबित पत्रावलियों की अनदेखी कर गलत प्रभाव में आकर नई पत्रावलियों की हदबंदी कर देना व बटवारों के वादों में अधिकतम तीन तारीखों में कुर्रे मांगे जाने समेत नौ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता हयात भाई, विज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, वसी अहमद, आलोक निगम व विनय तिवारी समेत दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## चार लोगों पर जिला बदर की कार्रवाई

**हमीरपुर।** जिले में की जा रही अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई में न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट ने चार लोगों को गुंडा एक्ट में छह माह के लिए जिला बदर किया है। इनमें थाना कुरारा के पतारा गांव एक व थाना राठ के कैथा गांव से संबंधित तीन लोग हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिला बदर की अवधि में अपराधी अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे। छह माह की अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे, तथा बाह्य जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना संबंधित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे। जिलाबदर अपराधियों में अनुज पुत्र चुनुवाद निवासी ग्राम पतारा, थाना कुरारा, लखन राजपूत पुत्र हरचरन, दृग सिंह उर्फ दृगपाल राजपूत पुत्र बृजपाल राजपूत निवासी व वीरपाल उर्फ वीरपाल पुत्र हरचरन निवासी ग्राम कैंथा थाना राठ हैं।

# सदर विधायक की पहल रंग लाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- बिजली संकट दूर करने में काफी हद तक सफल रहा पावर कारपोरेशन
- पतारा 132 केवी से लाइन चालू होने पर अघोषित कटौती से मिली निजात

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय में हो रही विद्युत की अघोषित कटौती पर सदर विधायक मनोज प्रजापति व अधिवक्ता संघ की पहल काम आई। धरना आंदोलन के बाद जागे प्रशासन ने पतारा गांव स्थित 132 केवी से शहर को जोड़ दिया है। जिससे काफी हद तक बिजली संकट से निजात मिलने की उम्मीद जगी है।

सोमवार को पावर कारपोरेशन के अधीक्षण अभियंता जीसी यादव और अधिशासी अभियंता लेखराज सिंह और सदर विधायक मनोज प्रजापति ने बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर प्रेस वार्ता की। जिसमें एसी ने बताया कि दो किमी अंडरग्राउंड लाइन के साथ ही 26 एसटीपी पोलों के ऊपर से लाइन खींची गई है। एक्सईएन लेखराज सिंह ने बताया कि सुमेरपुर 132 केवी पावर स्टेशन से यहां करीब 40 किमी घूमकर सब स्टेशन आई है। जिसमें आए दिन फाल्ट होते थे। वहीं कुरारा के पतारा 132केवी की



प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते अधीक्षण अभियंता व सदर विधायक। अमृत विचार

अंडर ग्राउंड लाइन का काम रुका होने से यहां के लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता था।

बताया बीते 21 और 22 जून को बारिश के चलते 33 केवी लाइन में कई फाल्ट होने से दो दिन बिजली और पानी का संकट झेलना पड़ा। इस दौरान अधिवक्ता संघ के साथ लोगों ने पावर हाउस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। जिसका संज्ञान सदर विधायक मनोज प्रजापति संज्ञान लिया। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने पतारा 132 केवी पावर हाउस पहुंच दो दिन में वैकल्पिक व्यवस्था सुचारू करने के आदेश दिए थे। बताया कर्मचारियों के सहयोग से पतारा की लाइन से मुख्यालय के उपकेंद्र को जोड़ा है। इसके अलावा दूसरी लाइन पर अभी काम चल रहा है। जिसके लिए उन्होंने आगरा मुख्यालय से 60 लाख रुपये का बजट मांगा है। सदर विधायक ने बिजली की अघोषित कटौती से निजात दिलाने पर खुशी जताई है।

## मंदिर की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**बिवांर।** सायर गांव के लोगों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के भरसवां रोड के पास शिव हरदौल लाला के दो मंदिर हैं। मंदिर में 0.182 हेक्टेयर जमीन आरक्षित है।

मैदान पर मेला का आयोजन होता है। दोनों मंदिर गांव वालों के लिए आस्था का केंद्र है। मंदिर की आरक्षित जमीन में गांव के बृजनंदन पुत्र हिरवा की नियत खराब है। जमीन में अपने पुत्र संता, बंता, आसाराम के साथ मिलकर लेखपाल की साथ सांठ गांठ से अतिक्रमण का निर्माण कार्य कराने लगे है। गांव के कपिल, राजू, लालू, राहुल, राम खिलावन, विश्वनाथ, लाला, भूपेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमन सिंह ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।

# भाई से विवाद में रची थी चोरी की साजिश

संवाददाता, सुमेरपुर

- पुलिस ने कथित चोरी का छह घंटे में ही किया खुलासा
- घर की अलमारी में ही लाखों की नकदी व जेवरात मिले

**अमृत विचार।** कस्बे के इमिलिया थोक के वार्ड संख्या दो में रविवार की रात किराना व्यापारी के मकान से गायब हुई लाखों की नकदी एवं जेवरात की कथित चोरी का पुलिस ने 6 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया। पुलिस ने गृहस्वामी सहित उसके भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सारा सच सामने आ गया। घर में चोरी नहीं हुई, दोनों भाइयों के मध्य आपसी विवाद का मामला सामने आया।

कस्बे के वार्ड संख्या दो के निवासी अनमोल अनुरागी ने सुबह पुलिस को अवगत कराया कि उसके मकान से अज्ञात चोर साढ़े सात लाख रुपये नकद तथा करीब चार लाख के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। घटना की सूचना पाकर फैक्टरी


चोरी की घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। शंका होने पर उन्होंने घटनाक्रम से थानाध्यक्ष अनूप सिंह को अवगत कराया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गहनता के साथ छानबीन की। फोरेंसिक टीम ने उस अलमारी की सघन तलाशी ली, जिससे साढ़े चार लाख नकद और चार लाख के जेवरात चोरी होने का दावा किया गया।

गृहस्वामी के बार-बार बयान बदलने से पुलिस का शक गहराया। फॉरेंसिक टीम ने अलमारी की सघन तलाशी ली। इसके बाद पुलिस को अलमारी से ही चोरी गई नकदी एवं जेवरात बरामद हो गए। पुलिस ने छोटे भाई आशीष के कमरे में तीन लाख की नकदी बरामद कर घटना का पटाक्षेप करते हुए दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। थाने में पूछताछ के दौरान दोनों भाइयों ने कबूल किया कि उन्होंने आपसी विवाद के चलते चोरी की झूठी खबर पुलिस को दी थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को रिहा कर दिया है। यह घटना कस्बे में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## लेखपाल पर रिश्वत मांगने का लगा आरोप

**मौदहा।** नायक पुरवा निवासी अनुसूचित जाति के युवक ने गांव में कार्यरत लेखपाल पर आय प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रिश्वत मांगने व न देने पर आवेदन निरस्त करने तथा पूछे जाने पर गाली गलौज अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की है। नायक पुरवा निवासी सुरेश कुमार वर्मा ने उप जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के लेखपाल मैयादीन आय प्रमाण पत्र बनवाने पर रुपये की मांग कर रहा है। रुपये न देने पर पीड़ित का आवेदन निरस्त कर दिया। कारण पूछने पर अभद्रता कर गाली गलौज की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि रुपये लेकर अपात्र व नियम विरुद्ध कार्य करता है। पीड़ित ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की।

**बदला मिजाज** — उमस भरी गर्मी से मिली राहत, जगह–जगह जलभराव से लोगों को जूझना पड़ा

# दिन भर रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई है। सोमवार की सुबह से एक घंटे तेज बारिश के बाद दिन भर रिमझिम बारिश होती रही, जिससे मौसम सुहावना हो गया। लोगों को उमस और गर्मी से निजात मिलने के साथ हवा से हल्की ठंडक का भी एहसास हुआ है।

मुख्यालय सहित जिले भर में एक सप्ताह से लगातार बारिश का सिलसिला चल रहा है। सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे शुरू हुई तेज बारिश लगभग 1 घंटे तक होती रही। इसके बाद दिन भर हल्की फुहारों के साथ बारिश होती रही, जिससे


शहर के तहसील रोड पर भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

मौसम सुहावना हो गया। लोगों को उमस और गर्मी से निजात मिली। मौसम की अनिश्चितता के बीच हुई रिमझिम फुहार से दलहनी और सब्जी की फसलों को फायदा हुआ है। रिमझिम बारिश के साथ में चल रही हवाओं ने ठंडक का एहसास कराया है।

वहीं बारिश होने से खेतों में पानी भर गया है और खेतों में किसानों ने धान की रोपाई का काम तेज गति से शुरू कर दिया है। बारिश से जगह जगह जलभराव के चलते लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का भी सामना करना पड़ा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया है।

### यमुना और बेतवा में बढ़ने लगा जलस्तर

**हमीरपुर।** अन्य जिलों में हो रही तेज बारिश के चलते शहर से होकर गुजरी यमुना और बेतवा नदियों में पानी बढ़ गया। स्थानीय लोगों ने नदियों में आई हल्की बाढ़ में मछली का शिकार करना भी शुरू कर दिया। बता दें कि मुख्यालय यमुना और बेतवा नदी के बीच में बसा होने के चलते यहां प्रतिवर्ष बाढ़ का सामना करना पड़ता है। हालांकि प्रशासन ने बाढ़ से निपटने की पूरी तैयारी कर ली है।

# बकायेदारों की बत्ती काटने में लाइनमैन को लगा करंट

संवाददाता, कुरारा

- करंट की चपेट में आने से खंभे से गिरा लाइनमैन
- गंभीर हालत में सीएचसी से सदर अस्पताल रेफर

**अमृत विचार।** कस्बा में वार्ड तीन में बकायेदारों की बिजली काटने गया लाइनमैन करंट की चपेट में आने से खंभे से गिरकर अचेत हो गया। तभी बिजली कर्मी स्थानीय सीएचसी उपचार के लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

कस्बे में सोमवार सुबह 11 बजे लाइनमैन मुन्ना (32) अपने सहयोगियों के साथ वार्ड नंबर तीन हमीरपुर कालपी हाईवे किनारे बस्ती में बकायेदारों के कनेक्शन काटने के लिए खंभे में चढ़ गया। तभी करंट की चपेट में आने से पोल के नीचे गिरकर अचेत हो गया। विद्युत कर्मी लाइनमैन को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। विद्युत विभाग के अवर अभियंता भारत सैनी ने बताया कि लाइनमैन बकायेदारों बिजली काटने के लिए पोल पर चढ़ा तभी बीसी करंट आने से वह नीचे गिर गया था। उपचार होने के बाद उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम को संबोधित करते संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

### पुण्यतिथि पर याद आए दादा भाई नौरोजी

**हमीरपुर।** वर्णिता संस्था सुमेरपुर की ओर से भारतीय राजनीति के पितामह दादा भाई नौरोजी की पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि दादा भाई मातृभूमि के सच्चे सपूत थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म 4 सितंबर 1825 में नौरोजी पालकीवाला और मनी बाई के घर मुम्बई में हुआ था। वे गणित के प्रोफेसर रहे। आजादी के संघर्ष के लिए संगठन खड़ा किया। ब्रिटेन की संसद में सांसद रहे। ये दो बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। दादा भाई ने कांग्रेसी राजनीति का आधार तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी। नौरोजी गोपाल कृष्ण गोखले और गांधी जी के सलाहकार थे। उनकी पावर्टी एंड अन ब्रिटिश रूल इन इंडिया नामक कृति को राष्ट्रीय आंदोलन की बाइबिल कहा जाता था। दादा भाई ने 1906 में स्वराज की मांग उठाई थी। देशसेवा करते हुए कालांतर में दादा भाई नौरोजी का मुंबई में 30 जून 1917 को निधन हो गया था। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, बाबूलाल, सिद्धा, सागर, प्रिन्स, रामनारायन, विकास, सलीम, दस्सी और राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर बताईं समस्याएं

**सुमेरपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित समाजवादी व्यापार सभा के सम्मेलन में सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य ने सपा मुखिया से भेंट करके जिले की समस्याओं से अवगत कराया है। सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नंदकिशोर शिवहरे ने बताया कि भामाशाह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से भेंट करके जिले के संगठन की गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया गया है। जल्द ही वह आवश्यक दिशा निर्देश देकर मिशन 2027 की तैयारियों को तेज करेंगे। इस मौके पर सपा व्यापार सभा के प्रदेश सचिव घनश्याम साहू, सपा नगर अध्यक्ष गोपाल बजाज, जिला सचिव संजय यादव, रणविजय सिंह, अंकुश यादव आदि मौजूद रहे।


सपा मुखिया अखिलेश यादव से मिलते नंद किशोर शिवहरे। अमृत विचार

### राशन लेने गई वृद्धा हुई लापता

**सुमेरपुर।** राशन लेने घर से निकली वृद्धा लापता हो गई। घटना 25 जून की है। पुत्र ने मां के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई है। बिदोखर मेदनी निवासी सिद्ध गोपाल श्रीवास ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मां गिरिजा देवी (70) बीते 25 जून को राशन लेने की बात कह कर घर से 2:00 बजे कोटेदार के यहां निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। पुत्र ने बताया कि मां मानसिक रूप से कमजोर है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की है।

### बारिश का पानी बिवांर थाने के मालखाने में भरा

**बिवांर (हमीरपुर)।** सोमवार को दिन भर हुई झमाझम बारिश से गांव कस्बे हुए पानी पानी। कस्बे का थाना परिसर व मालखाना में पानी भरने से तालाब बन गए। कस्बा सहित आसपास के गांव में सोमवार को दोपहर से शुरू हुई बारिश से गांव के नाले नालियां उफना गई। गांव की गलियों में दो से तीन फिर तक पानी भर गया है लोगों के घरों में पानी घुस गया है कस्बा के थाना परिसर पानी भरने से तालाब की तरह नजर आने लगा। थाना कार्यालय पानी से भर गया है किसी तरह पुलिस कर्मियों, होमगार्ड ने पानी से फाइलों को बचाया है बारिश दोपहर 1:00 बजे से शुरू हुई है लगातार बारिश हो रही है आनन फानन में जेसीबी मशीन से थाना परिसर में भरे पानी को निकाला जा रहा है बारिश से खेतों में पानी तालाब की तरह भर गया है।


मृतक के परिजनों से आर्थिक मदद देते ब्लाक प्रमुख। अमृत विचार

### ब्लाक प्रमुख ने मुलाकात कर दी आर्थिक मदद

**सुमेरपुर।** वृद्धा की कानपुर में मौत के बाद रविवार को देर शाम ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव ने टेढ़ा गांव पहुंचकर पुत्रों को सांत्वना दी और 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। यमुना पुल बंद होने से बेटे अपनी मां का शव स्ट्रेचर में लेकर पुल से गुजरे थे। इसके बाद यह घटना चर्चा में आ गई थी। ब्लॉक प्रमुख ने परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष शशिकांत शुक्ला, राजेन्द्र यादव आदि रहे।

### जहरीले पदार्थ का सेवन करने से बिगड़ी हालत

**कुरारा।** इंद्रपुरी गांव में परिजनों नाराज 30 वर्षीय महिला ने शनिवार रात में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लाए। ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होता देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेरी का मजरा इंद्रपुरी निवासी शर्मीली (30) पत्नी रामकृपाल परिजनों से नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। रात में हालत खराब होने पर घर वाले कुरारा सीएचसी उपचार को लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने हालत में सुधार न होता देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### प्रशासन के दबाव में यादव महासभा की बैठक स्थगित

**सुमेरपुर।** सोमवार को कस्बे में होने वाली अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक प्रशासन के दबाव में स्थगित कर दी गई। यादव महासभा के नगर अध्यक्ष रमाशंकर यादव आचार्य ने बताया कि जिलाध्यक्ष सुघर सिंह यादव के निर्देश पर 30 जून सोमवार को कस्बे में बैठक का आयोजन किया गया था। प्रशासन को इसकी भनक लग गई। प्रशासन ने जिले में धारा 144 लागू होने तथा बैठक की पूर्व अनुमति में नहीं लेने का हवाला देकर बैठक स्थगित करने का जिलाध्यक्ष पर दबाव बनाया। उन्होंने प्रशासन के आगे घुटने टेकते हुए बैठक को स्थगित कर दिया। इस बैठक में इटावा कांड को लेकर रणनीति तैयार की जानी थी।

### हवन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना

**बिवांर।** आषाढ़ मास के पहले सोमवार को पाथा देवी मंदिर में हवन पूजन किया गया। हवन कुंड में आचार्य शिवगोपाल पांडेय ने वेद मंत्रौचार के साथ आहुतियां दिलाई। जिसमें रमाशंकर उर्फ पिंटू पाठक, हरिओम अवस्थी, अभिषेक उर्फ कुल्लू पाठक, विवेक कुमार, रज्जन गुप्ता, चन्नो पाठक सहित करीब दो दर्जन ग्रामीणों ने आहुतियां दी। रमाशंकर पाठक ने बताया कि आषाढ़ माह के हवन के साथ ही कस्बे में बारिश शुरू हो जाती है।

### ताजिया के रास्ते की टूटी पुलिया, आवागमन बाधित

**मौदहा।** ताजिया के रास्ते में पुलिया टूटने से आवागमन बाधित है। मोहर्रम के ताजिया इस रूट से निकलते है। किसी अनहोनी को ध्यान में रखते हुए पूर्व सभासद ने अपने साथियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष को शिकायत दर्ज कराते हुए जल्दी ही पुलिया निर्माण की मांग की है। कस्बे के फतेहपुर वार्ड संख्या 3 के रास्ता जो हजरत बड़े पीर बाबा मीरा तालाब होते हुए जाता है। बीच में बनी पुलिया ध्वस्त हो गई है। जिससे आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका द्वारा अभी तक कोई निर्माण का नहीं कराया गया। मोहर्रम के त्योहार के ताजिया इसी रूट से होते हुए कर्बला मीरा तालाब में ठंडे किए जाते हैं। किसी अनहोनी को ध्यान रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष को शिकायत दर्ज कराते हुए जल्दी ही समस्या के निस्तारण की मांग की। इस अवसर पर पूर्व सभासद मोतीलाल, महबूब, अब्दुल हक, छोटेलाल, लल्लू प्रसाद, अनिल कुमार, अब्दुल रशीद आदि लोग मौजूद रहे।

# बेटी को बचाने में पिता और दादी की गई जान

## शहर कोतवाली क्षेत्र के कुम्हड़ौरा गांव में दरवाजे पर टूटा केबल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- करंट की चपेट में आई बेटी की बच गई जान
- तेज हवा और बारिश में टूटा था बिजली का तार

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली के कुम्हड़ौरा गांव में बिजली का तार दरवाजे पर गिरने से एक बालिका करंट की चपेट में आ गई। बेटी को बचाने के प्रयास में पिता करंट से बुरी तरह झुलस गया। बेटे को बेहोश पड़ा देख मां उसे बचाने दौड़ी तो वह भी चिपक गई, जिससे मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। मामूली रूप से झुलसी बेटी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से शाम को उसकी छुट्टी कर दी गई।

कुम्हड़ौरा निवासी राकेश कुमार (30) पुत्र राधाचरण के दरवाजे पर जामुन का पेड़ लगा है। इस पेड़ के ऊपर से कई बिजली की केबल निकली हैं। सोमवार को तेज हवा और बारिश के कारण बिजली का तार टूटकर नीचे गिर गया, जिससे उसकी 13 वर्षीय बेटी चेतना करंट की चपेट में आ गई। बेटी को बचाने दौड़े पिता राकेश कुमार ने तार को हटाकर बेटी को तो बचा लिया, लेकिन वह खुद करंट लगने से गिरकर बेहोश गया। यह देख मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। इसी बीच राकेश की 70 वर्षीय मां राधारानी भी पहुंच गई। उन्होंने बेटे की हालत देखकर अपनी जिंदगी की चिंता न करते हुए उसे बचाने दौड़ीं तो वह भी करंट लगने से मौके पर ही गिर गईं। ग्रामीणों ने आनन-फानन बिजली विभाग को सूचना दी।

सूचना पर बिजली आपूर्ति बंद की गई। इसके बाद मां-बेटे को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मां-बेटे के शव गांव पहुंचने के बाद कोहराम मच गया। गांव वाले ढांढस बंधाते रहे।

# हमला करने में 4 लोगों को 5-5 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अभियुक्तों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** दस साल पहले दुकानें खाली कराने पहुंचे एसडीएम सदर और पुलिस पर पत्थरबाजी और हमला किए जाने के मामले में अदालत ने दोष सिद्ध होने पर चार लोगों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई, साथ ही 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने चार अभियुक्तों को जेल भेज दिया, जबकि दो लोगों को 3-3 साल की सजा सुनाई, जिन्हें जमानत दे दी।

29 दिसंबर 2014 को एसडीएम सदर सहित पालिका कर्मियों, एसएचओ सहित पुलिस के आल्हा चौक से रोडवेज मार्ग के बीच गौतम शर्मा की दुकानों से किराएदारों को खाली कराकर गिराने पहुंचने पर अधिकारियों और पुलिस पर पत्थरबाजी के साथ हमला हुआ था। इस मामले में सोमवार को एससी-एसटी कोर्ट के अपर जिला जज एवं विशेष न्यायाधीश लखविंदर सूद ने सुनवाई करते हुए दोनो पक्षों की बहस और दलीलें सुनने के बाद गुरमीत सिंह, हरमीत कौर, सरदार जसपाल सिंह और हरजीत सिंह को दोषी ठहराते हुए पांच-पांच साल की सजा सुनाई और दस-दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सरकार पक्ष की ओर से इस मुकदमे में पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता प्रमोद पालीवाल ने बताया कि सरदार मनमोहन सिंह और प्रदीप चौरसिया पर अदालत ने तीन-तीन साल की सजा और तीन तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। उन्होने बताया कि दोनों अभियुक्तों को मुचलके पर छोड़ दिया गया है, जबकि चार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

# पिकअप चालक पर फायरिंग करने वाले को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- स्वाट, सर्विलांस और सदर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से पठा रोड के समीप से पकड़ा


पुलिस की हिरासत में अभियुक्त।

**अमृत विचार।** स्वाट, सर्विलांस और सदर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से एक सप्ताह पूर्व पिकअप चालक पर बिच्छू पहाड़ी के समीप गालीगलौज कर फायरिंग कर हमले करने वाले वांछित अभियुक्त को पठा रोड के समीप सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना में प्रयोग की गई बाइक को जब्त कर सीज कर दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निर्देशन में स्वॉट, सर्विलांस और कोतवाली पुलिस ने पठा रोड के पास मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के लवकुश नगर के रिप्टा चौराहा निवासी रविकरन अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से लूटी गई पर्स, 1120 रुपये, एक तमंचा, कारतूस के अलावा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को बरामद की है। कोतवाली प्रभारी अर्जुन सिंह ने बताया कि 24 जून की रात अजयगढ पन्ना मध्य प्रदेश का चालक पिकअप से महोबा की ओर आ रहा था, तभी बिच्छू पहाड़िया के पास बाइक सवार रविकरन ने उसके साथ गालीगलौज करते हुए तमंचा से फायरिंग कर हमला किया था। तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।


अमृत विचार
## क्लासीफाइड

### सूचना

मैंने अपना नाम DEEPAK KUAMR से बदल कर DEEPAK KUMAR रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- RAM TEERTH R/O-H.NO-80, MEERAMOU SARHEMAU, BARABANKI -225305

### सूचना

सूचित हो कि मैं **प्रदीप कुमार त्रिवेदी पुत्र स्व. माता प्रसाद त्रिवेदी निवासी–ईएस–1बी/197, सीतापुर रोड योजना, निकट इंजीनियरिंग कालेज चौराहा, लखनऊ उ0प्र0 226021,** मैने अपने सबसे छोटे पुत्र पुलकित राज त्रिवेदी को उसके गलत चाल–चलन व आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उक्त पुत्र द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, कार्य या लेन–देन हेतु वो स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

### सूचना

मेरी पुत्री का नाम हाईस्कूल अंकतालिका में सृष्टि मिश्रा (SRISHTI MISHRA) अंकित है, जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश श्रष्टी मिश्रा (SHRASTI MISHRA) अंकित हो गया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मेरी बेटी को सृष्टि मिश्रा (SRISHTI MISHRA) पुत्री संजय कुमार मिश्रा के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **संजय कुमार मिश्रा पुत्र रामनरायन मिश्रा, निवासी ग्राम भदवही, भदोही, पोस्ट जनपद उन्नाव।**


## सार-संक्षेप

### यमुना पुल की मरम्मत में वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

**हमीरपुर।** सपा कार्यकर्ता ने यमुना पुल बंदी के दौरान व्हीलचेयर सहित वैकल्पिक शेड बनाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने पीएनसी पर लापरवाही के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। सपा कार्यकर्ता युगांक मिश्रा ने डीएम को दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए कहा कि यमुना पुल पर मरम्मत के समय शनिवार और रविवार यातायात बंदी के दौरान कार्यदायी संस्था पीएनसी द्वारा भेदभाव कर वीआईपी वाहन निकाले जा रहा है। जबकि बुजुर्ग, महिलाओं, बच्चों और बीमार लोगों को पैदल पुल पार कराया जा रहा है। कहा कि पुल बंद होने पर भी कार्यदायी संस्था द्वारा कानपुर से आने वाले वाहनों से टोल टैक्स वसूल रही। जबकि बंदी के दौरान टैक्स वसूली बंद होनी चाहिए। उन्होंने आगामी मरम्मत के दौरान पुल के दोनों ओर चार– चार व्हीलचेयर, पीने के पानी वैकल्पिक शेड बनवाने सहित टोल टैक्स वसूल बंद करवाने की मांग की है। उन्होंने मांग पूरी होने से मानवता को शर्मसार करने वाली तस्वीरों से बचने का सुझाव भी दिया है।

### चरखारी में मातम के साथ निकाला गया ताजिया

**चरखारी।** मोहर्रम की तीसरी तारीख को शिया समुदाय के ने हज़रत इमाम हुसैन की याद में मातम और मर्सियों के साथ ताजिया और अलम निकाले। अलम जुलूस में शिया समुदाय के लोगों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। ताजिया जुलूस के दौरान लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में मातम करते हुए चल रहे थे। कस्बा चरखारी के असगर अब्बास के मकान से जरी ताजिया जुलूस शुरू हुआ। ताजिया देखने के लिए सड़कों के दोनो तरफ और चैराहों पर लोग पहले से जमा हो गए, ताजिये में शानदार तरीके से कारीगरी की गई थी। ताजिया जुलूस कजियाना होते हुए तुर्कीयाना मार्ग गोला घाट चौरहा, बुधवारी बाजार, राजकीय गंगा सिंह इंटर कालेज, सदर बाजार झंडा बाजार से आजम अब्बास के मकान तक जुलूस पहुचने के बाद समाप्त हुआ। जहां पर लोगो ने जोरदार तरीके से काला लिवास पहनकर मातम किया। इस मौके पर सिराज मेहमूद एडवोकेट वसीम हैदर, मुमताज मेहंदी, ऐनुल अब्बास, इमरान वाकरी, रिजवान वाकरी, लईक अब्बास अली अख्तर, इस्लाम अब्बास, काशिफ़ अब्बास, बाकर अली फरहान आदि मौजूद रहें। शिया समुदाय के लोग मातम करने के लिए काला लिबास पहनकर निकल पड़े। वही सुरक्षा व्यवस्था के लिए सदर बाजार चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सिंह, विकास वाजपेई पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

### एमएलसी जीतेंद्र सिंह सेंगर ने उठाया बिजली का मुद्दा

**महोबा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद विद्युत जांच समिति की बैठक सभापति दिनेश गोयल की अध्यक्षता में लखनऊ विधान भवन में हुई, जिसमें सदस्य विधान परिषद जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने बुंदेलखंड की विद्युत समस्या का मुद्दा उठाकर नाराजगी व्यक्त की। एमएलसी ने महोबा, हमीरपुर, बांदा एवं चित्रकूट में बिजली आपूर्ति की बदहाल व्यवस्था, ट्रांसफार्मर फुंकने पर विलम्ब से बदले जाने और क्षमता वृद्धि न होने से समस्याओं का मुद्दा उठाया। चरखारी निवासी एमएलसी ने यह भी बताया कि क्षेत्र में जेई द्वारा उपभोक्ता के फोन न उठाने से आमजन में आक्रोश व्याप्त है। इस पर यूपी पावर कारपोरेशन चेयरमैन आशीष गोयल ने आपूर्ति ठीक हो, उपभोक्ताओं को असुविधा न होने का विश्वास दिलाया। बैठक में समिति के सदस्य विजय बहादुर पाठक, अश्विनी त्यागी, शैलेन्द्र सिंह, रवि शंकर सिंह जी पप्पू भैया, सलिल विश्नोई और जितेंद्र सिंह सेंगर उपस्थित रहे। बैठक में प्रबंध निदेशक पंकज, ऊर्जा विशेष सचिव इंदजीत मध्याचल, पूर्वांचल, दक्षिरांचल एवं केस्को के एमडी सहित तमाम उच्चाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र की बिजली समस्याओं के बावत जानकारी ली।

### ई-केवाईसी न होने से नहीं मिलेगा सूखा राशन

**जैतपुर।** आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थी बच्चों की ईकेवाईसी का शासनादेश आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए मुसीबत बन गया है। ईकेवाईसी में तमाम जटिलताएं आने से कार्यकर्ताओं को भारी दिक्कत हो रही है। केवाईसी कराने के लिए महिलाएं बच्चों के साथ आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पहुंच जाती है। विकास खंड क्षेत्र में दो सैकड़ा आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित है। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थी बच्चे और गर्भवती महिलाओं की ई केवाईसी होने पर ही सूखा राशन देने की व्यवस्था है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में नेट की समस्या के चलते ई केवाईसी करते में भारी दिक्कतें आ रही है, जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सुबह केवाईसी के लिए घर से निकलतीं हैं, लेकिन केवाईसी नहीं हो पा रही है। जैतपुर की जानकी देवी, रामकुमारी, स्नेहलता, शहीदन खातून, धनकुंवर, रामकुंवर बिहार गांव की सीमा राजपूत, विमला देवी, हीरा बाई, कुटरा गांव की राजकुमारी, महेवा गांव की इमरती देवी, बछेछर खुर्द की मीना का कहना है कि केवाईसी करते समय भारी दिक्कत आ रही है। बच्चों के आधार फीडिंग करा दिए थे। अब आधार कार्ड से फोटो मैच नहीं कर रहे हैं, जिससे 7 माह से तीन वर्ष और 3 से 6 वर्ष के बच्चों की फोटो मोबाइल पर मैच न करने से केवाईसी नहीं हो पा रही है।

# बिना संगठित हुए समाज का भला नहीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बैठक को संबोधित करते महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा का कानपुर के तत्वावधान में शहर के आल्हा चैक में गोंड महासभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गोंड महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री भगवानदास धुरिया ने गोंड समाज के गौरवशाली इतिहास को बताते हुए कहा कि महारानी दुर्गावती गोंडवाना समाज की महारानी थी, जिन्होने अकबर के सेनापति बाज बहादुर से जंग लड़ी थी। उन्होने धुरिया जाति जो गोंड की उप जाति है उस पर प्रकाश डाला।

उन्होने कहा कि बिना संगठित हुए समाज का भला नही हो सकता, जबतक समाज के लोगों मे एकजुटता और एकता नही होगी सभी दल बारी बारी से समाज का सिर्फ इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए एकजुटता जरूरी है। राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि हमारे समाज की अच्छी खासी संख्या होने के बाद भी हम अलग-अलग बंटे हुए है, इसलिए किसी भी दल में हमारी कोई अच्छी पहुंच नही है। उन्होने कहा कि अब अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा के बैनर तले समाज के लोग एकजुट हो जाए। इससे समाज में जनजागरण बढेगा और समाज का उत्थान करने का प्रयास किया जाएगा।

### महासभा की नई कार्यकारिणी घोषित

- अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा की जनपद महोबा की कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मुन्नालाल को जिलाध्यक्ष, घनश्याम धुरिया उपाध्यक्ष, आयूष कुमार धुरिया महामंत्री, सतोष धुरिया को कोषाध्यक्ष जबकि शिवलाल धुरिया को संगठन मंत्री, अतुल कुमार को जिला मंत्री बनाया गया। जिले की नई कार्यकारिणी घोषित होने पर गोंड महासभा ने प्रसन्नता जताई।

महासभा के बांदा जिलाध्यक्ष रवि शंकर ने सरकारी गजट का उल्लेख करते हुए कहा कि धुरिया समाज के लोक कहार जाति में नही आते है। उन्होने प्रदेश पिछड़ा वर्ग का पत्र दिखाते हुए धुरिया जाति को कहार का प्रमाण पत्र दिए जाने पर आसहमति जताई।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल कुमार धुरिया ने कहा कि गोंड समाज के रूप में धुरिया समाज की पहचान बनानी होगी, तभी हमारे समाज का उत्थान होगा। इस मौके पर संतोष कुमार धुरिया, कृष्ण गोपाल धुरिया, आकाश कुमार, शिव लाल धुरिया, अतुल कुमार, पंकज धुरिया सहित तमाम पदाधिकारी और समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आज रवाना होगा अमरनाथ यात्रियों का जत्था

**सुमेरपुर।** अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था मंगलवार को 12 बजे कस्बे से जम्मू के लिए रवाना होगा। अमरनाथ यात्री डा.नरेश शर्मा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हो रही है। उनकी यात्रा का रजिस्ट्रेशन 4 जुलाई को है। वह 3 जुलाई को बालटाल पहुंचेंगे और 4 जुलाई को बालटाल से यात्रा का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि उनके साथ पंकज तिवारी, संदीप साहू, पवन कुमार, शिवम सिंह आदि भी यात्रा में जाएंगे।






# दीवार गिरने से मलबा में दबकर मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कबरई थाना क्षेत्र के अलीपुरा में दीवार गिराते समय हादसा

**अमृत विचार।** कबरई थाना क्षेत्र के अलीपुरा गांव में एक मकान की दीवार गिराते समय अचानक दीवार भरभराकर गिर जाने से श्रमिक दब गया, जबकि अन्य श्रमिक बाल-बाल बच गए। श्रमिकों की चीख-पुकार के बाद ग्रामीण दौड़ पड़े और आनन-फानन में फावड़े व कुदाल लेकर मिट्टी हटाने में जुट गए, लेकिन मलबा के काफी नीचे दबे होने के कारण जब तक उसे बाहर निकाला गया, जब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कबरई क्षेत्र के गहरा निवासी प्रीतम कुशवाहा (30) पुत्र ईश्वरी कुशवाहा मजदूरी करके अपना परिवार चलाता था। सोमवार को वह अलीपुरा में मजदूरी करने गया था। गिराते समय अचानक दीवार भरभराकर श्रमिक के ऊपर गिर गई, जिससे वह मलबा में दब गया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग चीखने-चिल्लाने लगे, जिससे ग्रामीण एकजुट हो गए। फावड़ा-कुदाल लेकर लोग मलबा को हटाने में जुट गए। देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गई। कोई हाथों से कोई औजार से मलबा हटाने में जुट गया, लेकिन मलबा हटाने में काफी समय लग जाने से श्रमिक की मलबा के अंदर ही सांसें थम गईं। उसे बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पठकाना मोहल्ले में तीन महीने से जलापूर्ति नहीं

**बिवांर।** पिछले तीन माह से एक मोहल्ले में पानी न आने से लोग परेशान है। मोहल्ले के लोगों को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत करने के बाद समस्या जस की तस बनी है।

कस्बे के पठकाना मोहल्ले के ऊंचाई पर स्थित होने पर पिछले तीन माह से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसको लेकर मोहल्ला निवासी रमेश पाठक ने पिछले 17 जून को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में पेयजल की समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। परन्तु अभी तक मोहल्ले के लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। नमामि गंगे के अधिकारियों ने पेयजल समस्या का निस्तारण कागजो कर के भेज दिया है।

मोहल्ले के रमेश चंद्र पाठक, संतोष पाठक, प्रत्युष शुक्ला, मधुसूदन सिंह, मनोज सिंह, पप्पू तोमर, विनोद सिंह सहित मोहल्ले वासियों ने पेयजल की समस्या को दूर कर पेयजल आपूर्ति करवाने की मांग की है। वहीं नमामि गंगे के अमित वर्मा ने बताया कि लीकेज को ठीक किया जा रहा है।


## पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, अनौगी, कन्नौज

### वॉक-इन इंटरव्यू

पीएमश्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी, कन्नौज (उ0प्र0) में संविदा आधार पर 02 मैट्रन (महिला) पद हेतु दिनांक 05.07.2025 को प्रात: 10: 00 बजे मौखिक साक्षात्कार हेतु योग्य उम्मीदवार समस्त मूल एवं छायाप्रति दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों।

| कमांक | पद का नाम | पदों की संख्या | मानदेय |
|---|---|---|---|
| 01 | मैट्रन (महिला) | 02 | भारत सरकार द्वारा औद्योगिक कर्मचारियों पर लागू मानदेय। |

उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यताएं निम्नवत है :–
01. शैक्षणिक योग्यता: कक्षा 10 पास।
02. आयु: 35 से 55 वर्ष के मध्य।
03. वैवाहिक स्थित: विवाहित महिलाएं, जिसमें विधवाए या तलाक शुदा महिला बिना किसी परिवारिक भार के महिलाओं को वरीयता।
उपरोक्त पद प्रारम्भिक नियुक्ति से 30.04.2026 तक मान्य होगा।

**प्राचार्य**
जनवि, अनौगी, कन्नौज


बदलेगी किस्मत | महोबा तहसील सभागार में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में एडीजे ने जरूरी जानकारियां दीं

# साथी अभियान में बेसहारा बच्चों को मिलेगी पहचान

कार्यालय संवाददाता, महोबा


विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित करते अपर जिला जज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं ग्रामीण स्वावलम्बन समिति के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को तहसील सभागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जिला जज एवं जिला विधि सेवा प्राधिकरण महोबा के सचिव तेन्द्र पाल की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित अभियान साथी, आशा, संवाद, जाग्रति से मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को रुबरू कराया गया।

आयोजित शिविर में बताया गया कि आशा अभियान बाल विवाह की रोकथाम के लिए व साथी अभियान उन बच्चों की मदद करने के लिए चलाया जा रहा है जो सड़कों पर या अन्य असुरक्षित परिस्थितियों में रहते हैं, उन बच्चो की पहचान सुनिश्चित किये जाने के लिए आधार एन्रोलमेंट किया जाना है। यह अभियान बच्चों को पहचान, अधिकार और न्याय प्रदान करने के लिए कार्य करेगा। बताया कि संवाद अभियान के अन्तर्गत हासिये पर पड़े कमजोर आदिवासियों और विमुक्त, खानाबदोस जनजातियों को सार्थक न्याय प्रदान करने व कानूनी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से, ड्वान अभियान के अन्तर्गत वंचित एवं हासिये पर पड़े वर्ग को ड्रग्स एब्यूज से बचाने और सार्थक न्याय प्रदान करने व कानूनी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इसी प्रकार जागृति अभियान के अन्तर्गत जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता के लिए जागरूकता की पहल करना एवं जमीनी स्तर के लोगो तक न्याय प्रदान करने व उन्हें कानूनी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। शिविर में उक्त समस्त अभियानों के विषय मे विस्तृत जानकारी देते हुये विधिक सहायता व कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सहित अन्य महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, चाइल्ड ट्राफिकिंग, पॉश एक्ट, कन्या भूरण हत्या, महिलाओं के अधिकार, दहेज उत्पीड़न व उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न कानूनां, सामाजिक प्रभावों के बारे में जानकारियां दी गई साथ ही बाल अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 बच्चां का लैंगिक अपराधां से संरक्षण अधिनियम, पॉक्सो 2012 तथा नालसा हेल्प लाइन नं0 15100 एवं एलएसएमएस पोर्टल के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर में तहसीलदार महोबा दिवाकर मिश्रा, नायब तहसीलदार विकांस गोयल, जिला प्रोबेशन अधिकारी रनबहादुर वर्मा, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी रामनरेश यादव, असिस्टेंट हरेंद्र मिश्रा व योगेन्द्र सिंह, पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी, स्थाई लोक अदालत के सदस्य प्रदीप कुमार गुप्ता, किशोर न्यायालय की सदस्या कल्पना सोनी, बाल कल्याण समिति से मधुबाला चौरसिय ममता, माधवी, मंजू, जूली चौरसिया, रामप्रकाश वर्मा, राजेद्र, कमलेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत, कमालगंज जनपद–फर्रूखाबाद।

संख्या– 193/न.पं0क0/2025–26/अ0सं0ह0/ कमालगंज दि. 30/06/2025

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदकों ने कर निर्धारण पंजिका में नामान्तरण के सम्बन्ध में आवेदन किया है। नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत सभी सम्बन्धित को नोटिस निर्गत किये जा चुके है। नामान्तरण पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर प्रमाणित साक्ष्यों सहित अपनी आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त नामान्तरण कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी। वाद मियाद किसी को भी आपत्ति दर्ज कराने का हक न होगा।

| क्र0 | भ0दु0प्लाट संख्या/मोहल्ले का नाम | वर्तमान में अंकित नाम/ विक्रेता का नाम | नाम दर्ज होने वाले आवेदक का नाम | प्रस्तुत साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्लाट–नवीन/मो0 शास्त्री नगर –प्रथम, कमालगंज। | श्रीमती सीता देवी पत्नी स्व0 रामप्रकाश गुप्ता | श्री विमल गुप्ता पुत्र श्री स्व0 रामप्रकाश गुप्ता | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 2 | गृह सं0–294/मो0 गांधी नगर, कमालगंज। | श्री गजराज सिंह पुत्र भगवान सिंह | श्री अरविन्द कुमार पुत्र स्व0 गजराज सिंह | विरासत |
| 3 | प्लाट सं0–211/मो0 सुभाष नगर कमालगंज। | श्री नूर आलम पुत्र श्री जहीर अहमद | श्री अजय कुमार पुत्र श्री कैलाश चन्द्र | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 4 | गृह सं0–33/मो0 अशोक नगर, कमालगंज। | श्री इमाम बक्श पुत्र श्री मखदमू वक्श | मो. इस्लाम पुत्र स्व0 इमाम बक्श | विरासत |
| 5 | दुकान सं0–34/मो0 गाँधी नगर, कमालगंज। | श्री इमाम बक्श पुत्र श्री मखदमू वक्श | मो. इस्लाम पुत्र स्वद्ध इमाम बक्श | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 6 | प्लाट संख्या–196/D मो0 आजाद नगर, कमालगंज। | श्री देवकी नन्दन पुत्र श्री मैकूलाल | श्री नरेन्द्र चन्द्र पुत्र श्री पूरनलाल | रजिस्टर्ड बैनामा |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत, कमालगंज,
जनपद–फर्रूखाबाद।

# कार में सिगरेट पीना पड़ा महंगा, धू- धूकर जला युवक

## शव का कुछ ही हिस्सा बचा, पहचान तक हुई मुश्किल, पोस्टमार्टम और डीएनए टेस्ट के बाद ही कुछ बता पाएंगे : एसओ

संवाददाता, रामनगर/ राजापुर चित्रकूट


**अमृत विचार।** बंद कार में सिगरेट पीना एक युवक के लिए जानलेवा बन गया। कार में रखा सिलेंडर ब्लास्ट होने से इसमें आग लग गई और युवक को निकलने तक का मौका नहीं मिला। जली कार में बुरी तरह से जले शव को लेकर देर तक ऊहापोह की स्थिति बनी रही। युवक के ससुरालीजनों ने आकर जब थाने में जानकारी दी तो पूरा मामले का पटाक्षेप हुआ। हालांकि एसओ का कहना है कि जल्दबाजी में कुछ भी कह पाना मुश्किल है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही आधिकारिक रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

सोमवार की भोर लगभग साढ़े तीन बजे राजापुर से हटवा की ओर जाने वाले मार्ग पर बरुआ मोड़ से आगे सिकरी अमान गांव के पास सड़क किनारे खड़ी एक कार से आग की लपटें देख पास के ट्यूबवेल में मौजूद ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। इस पर पीआरवी मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड बुलाकर आग बुझाई गई। एएसपी सत्यपाल सिंह, सीओ जयकरण सिंह, राजापुर एसओ प्रवीण सिंह के साथ फोरेंसिक टीम आदि भी पहुंच गई। आग की लपटें शांत हुईं और जब पूरी तरह से जल चुकी कार के अंदर झांककर देखा गया तो चालक के बगल की सीट पर एक लगभग पूरी तरह से जल चुका शव दिखाई दिखा। शव की हालत से ऐसा लगता था कि उसे किसी ज्वलनशील पदार्थ को डालकर जलाया गया है।

पुलिस किसी आपराधिक कृत्य की आशंका से कार के पास मिली नंबर प्लेट के आधार पर अपनी जांच की दिशा को आगे बढ़ा रही थी कि इसी दौरान राजापुर थाने में कंधवनिया गांव के कुछ लोग पहुंचे तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। इन लोगों ने बताया कि कार में मिला शव आनंदपुर रीवा (मप्र) निवासी सुनील सिंह (40) पुत्र अवध बिहारी का है। वह हार्वेस्टर मशीनों को किराये पर देने का बिजनेस करता था। शनिवार को वह अपनी ससुराल कंधवनिया हार्वेस्टर के लिए चालक ढूंढने आया था। इन लोगों ने बताया कि वह सिगरेट का लती था और कार में छोटा सिलेंडर रखकर जा रहा था। आशंका है कि सिलेंडर रिसने की वजह से इसमें आग लग गई और विस्फोट हो गया। वह चालक सीट से बाहर निकलने के लिए कोशिश कर रहा होगा कि आग की चपेट में आकर जिंदा जल गया। हालांकि इस संबंध में एसओ प्रवीण सिंह का कहना था कि शव पुरुष का है या महिला का और वास्तविकता क्या है, यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट और डीएनए टेस्ट के बाद पता चलेगा। आधिकारिक रूप से तभी कुछ बताया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि कंधवनिया गांव के लोग आए थे और वे युवक संबंधी जानकारी दे रहे थे।


कार में सुराग तलाशते फोरेंसिक टीम के सदस्य। अमृत विचार


मौके पर पहुंचकर जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह।


इस तरह जलती रही कार। अमृत विचार

### चूड़ी के टुकड़े मिलने से हुई थी महिला की आशंका

- कार में पाया गया शव इस बुरी तरह से जल गया था कि वहां मांस का लोथड़ा ही बचा था। ऐसे में यह पहचानना मुश्किल था कि यह शव पुरुष का है कि महिला का। फोरेंसिक टीम को सीट के पास से चूड़ी के टुकड़े मिले थे। इस पर युवक के ससुरालीजनों का कहना था कि युवक की पत्नी हेमा सिंह का ब्यूटी पार्लर है। उसके यहां काम करने वाली एक कर्मचारी ने चलते समय कार में सिलेंडर, टायर आदि रखे थे, इस दौरान उसकी चूड़ी टूट गई थी। कार से बुरी तरह जला मोबाइल भी बरामद हुआ, जिसे युवक का बताया जा रहा है।

### मप्र की है कार

- कार के पास जली हुई एक नंबर प्लेट मिली है। जिसका नंबर सतना (मप्र) का है। इससे पुलिस की दिशा इस ओर घूमी कि कहीं कोई सतना से यहां आपराधिक कृत्य करके तो नहीं भाग गया। इस पर बताया गया कि नादिन कुर्मियान के एक ग्रामीण ने बताया कि उसने सतना से यह कार खरीदी थी और उसे सुनील को दे दिया था।

### पास में मिला सिलेंडर और कार का फाटक

- पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कार का दाहिनी ओर का फाटक लगभग 35 मीटर दूरी पर एक खेत में मिला तो बायीं ओर एक क्षतिग्रस्त छोटा सिलेंडर पड़ा मिला। इससे पुलिस ने पहले आशंका जताई थी कि कार में विस्फोट कर इसे पूरी तरह नष्ट करने की कोशिश की गई। कार में सिर्फ एक व्यक्ति के फंसे होने से यह आपराधिक कृत्य की आशंका भी जताई गई थी। हालांकि बाद में कंधवनिया से ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर पूरा मामला साफ कर दिया।

### प्रयागराज में देखी गई है कार

- एसपी ने बताया कि प्रथमदृष्टया छानबीन में पता चला कि यह कार प्रयागराज में कई बार देखी गई है और वहां इसका कई बार चालान भी हुआ है। सतना (मप्र) के नंबर के आधार पर फोन करने पर वह स्विच आफ बताने पर सतना और प्रयागराज पुलिस से भी संपर्क साधा गया।

# छोटे-छोटे चक बनाने से खेती में हो रही दिक्कत

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** ग्रामीणों का कहना था कि मौजा हर्रा में धारा 52 के प्रकाशन की कार्यवाही की गई है। इस दौरान चकबंदी नियमों की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से चकों में परिवर्तन किए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप था कि इस संबंध में अधिकारियों, कर्मचारियों ने उनकी बात तक नहीं सुनी। एक-एक बिस्वा, दो-दो बिस्वा के चक बनाए गए हैं। इससे कृषि कार्य करने में अत्यंत कठिनाई हो रही है। नाप करते समय सहायक चकबंदी अधिकारी व कानूनगो चकों में रकबा कमी बताकर पांच प्रतिशत कटौती करके पैमाइश कर रहे हैं। इनका कहना था कि जबकि पहले हुई चकबंदी के दौरान आकार पत्र 23 बनाए गए थे तो उसमें पांच प्रतिशत की चकबंदी कटौती की गई थी। अब फिर कटौती कर चक नापे जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि जांच कराते हुए धारा 52 का प्रस्ताव रुकवाया जाए। इस मौके पर रज्जू यादव, दिनेश यादव, बच्छराज यादव, राममूरत यादव, मुन्ना वर्मा, किशन आदि रहे।

### ग्रामीणों को बहुत परेशान करते हैं अफसर : पंकज

- कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र ने कहा कि चकबंदी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ग्रामीणों को बहुत परेशान करते हैं। ये बेवजह उन्हें उलझाकर ऐसी परिस्थितियां पैदा करते हैं कि किसान परेशान हो। आरोप लगाया कि यह पूरा विभाग किसानों का शोषण करता है। पंकज ने जिलाधिकारी से इन शिकायतों पर ध्यान देने का अनुरोध किया।


चकबंदी विभाग के अधिकारी को ज्ञापन देते ग्रामीण। अमृत विचार

# खंड विकास अधिकारी नहीं ले रहे पौधरोपण में रुचि

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को पौधरोपण अभियान की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने गांव वन में पौधरोपण की प्रगति पर नाराजगी जताई। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि खंड विकास अधिकारियों द्वारा इसमें रुचि नहीं ली जा रही है, जो अत्यंत खेदजनक है।

जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटियार से कहा कि जिन स्थानों पर गोपाल वन, शौर्य वन, ग्राम वन, विरासत वाटिका आदि बनाए जाने हैं, स्थलीय निरीक्षण करें। जिस वन रेंज पर अधिक पौधरोपण कराया जाना है, उसे चिह्नत करें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से संपर्क करके बच्चों से पौधरोपण कराने, पौधे वितरित किए जाने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल यादव को जल जीवन मिशन के अंतर्गत बने पंप हाउस, ओवरहेड टैंक आदि के पास अधिक से अधिक पौधरोपण कराने, अधिशासी अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप गड्ढा खुदान कराने को कहा। ईओ नगर पालिका लालजी को निर्देश दिए कि जो पालिका में शामिल हुए हैं, उनमें मंदाकिनी किनारे पौधरोपण कराया जाए। उन्होंने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कुल 72,33, 520 पौधों के पौधरोपण के लक्ष्य का मिला है।इसी अनुसार पौधों को उठा लें। बैठक में डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।


पौधरोपण अभियान की समीक्षा करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

- समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

# रिमझिम बारिश से मौसम हुआ सुहावना, मिली राहत

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** सोमवार को दिन भर रिमझिम बारिश की वजह से मौसम बड़ा ही सुहावना होगया और लोगों को तपती गर्मी से काफी राहत मिली। वहीं कालपी के बाजारों तथा मंडियों में चहलकदमी कम होने से सन्नाटा छाया रहा। काफी दिनों के बाद मौसम सुहावना भी हुआ इससे लोगों के चेहरों में खुशी देखी गई।

पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी का मौसम बना हुआ था। सोमवार को पूर्वाहन 11:00 बजे से पानी बरसने का सिलसिला शुरू हुआ। रिमझिम बारिश के कारण यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। लगातार रिमझिम बारिश होने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। वहीं मुख्य बाजार टरनंनगंज, गल्ला मंडी सराफा मार्केट, मूंगफली मंडी, जुलैहटी मार्केट आदि स्थानों में चहल पहल कम रही। बरसात की वजह से लोग दुबके रहे। वही सरकारी कार्यालय में भी बारिश का असर दिखाई दिया।


बारिश के चलते बाजार में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

# जीजीआईसी रोड से निकलना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में जीजीआईसी रोड के किनारे बजबजाता कूड़े का ढेर बीमारियों को न्योता दे रहा है। इसके चलते दुकानदारों और बाशिंदों का जीना मुहाल हो गया है। स्कूल खुलने के बाद बच्चों का भी यहीं से आनाजाना होगा। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें कीं पर फ़ौरी समाधान के सिवाय कुछ हासिल नहीं हुआ। वहीं बुंदेली सेना ने दुकानदारों के साथ आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि जिला पंचायत के ठीक सामने नगर पालिका का कूडा डंपिंग स्थल है । कहने को तो यहां चाहरदीवारी बनी है लेकिन कूड़ा हमेशा सड़क की पटरी तक पड़ा रहता है1 ढेर के ठीक सामने जिला पंचायत की दुकानें बनी हैं । इस गंदगी और कूड़े के चलते दुकानदारों का जीना मुहाल है । बारिश के समय सड़ांध और बजबजाती गंदगी से बीमारियों का खतरा बना हुआ है। इसी सड़क के किनारे जिला पंचायत, जीजीआईसी, केंद्रीय विद्यालय, डीआईओएस कार्यालय आदि हैं । सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके बाद भी जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं । अजीत ने बताया कि मंगलवार से स्कूल खुल जाएंगे और बच्चों को भी इस विकट समस्या से दो चार होना पड़ेगा।

कई बार नगर पालिका से शिकायत पर फ़ौरी समाधान के रूप में कूड़े को ठेलकर औपचारिकता निभाई जाती है। उन्होंने कहा कि समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो दुकानदारों के साथ मिलकर आंदोलन किया जायेगा।


सड़क किनारे पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

- कूड़ा डंपिंग से जीजीआईसी रोड हुआ बद से बदतर

# गोलगप्पे खाते समय युवक पर गिरा विद्युत तार, मौत

संवाददाता,उरई जालौन

**अमृत विचार।** कोंच नगर क्षेत्र में बाबू पैलेस के समीप खड़े पानी पूरी के ठेले पर गोलगप्पे खा रहे युवक पर अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया, इससे करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

कोंच पटेल नगर निवासी अनूप गुर्जर 35 वर्ष सोमवार दोपहर बाबू पैलेस के समीप खड़े पानी पूरी के ठेले पर गोलगप्पे खा रहा था। तभी अचानक ऊपर से निकले हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया। जिसके चलते युवक करंट की चपेट में आ गया। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई और इलाकाई लोगों ने युवक को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। वहां पर जांच पड़ताल के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए।

# सेवानिवृत्त होने पर पेशकार को दी विदाई

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** सोमवार को अधिवक्ताओं व कर्मचारियों ने एसडीएम के पेशकार अशोक कुमार पांडेय को सेवानिवृत्त होने पर फूलमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी ।

इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक अतुल कुमार व उपजिलाधिकारी प्रशासन सुशील कुमार सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।तहसील सभागार कालपी में आयोजित समारोह को संम्बोधित करते हुए उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कहा के शासकीय सेवा में सेवानिवृत्त होना एक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा की अशोक पांडेय ने अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वाह किया है। उपजिलाधिकारी ने उम्मीद जताई है कि अशोक पांडेय भविष्य में अपने अनुभवों का राजस्व कर्मचारियों को सहयोग देते रहेंगे।




सेवानिवृत्त पेशकार को प्रतीक चिह्न देते एसडीएम व नायब तहसीलदार। सेवानिवृत्त उप निरीक्षकों और मुख्य आरक्षी को विदाई देते एसपी व अन्य।

### छह पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त, दी भावभीनी विदाई

- **चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में छह पुलिसकर्मियों को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। इस मौके पर एएसपी सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइंस अरविंद कुमार वर्मा भी मौजूद रहे। प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, उपनिरीक्षक देवेंद्र नारायण व्यास, रामकृत यादव, अजव बहादुर सिंह, त्रिलोचन उपाध्याय और नंदराम व मुख्य आरक्षी कृष्णपाल सिंह को सभी ने शुभकामनाएं दीं।

## सार-संक्षेप

### कुत्ते से हमला कराने का आरोप

**चित्रकूट।** शंकर बाजार मोहल्ले में एक डीजे संचालक और उसके साथियों ने एक व्यक्ति पर कुत्ते से हमला करवाने का आरोप लगाया है। डीजे संचालक अमित केशरवानी ने बताया कि सोमवार देर शाम वह दोस्तों के साथ घर जा रहा था कि इस दौरान कल्लू सोनी ने उसे गालियां देनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर उसने पहले तो अन्य लोगों के साथ उसकी पिटाई की और फिर दोस्त बचाने को बढ़े तो पालतू कुत्ते से हमला करवा दिया, जिससे छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


शोरूम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के शोरूम का हुआ उद्घाटन

**उरई।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के शोरूम का न्यू पटेल नगर में उद्घाटन बहुत ही धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर किसना आकर्षक स्कीम लांच की हैं। घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि हम हर महिला का डायमंड ज्वैलरी पहनने का सपना साकार करना चाहते हैं। किसना के डायरेक्टर पराग शाह ने कहा कि किसना में हम आधुनिकता और स्थानीय संस्कृति के मेल से एक विशेष ज्वैलरी का अनुभव देने का प्रयास करते हैं।

### जलभराव से घरों के ढहने का खतरा, डीएम से गुहार

**मऊ (चित्रकूट)।** खंडेहा ग्रामसभा के अर्जुनपुर गांव में मुख्य मार्ग पर जलभराव से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कंचन सिंह और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नाली के पानी की निकासी न होने से यह दिक्कत हो रही है। इस जल भराव से लगभग दस गरीब परिवारों के घर ढहने की आशंकार है। बच्चे भी संक्रमण का शिकार हो रहे हैं। बताया कि स्कूल खुलने के बाद बच्चों के सामने यह समस्या रहेगी कि वे स्कूल कैसे जाएंगे। बताया कि उन लोगों ने लगभग 20 दिन पहले उप जिलाधिकारी मऊ को इस संबंध में प्रार्थनापत्र दिया पर अभी तक कोई देखने नहीं आया।

### चार आरोपी गिरफ्तार, अवैध शराब बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस ने चार आरोपियों से 56 क्वार्टर देशी व पांच लीटर कच्ची शराब बरामद की। कोतवाली कर्वी के एसआई सत्यमपति त्रिपाठी ने विनय कुमार निवासी लौढिया बुजुर्ग को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। एसआई कैलाशनाथ यादव ने सत्यनारायण शिवहरे पुत्र बब्बू निवासी शिवरामपुर को 20 क्वार्टर देशी शराब, पहाड़ी थाने के एसआई अरमान आलम ने छोटेलाल रैदास पुत्र जगन्नाथ निवासी बारामाफी को 18 अदद पाउच, सरधुआ थाने के एसआई अजहर जमाल ने रामशरण पुत्र केशन प्रजापति निवासी बिहरवा को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों पर त अभियोग पंजीकृत किए गए।

भक्ति भावना | प्रभु जगन्नाथ यात्रा का जगह-जगह पर भक्तजनों ने किया स्वागत, नाचते गाते और झूमते हुए चल रहे थे भक्त

# प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** शहर के इतिहास में एक बार फिर आध्यात्मिक चेतना की ऐसी लहर उठी, जिसने जन-जन को भक्ति, सेवा और एकता के सूत्र में पिरो दिया। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा आयोजित जगन्नाथ रथ यात्रा सोमवार को अत्यंत उल्लासपूर्ण, भव्य और अनुकरणीय रूप से सम्पन्न हुई। इस दौरान हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह व उल्लास देखा गया।

सोमवार की शाम श्याम धाम कालपी रोड से जैसे ही भगवान श्री जगन्नाव, बलभद्र और माता सुभद्रा के दिव्य विग्रह रथ पर विराजमान हुए, वैसे ही चारों दिशाओं में हरिनाम संकीर्तन, शंखध्वनि, मृदंग और करतालों की मधुर ध्वनि गूंजने लगी। रथ यात्रा का मार्ग इस बार शहीद भगत सिंह चौराहा, घंटाघर, इंडियन बैंक होते हुए झांसी रोड स्थित इस्कॉन मंदिर तक निर्धारित किया गया था। पूरे रास्ते को सुंदर पुष्प सज्जा, तोरण द्वारों और धार्मिक वचनों में सजाया गया था। नगरवासियों ने अपने घरों के बाहर दीपक, रंगोली, पुष्प और तुलसी पत्रों से प्रभु का स्वागत किया। पूरे मार्ग में विदेशी भक्तों की संकीर्तन मंडली वैदिक धुनों पर नृत्य और कीर्तन करती हुई रथ के साथ चल रही थी। महिलाओं द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीत, झांकियों में भगवान की बाल लीलाएं, रासलीला और गीता उपदेश के दृश्य सभी को भावविभोर कर रहे थे। स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई रंग-बिरंगी झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर जगह पुष्पवर्षा की जा रही थी। यह दृश्य किसी तीर्थ के उत्सव से कम नहीं था। इस भव्य आयोजन की व्यवस्था माधव प्रभु जी के कुशल नेतृत्व और समर्पित सदस्यों के माध्यम से संपन हुई।

समिति में महेन्द्र अग्रवाल, माधुरी निरंजन, अभय द्विवेदी, आदित्य अग्रवाल, मनीष बुधौलिया, शरद शर्मा, रामराजा निरंजन आदि सदस्यों ने दिन- रात सेवा कर एक उत्कृष्ट आयोजन प्रस्तुत किया। सभी भक्तों को रथ खींचने का अवसर प्रदान किया गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था की कमान एएसपी प्रदीप कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर अर्चना सिंह, सदर कोतवाल अरुण राय ने अपने दर्जनों एसआई एवं पुलिस कर्मियों के साथ संभाली।


रथ यात्रा में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

# महिला को सोते समय सांप ने डसा, मौत

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के जैसारी कला में रात में सोते समय सांप डसने से महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां स्थिति खराब होने पर चिकित्सकों उसे झांसी मेडिकल के लिए रिफर कर दिया। झांसी पहुंचने से पहले ही महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

रविवार रात को डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम जैसारी कलां में गजराज कुशवाहा की पत्नी गीता देवी 38 वर्ष और उसकी दो बेटियां अनुष्का व आकांक्षा के साथ घर पर सो रही थी। तभी रात करीब दो बजे सांप ने उसकी पत्नी गीता देवी को गर्दन में डस लिया। कुछ देर में गीता की हालत बिगड़ गई और वह अचेत होने लगी, जिसके बाद परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। वहां से उसे झांसी रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई।

# वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण

## आरबीआई के गवर्नर मल्होत्रा ने कहा- वैश्विक आर्थिक बदलाव से बढ़ती हैं चुनौतियां

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि मूल्य स्थिरता की तरह वित्तीय स्थिरता भी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बना रहे हैं।

उन्होंने जून के लिए वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में कहा, वित्तीय क्षेत्र के नियामक ग्राहकों की सुरक्षा, प्रतिस्पर्धा और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे दक्षता और वृद्धि में सुधार तथा सुरक्षा और मजबूती के बीच सही संतुलन बनाते हैं। गवर्नर के अनुसार, कई संरचनात्मक बदलाव वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया रूप दे रहे हैं। इनमें व्यापार में बढ़ता विखंडन, प्रौद्योगिकी बदलाव, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा, ये आर्थिक आकलन को कठिन और नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। इसलिए, अनिश्चितता के कोहरे से बाहर निकलने के दौरान भी केंद्रीय बैंकों और वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों के लिए अपनी अर्थव्यवस्थाओं और वित्तीय प्रणालियों की सुरक्षा में सतर्क, विवेकपूर्ण और चुस्त बने रहना जरूरी है। मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में केंद्रीय बैंक की कोशिश एक अच्छी तरह से काम करने वाली वित्तीय प्रणाली विकसित करने की है, जो न केवल व्यापक आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा दे, बल्कि कुशलतापूर्वक वित्तीय सेवाएं भी प्रदान करे।

### बैंक कर्ज वृद्धि धीमी पड़कर 4.9% पर

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि 30 मई को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज वृद्धि में नरमी रही। उद्योग को बैंक कर्ज में 4.9% की वृद्धि हुई, जबकि गत वर्ष की इसी अवधि में यह 8.9% थी। आरबीआई ने 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से प्राप्त सूचना के आधार पर मई, 2025 के लिए बैंक ऋण पर आंकड़े जारी किये हैं। यह कर्ज सभी वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए गए कुल गैर-खाद्य ऋण का 95% है। सालाना आधार पर, 30 मई, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 9.8% की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि (31 मई, 2024) के दौरान इसमें 16.2% की वृद्धि हुई थी।

### एनपीए कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर

**मुंबई।** बैंकिंग प्रणाली की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) मार्च, 2025 में घटकर कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर आ गई हैं। आरबीआई की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2024 में बैंकों का जीएनपीए 2.6% था। रिजर्व बैंक की अर्ध-वार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा गया है कि 46 बैंकों के जीएनपीए मार्च, 2027 तक बढ़कर 2.6% पर पहुंच सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दशक के उत्तरार्ध में बैंकिंग प्रणाली के लिए डूबा कर्ज सबसे बड़ी चुनौती रहा है। हालांकि, पिछले कुछ साल के दौरान मुख्य अनुपात के स्तर पर प्रणाली में लगातार सुधार हो रहा है।

### वैश्विक वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनी भारतीय अर्थव्यवस्था

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और विवेकपूर्ण नीतियों से वैश्विक वृद्धि का केंद्र बनी हुई है। आरबीआई ने कहा कि बढ़ी हुई आर्थिक और व्यापार नीति अनिश्चितताएं वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। वित्तीय बाजार अस्थिर हैं, विशेष रूप से सरकारी बॉण्ड बाजार। ऐसा बदलती नीतियों और भू-राजनीतिक वातावरण के चलते है। बढ़ते सार्वजनिक ऋण स्तर और उच्च परिसंपत्ति मूल्यांकन जैसी मौजूदा कमजोरियों में नए झटकों को बढ़ाने की क्षमता है।

## एग्रीकल्चरल कमोडिटी : निवेश का बेहतर विकल्प



बात काम की

कमोडिटी बाजार में कृषि उत्पादों (एग्रीकल्चरल कमोडिटीज) का महत्वपूर्ण स्थान है। इनमें गेहूं, चावल, कपास, गन्ना, मक्का, दालें, सरसों, कॉफी जैसी वस्तुएं आती हैं। निवेशक इनमें फ्यूचर्स और स्पॉट मार्केट से निवेश कर सकते हैं। कृषि कमोडिटी में निवेश से महंगाई के खिलाफ हेजिंग मिलती है, लेकिन यह मौसम, सरकारी नीतियों और वैश्विक मांग-आपूर्ति से प्रभावित होती है। यह किसानों से लेकर निवेशकों तक को आय का साधन देता है।

### क्या हैं कृषि उत्पाद

कृषि उत्पाद वे वस्तुएं हैं जो खेती से प्राप्त होती हैं, इनमें गेहूं, चावल, दालें, तिलहन, गन्ना, कपास, मसाले, चाय और कॉफी। ये खाद्य सुरक्षा व औद्योगिक उपयोग दोनों में अहम भूमिका निभाते हैं।

### कैसे करें निवेश

भारत में एनसीडीईएक्स (नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज) जैसे प्लेटफार्म पर कृषि कमोडिटीज का व्यापार होता है। निवेशक दो प्रकार से इसमें भाग ले सकते हैं। **स्पॉट मार्केट :** जहां वस्तु का तात्कालिक लेनदेन होता है। **फ्यूचर्स मार्केट :** जहां भविष्य की तारीख के लिए अनुबंध किया जाता है। डिमैट खाता व कमोडिटी ट्रेडिंग खाता खोलना। एक्सचेंज द्वारा सूचीबद्ध कृषि उत्पादों की जानकारी लेना। मौसम, फसल की रिपोर्ट, सरकारी नीति, आयात-निर्यात और वैश्विक मांग पर नजर रखना।

### निवेश के लाभ

- **विविधता :** पोर्टफोलियो में विविधता लाने का अवसर।
- **हेजिंग टूल :** मुद्रास्फीति के प्रभाव को संतुलित करता है।
- **सीजनल :** मौसम के आधार पर मूल्य में वृद्धि की संभावना।
- **लिक्विडिटी :** कमोडिटी में ट्रेडिंग वॉल्यूम अच्छा होता है।

### जोखिम पर दें ध्यान

- **मौसमी अनिश्चितता :** वर्षा, सूखा या बाढ़ का प्रभाव।
- **सरकारी हस्तक्षेप :** एमएसपी, आयात-निर्यात नीति।
- **अस्थिरता :** वैश्विक बाजार के प्रभाव से गिरावट या तेजी।
- **भंडारण-डिलीवरी की चुनौतियां :** विशेषकर स्पॉट ट्रेडिंग में।

# थमी तेजी, सेंसेक्स में 452 अंक की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजार में चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और दोनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 452 अंक लुढ़का, जबकि निफ्टी में 121 अंक की गिरावट आई। मुख्य रूप से बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। वहीं, लाभ में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। बीएसई स्मॉलकैप 0.81 तो मिडकैप 0.67% की मजबूती रही।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, पिछले सप्ताह मजबूत वैश्विक संकेतों और घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीद से बाजार में तेजी थी। हालांकि, मुनाफावसूली से मानक सूचकांकों में गिरावट आई। निवेशकों का ध्यान अमेरिका सरकार के साथ व्यापार समझौते पर होगा, क्योंकि इसकी अंतिम तिथि पास आ रही है। भारत को अभी समझौते को अंतिम रूप देना बाकी है...। हालांकि, उतार-चढ़ाव बना रहेगा, लेकिन भारत की मजबूत वृद्धि संभावनाएं गिरावट पर अंकुश लगा सकती है।'' इससे पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,162.11 अंक यानी 2.64 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 665.9 अंक यानी 2.66 प्रतिशत चढ़ा था।

# राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 0.8% रहा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में देश का राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 0.8% रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

गत वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में राजकोषीय घाटा या सरकार के व्यय एवं राजस्व के बीच का अंतर 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 3.1% था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार का अनुमान है कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4% या 15.69 लाख करोड़ रहेगा। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के अनुसार, अप्रैल-मई, 2025 के दौरान राजकोषीय घाटा 13,163 करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 0.8% रहा। शुद्ध कर राजस्व 3.5 लाख करोड़ या बजट अनुमान 2025-26 का 12.4% दर्ज किया गया। पिछले साल इसी अवधि में यह बजट अनुमान का 12.3% था।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 9 माह के निचले स्तर 1.2% पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विनिर्माण, खनन व बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2% पर रही है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई माह में 6.3% थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6% कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7% रहने का अनुमान था। अगस्त, 2024 में आईआईपी में सबसे कम वृद्धि दर्ज हुई थी। उस समय वृद्धि दर स्थिर थी। एनएसओ के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि इस साल मई में घटकर



- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई में 6.3% थी

2.6% रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.1% थी। वहीं खनन उत्पादन में 0.1% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 6.6% की वृद्धि हुई थी। बिजली उत्पादन में 5.8% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में बिजली उत्पादन 13.7% बढ़ा था। वित्त वर्ष 2025-26 में पहले दो माह (अप्रैल-मई) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर 1.8% की वृद्धि हुई है जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 5.7% थी।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, मानसून के जल्दी आने से खनन क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और बिजली की मांग में कमी आई है। इस वजह से आईआईपी के इन दोनों उप-क्षेत्रों में मई में गिरावट आई है, जबकि विनिर्माण में वृद्धि धीमी रही है। जून तिमाही के पहले दो महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीमी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि के लिए अच्छा संकेत नहीं है।



## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास 60 किलो हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को राजस्थान के बाड़मेर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 60 किलो से अधिक हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव बताया कि इस मामले में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू कश्मीर से कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### सीएम के काफिले में अन्य वाहन का प्रवेश, 5 गिरफ्तार

**कोझिकोड (केरल)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के काफिले में एक वाहन के घूसने के बाद 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना एलथुर के पास रविवार सुबह सवा 10 बजे हुई जब मुख्यमंत्री सरकारी अतिथि गृह जा रहे थे। पुलिस ने वाहन से एक वॉकी-टॉकी भी जब्त की। वाहन पर कोई नंबर प्लेट नहीं था। वाहन को तीन बार काफिले से दूर रहने की चेतावनी दी गई लेकिन इसके बावजूद वाहन उच्च सुरक्षा काफिले में घूसा गया। अधिकारियों ने वेस्ट हिल चुंगम में वाहन को रोका और वाहन में मौजूद पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

### जेएनयू के लापता छात्र का मामला होगा बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने सीबीआई को जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) के प्रथम वर्ष के छात्र नजीब अहमद की गुमशुदगी मामले को बंद करने की सोमवार को अनुमति दे दी। वह 15 अक्टूबर 2016 को लापता हो गया था। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति माहेश्वरी ने एजेंसी की 'क्लोजर रिपोर्ट' को स्वीकार कर लिया।

# नमाजवाद छिपाने को लिया समाजवाद का आड़

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने की कोशिश का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने सोमवार को विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने और अपने नमाजवाद को छिपाने के लिए समाजवाद की आड़ लेने का आरोप लगाया। भाजपा ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की भी उनकी उस टिप्पणी के लिए आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनका गठबंधन बिहार में सत्ता में आता है, तो संशोधित वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक देगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि बिहार में राजद-कांग्रेस-वाम दलों के इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया है, क्योंकि यह अधिनियम संसद द्वारा पारित था और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। वे ना तो संसद का



- सुधांशु त्रिवेदी ने की वक्फ कानून पर तेजस्वी के रुख की आलोचना
- बिहार में इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया

सम्मान करते हैं और ना ही न्यायपालिका का। भाजपा प्रवक्ता ने निर्वाचन आयोग के मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा पर विपक्ष की आलोचना को खारिज कर दिया, जिसकी शुरुआत बिहार से हुई है। उन्होंने कहा कि यह आलोचना उनकी अपरिहार्य हार के मद्देनजर उनकी पराजयवादी मानसिकता से उपजी है। ये दल फर्जी मतदाता चाहते हैं, जबकि यह तय करना जरूरी है कि केवल पात्र भारतीय ही सरकार चुन सकें।

आयोग ने कहा है कि यह नियमित प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं को ही सूची में शामिल करना है। विपक्षी दलों ने दावा किया है कि आयोग जानबूझकर पात्र मतदाताओं को बाहर कर सकता है। बिहार में विस चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है। पटना में आयोजित रैली में वक्फ (संशोधन) अधिनियम की तीखी आलोचना पर विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना साधते हुए त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है।

### शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है विपक्ष

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन पिछले दरवाजे से शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है। तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य ओबीसी, एससी और एसटी के लिए आरक्षण मुसलमानों को दे रहे हैं और प. बंगाल भी इसकी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, संविधान बचाओ इन दलों का महज दिखावा है, क्योंकि इनका असली चेहरा शरिया लाओ है। अगर वे सत्ता में आए, तो संविधान की प्रस्तावना में नमाजवाद जोड़ देंगे। वे संविधान को शरिया स्क्रिप्ट में बदलना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संविधान के प्रावधान को कूड़ेदान में नहीं फेंकने देगा। उन्होंने कहा कि वे जिन शरिया प्रावधानों की वकालत कर रहे हैं, वे सऊदी अरब, पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की जैसे इस्लामी देशों में भी लागू नहीं हैं।

# बोधगया मंदिर अधिनियम पर सुनवाई से शीर्ष इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट का रुख करने को कहा। बिहार के बोधगया में स्थित महाबोधि मंदिर यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है। यह भगवान गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े चार पवित्र क्षेत्रों में से एक है।

बोधगया मंदिर अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और के. विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष पेश हुई। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से याचिका में उठाए मुद्दे पर पूछा। वकील ने कहा, याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि बोधगया मंदिर अधिनियम को अवैध बताते हुए रद्द किया जाए। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट जाना चाहिए। आप ये मामला हाईकोर्ट के समक्ष क्यों नहीं उठाते? न्यायालय ने कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

### ललित मोदी की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने ललित मोदी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने फेमा के उल्लंघन के लिए ईडी द्वारा उन ऊपर लगाया गया 10 .65 करोड़ का जुर्माना बीसीसीआई को अदा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और आर महादेवन की पीठ याचिका खारिज की। गत 19 दिसंबर को मुंबई हाईकोर्ट ने ललित मोदी पर 1 लाख का जुर्माना लगाते हुए उनकी वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन पर ईडी द्वारा लगाए जुर्माने का भुगतान बीसीसीआई को करने का आदेश देने का अनुरोध किया था।

# संविधान का एक शब्द भी छुआ गया तो हम पूरी ताकत से लड़ेंगे : खरगे

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि अगर संविधान में किसी एक शब्द को भी छुआ गया तो इसके खिलाफ उनकी पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी। उन्होंने प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी आरएसएस के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के आह्वान पर यह टिप्पणी की।

बेंगलुरु स्थित आवास पर खरगे ने दावा किया कि होसबाले मनुस्मृति को मानने वाले हैं। वह नहीं चाहते कि गरीब आगे आएं। जो हजारों साल पहले होता था, वह उसी व्यवस्था को जारी रखना



- कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा संबंधी होसबाले के आह्वान पर की टिप्पणी

चाहते हैं। इसलिए उन्हें समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पसंद नहीं है। खरगे के मुताबिक, ये सिर्फ होसबाले का मत नहीं है, बल्कि आरएसएस का मत है। उन्होंने आरोप लगाया, आरएसएस गरीबों, दलितों और और अन्य समुदायों के खिलाफ है। यदि उन्हें इतनी ही रुचि है, तो वे अस्पृश्यता को हटा सकते थे।

## गुलजार हो रही घाटी



डोडा जिले में पहलगाम हमले के बाद बंद भद्रवाह-चंबा अंतर्राज्यीय सड़क के दोबारा खुलने के बाद यहां पर्यटन फिर से गुलजार होने लगा है। सुरक्षाबलों की निगरानी में पर्यटक यहां की वादियों का आनंद लेते नजर आए। एजेसी

# राजा के परिवार ने सोनम को दिए थे 16 लाख के जेवरात

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

**इंदौर (मप्र)।** हनीमून हत्याकांड मामले में राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने सोमवार को कहा कि सोनम को उनके परिवार ने विवाह के दौरान 16 लाख के जेवरात तोहफे में दिए थे। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने यह दावा मेघालय पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश के रतलाम से रविवार को अहम सबूत के तौर पर कुछ जेवरात, लैपटॉप और अन्य सामग्री बरामद होने के अगले दिन किया। ये सामान हत्याकांड के सबूत छिपाने और मिटाने के आरोप में गिरफ्तार इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स की निशानदेही पर उसकी पत्नी के मायके से बरामद हुआ। बरामदगी के अगले दिन विपिन इंदौर पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के दफ्तर में दिखाई दिए जहां जांच के लिए मेघालय पुलिस के दल ने डेरा डाल रखा है।

# सीबीआई जांच को जनहित याचिका दायर

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता हाईकोर्ट में सोमवार को जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करके विधि छात्रा से उसके महाविद्यालय में पूर्व छात्र और दो अन्य छात्रों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया गया। याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि पीड़िता की शिकायत पर सीबीआई को इसकी जांच करने और अदालत के समक्ष अंतरिम रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया जाए। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा के राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी से संबंध हैं, निष्पक्ष जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंपा जाए।

## विधि छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म का मामला

### पहले रची साजिश, पीड़िता पर थी नजर

विधि छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म में गिरफ्तार चार लोगों में से तीन ने इसकी साजिश पहले ही रची थी। जांच कर रहे नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने यह भी पाया कि तीन आरोपियों - मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद का छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है। चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है। तीनों ऐसी घटनाओं को मोबाइल फोन से रिकॉर्ड करते थे और बाद में पीड़ितों को ब्लैकमेल करते थे। घटना की पहले से ही साजिश रच ली गई थी। तीनों की कई दिनों से पीड़िता पर नजर थी। कॉलेज में दाखिले के दिन से ही मुख्य आरोपी पीड़िता पर नजर रख रहा था।

### लॉ कॉलेज में कक्षाएं अनिश्चितकाल के लिए निलंबित

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म किए जाने के बाद कॉलेज के प्राधिकारियों ने सभी छात्रों के लिए अनिश्चितकाल तक कक्षाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय कॉलेज के संचालन निकाय ने लिया है। कॉलेज प्राधिकारियों द्वारा 29 जून को जारी अधिसूचना में कहा गया है, कॉलेज की बीए एलएलबी और एलएलएम (सामान्य और ऑनर्स) की सभी कक्षाएं निलंबित रहेंगी।

# भगदड़ के एक दिन बाद पुरी में भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**पुरी (ओडिशा)।** पुरी के श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ में 3 लोगों की मौत और 50 के घायल होने के एक दिन बाद सोमवार को हजारों श्रद्धालु बलभद्र, सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़ पड़े।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार की घटना के मद्देनजर श्री गुंडिचा मंदिर के सामने अवरोधक लगा दिए गए हैं और मंदिर के अंदर स्थित अडापा मंडप (वह मंच जहां देवता बैठते हैं) में देवताओं के सुचारू दर्शन के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। मंदिर प्रशासन ने बताया कि श्री गुंडिचा मंदिर में देवताओं के प्रवेश के बाद कई अनुष्ठानों से सोमवार रात को पाहुड़ा (देवताओं के विश्राम के लिए मंदिर के द्वार बंद करना) नहीं किया गया। मंदिर के अधिकारी ने बताया, सोमवार को सुबह 7.40 बजे मंगल आरती हुई और हजारों श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी के अनुष्ठान में भाग लिया।

# शिमला में 5 मंजिला इमारत ढही, कई जगहों पर भूस्खलन

**शिमला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश में मानसून के सक्रिय रहने से सोमवार को भारी बारिश से नुकसान की कई घटनाएं हुईं। शिमला में एक पांच मंजिला इमारत ढह गई, जबकि रामपुर में बादल फटने से कई मवेशी बह गए। कई इलाकों में भूस्खलन और रास्तों के बंद होने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ।

सोमवार सुबह शिमला के उपनगरीय क्षेत्र भट्टाकुफर में पांच मंजिला इमारत ढह गई, वहीं रामपुर के सिकासेरी गांव में बादल फटने से एक बाड़े से कई मवेशी बह गए। चमियाना सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रास्ते पर स्थित माथू कॉलोनी की इमारत ढह गई। जिला प्रशासन ने खतरे को भांपते हुए इमारत खाली करा ली थी।

## मानसून का कहर



शिमला के भट्टा कुफर में भारी बारिश के बाद ढह गए बहुमंजिला इमारत का मलबा।

पास की दो अन्य इमारतों पर भी खतरा बना है। इमारत की मालकिन रंजना वर्मा ने बताया, शनिवार की बारिश के बाद जमीन खिसक रही थी, इसलिए हमने रविवार रात को ही इमारत खाली कर दी थी। सोमवार सुबह सवा आठ बजे इमारत ढह गई। पास में बन रही चार लेन वाली सड़क के निर्माण से इमारत कमजोर हो गई थी, लेकिन उसकी सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

चमियाना ग्राम पंचायत के उपप्रधान यशपाल वर्मा के अनुसार भवन में दरारें आ गई थीं, लेकिन कैथलीघाट-ढली चार लेन वाली सड़क का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि भवन सुरक्षित है। वर्मा ने बताया कि पंचायत ने कंपनी को काम रोकने के लिए कहा था क्योंकि इससे इमारतें असुरक्षित हो रही थीं। इस बीच, रामपुर के सरपारा ग्राम पंचायत के सिकासेरी गांव में बादल फटने से दो गौशालाएं, तीन गायें और दो बछड़े, एक रसोई और एक कमरा बह गया।

## एक नजर


इंग्लैंड के एजबेस्टन में गेंदबाजी का अभ्यास करते मोहम्मद सिराज। ● एजेंसी

### रॉकेट क्लासिक गोल्फ में संयुक्त 26वें स्थान पर रहे भाटिया

**डेट्रॉयट :** अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर रॉकेट क्लासिक गोल्फ के चौथे दौर के आखिरी 12 होल में नौ बर्डी लगाकर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेला। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी भाटिया तीसरे दौर के बाद संयुक्त 55 वें पायदान पर थे लेकिन आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन के बूते उन्होंने अपना अभियान संयुक्त 26वें स्थान के साथ खत्म किया। उनका कुल स्कोर 15 अंडर का रहा। भाटिया ने तीसरे और पांचवें होल में बोगी किया लेकिन फिर सातवें से 10वें होल और 12वें से 15 वें होल तक दो बार लगातार चार बर्डी के साथ शानदार वापसी की।उन्होंने 18वें होल में भी बर्डी लगा कर शुरुआती तीन दौर के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोडा। भाटिया ने शुरुआती तीन दौर में 68, 70, 70 के कार्ड खेले थे।

### स्टीव स्मिथ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा) :** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपने दाएं हाथ की छोटी उंगली पर लगी चोट से उबरने के लिए बेसबॉल का सहारा लिया और अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। स्मिथ को इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान पहली स्लिप में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा का मुश्किल कैच लेने की कोशिश करते समय दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लग गई थी। इस 36 वर्षीय पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने घाव को साफ करने, टांके लगाने और उंगली में पट्टी लगाने के बाद तुरंत लंदन छोड़ दिया। चोट के अपने आप ठीक होने का इंतजार करने के बजाय उन्होंने न्यूयॉर्क में ''बेसबॉल केज'' में जाने का फैसला किया, जहां उनका एक अपार्टमेंट है। चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 159 रन जीता था।

### दुबई में आयोजित की जाएगी पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग

**नयी दिल्ली :** पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) अगले साल फरवरी मार्च में दुबई में आयोजित की जाएगी जिसमें 30 देश भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) से मान्यता हासिल है। यह फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता है जिसमें भारत सहित दुनिया भर के खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। लीग का संचालन करने वाली एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और संस्थापक संभव जैन ने कहा कबड्डी न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक खेल समुदाय के लिए एक बड़े मंच का हकदार रहा है। लीग में कुल आठ फ्रेंचाइजी टीम हिस्सा लेंगी। भारत सहित दक्षिण कोरिया, ईरान, थाईलैंड, पाकिस्तान, मलेशिया, जापान, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों ने इसमें खेलने की पुष्टि कर दी है।

### छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी फतह की

**रूपनगर :** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी। इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है।

# भारत के गेंदबाजी आक्रमण में विविधता की कमी चिंता का विषय

## आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने कुलदीप और अर्शदीप को चुनने की सलाह दी

**लंदन, एजेंसी**

आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के अभाव का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कुलदीप यादव को शेन वॉर्न के बाद सर्वश्रेष्ठ कलाई का स्पिनर करार देते हुए उन्हें और अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की सलाह दी।

भारत को पांच मैचों की शृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में आठ कैच टपकाये। चैपल ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' के लिये अपने कॉलम में लिखा हेडिंग्ले में फील्डिंग बहुत निराशाजनक थी, लेकिन हार का यह अहम कारण नहीं था। भारत ने अपनी परेशानियां खुद खड़ी की थी। सबसे बड़ी गलती तो वह नो बॉल थी जिससे दूसरी पारी की शुरूआत में ही हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत के सामने समस्या यह भी थी कि उसके दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर लगभग एक से ही थे। उन्होंने कहा भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता का अभाव था। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर बाकी तेज गेंदबाज एक जैसे ही थे। गेंदबाजी में बदलाव के तुरंत बाद विकेट गिरने का कारण यह होता है कि बल्लेबाज को ढलने में समय लगता है। लेकिन भारतीय टीम के पास यह विकल्प नहीं था। भारत के पूर्व कोच ने कहा बुमराह की गैर मौजूदगी में अर्शदीप सिंह को टीम में जगह मिलनी चाहिए। इसके साथ ही कुलदीप यादव को भी उतारना चाहिये जो शेन वॉर्न के बाद कलाई का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है।


कुलदीप यादव।

### ईसीबी ने ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया: फारुख इंजीनियर

**बर्मिंघम :** दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के करीबी मित्र फारुख इंजीनियर ने कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया तथा इस पूर्व कप्तान के नाम पर पदक देने का फैसला उनके जैसे प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के लिए पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत की थी, लेकिन पांच मैचों की वर्तमान सीरीज शुरू होने से पहले इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले की सुनील गावस्कर जैसे क्रिकेटरों ने आलोचना की थी। इंजीनियर भी इस फैसले से निराश हैं लेकिन इसके साथ उन्हें यह भी लगता है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियां निर्विवाद हैं। तेंदुलकर ने ईसीबी से संपर्क किया, जिसके बाद घरेलू बोर्ड ने श्रृंखला जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया।

### इंग्लैंड ने एकादश में कोई नहीं किया बदलाव अभ्यास में शामिल नहीं हुए आर्चर

**बर्मिंघम :** भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है, जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण सोमवार को एजबेस्टन में टीम की अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बने। आर्चर के बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले मंगलवार को टीम में फिर से शामिल होने की उम्मीद है। इंग्लैंड ने हालांकि हेडिंग्ले में श्रृंखला के पहले मैच में पांच विकेट से जीत हासिल करने वाली एकादश को दूसरे टेस्ट के लिए बरकरार रखने का फैसला किया है। दायें हाथ का यह तेज गेंदबाज पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं था। उन्हें अब एकादश का हिस्सा बनने के लिए इंतजार करना होगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।


भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया। ● एजेंसी

# बुमराह पर फैसला अगले 24 घंटे में, लेकिन दो स्पिनरों के खेलने की संभावना : सहायक कोच

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर अगले 24 घंटों में फैसला लिया जाएगा लेकिन भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे को पूरा यकीन है कि उनकी टीम एजबेस्टन में दो स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरेगी।

कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने की मांग बढ़ रही है लेकिन बल्लेबाजी की गहराई बनाए रखने के लिए रविंद्र जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर भी एकादश में जगह बनाने की दौड़ में है। भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में सोमवार को तीनों स्पिनरों ने गेंदबाजी की। बुमराह चोटिल होने से बचने के लिए इस सीरीज में पांच में से तीन टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने अभ्यास सत्र की शुरुआत में दो रंग की गेंद (लाल और सफेद) से गेंदबाज



की और फिर फिर सत्र के आखिरी क्षणों में 'ड्यूक' गेंद से गेंदबाजी की। उन्होंने लगभग तीन ओवर गेंदबाजी की जबकि उनके साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा ने शुरू में काफी गेंदबाजी की।

भारतीय टीम सीरीज को 0-1 से पिछड़ने के बाद बुमराह के तीन टेस्ट मैचों के चयन को लेकर दुविधा में है। डोइशे ने कहा वह जाहिर तौर पर चयन के लिए उपलब्ध है। हम शुरू से जानते हैं कि वह पांच में से सिर्फ तीन मैच खेलेगा। उसे पिछले टेस्ट से उबरने के लिए आठ दिन मिले हैं। उन्होंने कहा हमें यह तय करना है कि मौजूदा परिस्थितियों, कार्यभार और अगले चार मैचों के लिए हम उसे कैसे बेहतर तरीके से प्रबंधित कर सकते हैं, इस पर हमने अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हम यह भी देखेंगे कि अन्य खिलाड़ियों का कार्यभार कैसा है। उन्होंने कहा, हमें अगर लगा कि उसे इस टेस्ट में खिलाने में फायदा है, तो हम आखिरी मिनट में यह फैसला लेंगे। फायदा से मेरा मतलब मौसम, पिच और परिस्थितियों के आकलन से है। हमें यह भी तय करना है कि क्या उसे लॉड्र्स और शायद मैनचेस्टर या ओवल के लिए बचाना बेहतर होगा? इससे जुड़े फैसले के पीछे बहुत सारे कारक है। भारतीय टीम के सीरीज में पिछड़ने के बाद बुमराह को टीम में शामिल करने बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा यह लुभावना तो है, लेकिन हमें यह भी लगता है कि हम जसप्रीत के बिना भी सीरीज को 1-1 कर सकते हैं।

# आयुष ने जीता पहला वर्ल्ड टूर यूएस ओपन खिताब

**आयोवा (अमेरिका), एजेंसी**

उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया।


विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था।



> यह जीत काफी मायने रखता है, यह सीनियर सर्किट पर मेरा पहला खिताब है। मैं बहुत खुश हूं। मैंने यहां बहुत बढ़िया बैडमिंटन खेला। मैं अब अगले सप्ताह कनाडा ओपन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।
>
> -आयुष शेट्टी, बैडमिंटन खिलाड़ी

### तन्वी को फाइनल में मिली शिकस्त

महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। तन्वी ने कहा मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं। मैं फाइनल के लिए कोर्ट में आने से पहले थोड़ी घबराई हुई थी और मैंने कई गलतियां की। यह सुपर 300 स्तर पर मेरा पहला फाइनल था, मैं इसे लेकर संतुष्ट हूं।



## मेदवेदेव विंबलडन के पहले दौर में हुए उलटफेर का शिकार

**लंदन :** नौवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव सोमवार को विंबलडन के शुरुआती दौर में 64वीं रैंकिंग वाले बेंजामिन बोंजी से 7-6 (2), 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हार के साथ उलटफेर का शिकार बने। पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मेदवेदेव लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। रूस का यह खिलाड़ी इससे पहले फ्रेंच ओपन में भी पहले दौर से बाहर हो गया था। उन्हें साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

मेदवेदेव इससे पहले 2017 में लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे थे। वह उस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। मेदवेदेव इस साल पेरिस में कैमरून नॉरी से पांच सेट के मैच में हार गये थे। वह 2023 में फ्रेंच ओपन की पहली बाधा पार करने में नाकाम रहे थे।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगी महिला टीम

- नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की वापसी की उम्मीद
- स्मृति मंधाना के स्ट्रोक्स से इंग्लैंड के खेमे में चिंता की लकीरें

**ब्रिस्टल, एजेंसी**

पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं।


हरमनप्रीत कौर।

**समय : रात 11:00 बजे से**

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड :** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स (विकेट कीपर), डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, लिन्सी स्मिथ, इसी वोंग।

# सचिन जैसी 'सुपरपावर' चाहते हैं भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह चुनौतियों का सामना ठंडे दिमाग से करने के लिये महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर जैसी 'सुपरपावर' पाना चाहते हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के चोपड़ा ने यह भी कहा कि ह धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहे हैं जब उनके दिग्गज कोच जान जेलेंजी ने उन्हें भाला फेंकने से पहले 18 बरस के युवक की तरह किसी तनाव के बिना दौड़ने की सलाह दी।



उन्होंने कहा कि अब तक मैदान से भीतर और बाहर उन्हें सर्वश्रेष्ठ सलाह चेक कोच जेलेंजी से मिली है जिनके नाम 98 . 48 मीटर का भालाफेंक का विश्व रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने 'स्टार स्पोटर्स' और 'जियो हॉटस्टार' से कहा जब भी मैं थ्रो फेंकता हूं तो मैं काफी ऊर्जावान रहता है लेकिन कोच ने मुझसे कहा कि मुझे प्रवाह के साथ दौड़ना है। मुझे 18 वर्ष के लड़के की तरह बिना किसी तनाव के दौड़ना है। मैं धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहा हूं। उन्होंने कहा किसी भी खेल में प्रवाह महत्वपूर्ण है। मसलन रोजर फेडरर इतनी गरिमा और लय के साथ खेलते हैं कि पता ही नहीं चलता कि वह इतना प्रयास कर रहे हैं। मैं अपने अभ्यास में वही उतारना चाहता हूं। यह पूछने पर कि वह किस क्रिकेटर की सुपरपावर भालाफेंक में उतारना चाहेंगे। चोपड़ा ने कहा सचिन तेंदुलकर। उन्होंने इतने साल तक इतने शानदार तरीके से देश का प्रतिनिधित्व किया। इतने महान गेंदबाजों की चुनौतियों का सामना करके भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा मैं वही सुपरपावर लेना चाहूंगा और वैसे ही खेलना चाहूंगा। इससे मुझे शांत रहकर चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी।

# मुक्केबाज ने लगाया महिला कोच पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



- बार-बार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के कारण अवसाद में चली गई है जूनियर मुक्केबाज, माता-पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के रोहतक केंद्र की राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी (एनबीए) की महिला कोच पर राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग मुक्केबाज ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। नाबालिग के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी (एफआईआर) के अनुसार बार-बार 'मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न' के कारण वह अवसाद में चली गई है।

इस से जुड़ी प्राथमिकी की प्रति होने के बावजूद 'पीटीआई-भाषा' आरोपी का नाम सार्वजनिक नहीं कर रहा है क्योंकि मामले की जांच चल रही है। इस मामले में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से जब टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने 17 वर्षीय पीड़िता द्वारा डराने-धमकाने और थप्पड़ मारने की घटनाओं के बारे में शिकायत

मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन एफआईआर में लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में उन्हें सूचित किए जाने से इनकार किया। दोनों संस्थाओं ने कहा कि उनकी आंतरिक जांच में कोच के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। यह कोच इस समय जूनियर और युवा मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय शिविर के संचालन में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। साइ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह जांच में सहायता करेगा। साइ के क्षेत्रीय केंद्र (सोनीपत) ने इस बारे में 'पीटीआई' के सवाल पर कहा अभी तक हमें किसी प्राथमिकी की प्रति नहीं मिली है। एनबीए रोहतक की एक महिला मुक्केबाज ने 24 अप्रैल 2025 को ई-मेल कर एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आयरलैंड में 25 मार्च 2025 से तीन अप्रैल 2025 तक आयोजित आमंत्रण मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दौरान एक महिला कोच द्वारा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उस शिकायत में यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं लगाया गया था। उन्होंने कहा, मामले की एक विस्तृत जांच की गई जिसमें शिकायतकर्ता, संबंधित कोच, सभी साथी कोच, वहां मौजूद कर्मचारियों और साथी खिलाड़ियों के बयान लिए गए। उन्होंने कहा साइ स्वच्छ खेल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्राथमिकी के आधार पर किसी भी समय जांच के दौरान सहयोग के लिए तैयार रहेगा।

### रोहतक पुलिस स्टेशन में एफआईआर में दर्ज पीड़िता का दर्द

रोहतक पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि कोच ने एक बार जबरन उसके कपड़े उतारने की कोशिश की, उसे कई बार थप्पड़ मारे, उसका करियर बर्बाद करने की धमकी दी और अन्य मुक्केबाजों के सामने उसे 'बुरे चरित्र वाली' कहा, जिससे वह अलग-थलग पड़ गई। कोच के खिलाफ शिकायत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (जान बूझकर से चोट पहुंचाना) और 351 (3) (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की धारा 10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दर्ज की गई है।

# सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी चार दिन की भूटान यात्रा पर गए

नई दिल्ली, एजेंसी



• राजा जिग्मे खेसर और सेना प्रमुख बट्टू शेरिंग से करेंगे विस्तृत बातचीत

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सोमवार को भूटान की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। अधिकारियों के मुताबिक रणनीतिक रूप से अहम स्थान पर डोकलाम पठार के आसपास बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में सेना प्रमुख पड़ोसी मुल्क गए हैं।

भूटान के साथ पहले से ही घनिष्ठ द्विपक्षीय सैन्य संबंध हैं और उनकी इस यात्रा से रिश्तों के और मजबूत होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि भूटान की राजधानी थिम्पू में जनरल द्विवेदी राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे और भूटान के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। सेना प्रमुख की 30 जून से तीन जुलाई तक की भूटान यात्रा बदलते क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बीच हो रही है। इसी के साथ वह पाकिस्तानी क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर' के सात सप्ताह बाद पड़ोसी देश गए हैं। भारतीय सेना ने कहा, यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों में स्थायी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है।

# तेजी से हथियार बनाने में यूक्रेन की मदद करेगा जर्मनी

**कीव।** जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने सोमवार को कहा कि उनके देश का लक्ष्य यूक्रेन को और अधिक तेजी से हथियार बनाने में मदद करना है ताकि कीव रूस के साथ तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता में अपनी स्थिति मजबूत कर सके।

वेडफुल ने जर्मन रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ यूक्रेनी राजधानी कीव की यात्रा के दौरान कहा, हम मानते हैं कि हमारा काम यूक्रेन की मदद करना है ताकि वह अधिक मजबूती से बातचीत कर सके। अमेरिका के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयास युद्ध को रोकने में विफल रहे हैं।

## हर दल है बेनकाब

# बलात्कार और राजनीति

कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक बलात्कार की घटना से फिर सवाल खड़े हो गए हैं कि देश में सार्वजनिक स्थलों पर भी महिलाएं आखिर सुरक्षित क्यों नहीं हैं। छात्रा से बलात्कार का मुख्य आरोपी सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का सदस्य होना यह भी दर्शाता है कि राजनीति में चरित्रवान लोग अब कम ही राजनीतिक दलों की प्राथमिकता रह गए हैं। रिकॉर्ड बताता है कि महिलाओं के प्रति अपराधों के मामले में कोई भी दल आरोपों से अछूता नहीं है। इस तरह भारत में बलात्कार की घटनाएं सिर्फ कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और राजनीति का भी संकट बन गई हैं। ऐसी तमाम घटनाएं उदाहरण हैं, जब आरोपियों को खुलकर सत्ता का संरक्षण मिला और समाज चुप रह गया।

### हर 16 मिनट में एक बलात्कार

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक देश में सन् 2023 में बलात्कार की 33000 से ज्यादा घटनाएं दर्ज हुईं, यानी हर 16 मिनट में एक बलात्कार हुआ। सर्वाधिक मामले राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र दर्ज हुए। वैश्विक स्तर पर भारत उन देशों में शामिल माना जाता है जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों की संख्या बहुत ज्यादा है। थॉमसन रियूटर्स फाउंडेशन की 2018 में जारी एक रिपोर्ट में भारत को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित देश बताया गया था।

### राज्यों की स्थिति

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 राजस्थान में सर्वाधिक 6,379, मध्य प्रदेश में 4,843, यूपी में 3,539, महाराष्ट्र में 3,001, ओडिशा में 2,758, छत्तीसगढ़ में 2,501, बिहार में 1,378, पश्चिम बंगाल में 1,689, दिल्ली में 1,36 और हरियाणा में 1,284 बलात्कार के मामले दर्ज हुए।



### इतनी घटनाएं क्यों

समाज में पितृसत्तात्मक सोच और महिला विरोधी मानसिकता, महिलाओं की आजादी पर नियंत्रण की कोशिश, अक्सर आरोपियों को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण, आरोपी के प्रभावशाली होने पर पुलिस की अनदेखी, न्याय मिलने में वर्षों लगना जैसे कारण इसके जिम्मेदार माने जाते हैं।

### खादी पर महिला अपराधों के बेशुमार दाग

देश में बलात्कार के तमाम ऐसे चर्चित मामले है जिनमें राजनीतिक लोगों का नाम आया। यूपी में 2017 में उन्नाव के भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर नाबालिग लड़की से बलात्कार का आरोप लगा था और पुलिस हिरासत में उसके पिता की भी मौत हो गई थी। जम्मू कश्मीर के कठुआ में 2018 में 8 साल की बच्ची की गैंगरेप कर हत्या कर दी गई थी, मामला तब गर्माया जब भाजपा नेताओं ने आरोपियों के समर्थन में रैली निकाली। इस मामले में 6 लोग दोषी ठहराए गए थे। वर्ष 2020 में हुए हाथरस कांड में दलित युवती के साथ गैंगरेप हुआ था जिसकी बाद में मौत भी हो गई थी। पुलिस ने परिवार की मर्जी के बिना अंतिम संस्कार कर दिया। विपक्ष ने सत्तारूढ़ दल पर कई आरोप लगाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद लॉ की एक छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में जेल गए, हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई। कर्नाटक में महिलाओं पर हमले और यौन हिंसा के मामले में प्रमोद मुथालिक पर राजनीतिक संरक्षण के आरोप लगे।

### प्रज्वल रेवन्ना

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के परिवार के सदस्य और जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर तमाम महिलाओं और लड़कियों के यौन शोषण के आरोप थे। उसके बनाए सैकड़ों वीडियो वायरल हुए तो वह विदेश भाग गया। इंटरपोल नोटिस पर लौटा, अब जेल में है। महिलाओं को डराने और यौन उत्पीड़न के आरोपी उसके पिता एचडी रेवन्ना को जमानत मिल चुकी है।

## एक नजर

### मणिपुर में चार लोगों की गोली मारकर हत्या

**चुराचांदपुर/इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 60 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे हुआ जब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि प्रतीत होता है कि चारों लोगों को नजदीक से गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि मारे गए लोगों की पहचान अभी नहीं हुई है। मौके से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए गए। किसी भी संगठन ने हमले के लिए अब तक जिम्मेदारी नहीं ली है।

### नेपाल के मुगु जिले में फिर भूकंप के झटके आए

**काठमांडू।** नेपाल के मुगु जिले में सोमवार को 4 .3 तीव्रता का भूकंप आया। क्षेत्र में 24 घंटे से भी कम समय पहले भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, जिले के कोटडांडा क्षेत्र में सुबह 8 .39 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। रविवार को जिले के जिमा गांव में दोपहर 2 .34 बजे 4 .8 तीव्रता का भूकंप आया था। पर्वतीय क्षेत्र नेपाल में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

### पश्चिमी वेनेजुएला में बाढ़ से सैकड़ों घर हुए नष्ट

**कराकास।** पश्चिमी वेनेजुएला में भारी बारिश के कारण कई प्रांतों में बाढ़ आने से सैकड़ों घर नष्ट हो गए हैं। पश्चिमी प्रान्त मेरिडा के गवर्नर अर्नाल्डो सांचेज़ ने कहा कि बारिश और बाढ़ से कम से कम 370 घर प्रभावित हुये हैं और 103 घर नष्ट हो गये हैं। श्री सांचेज़ ने सोशल मीडिया पर कहा कि एंडियन हाइलैंड्स में प्रभावित लोगों को कम से कम दो टन खाद्य आपूर्ति वितरित की गयी है और सुरक्षा बल तथा वालंटियर सहायता प्रदान करने के लिए पहुंचे गए हैं।

### पाकिस्तान : आतंकी हमलों में पांच की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकवाद की दो घटनाओं में दो सुरक्षाकर्मियों और शांति समिति के तीन सदस्यों सहित पांच लोग मारे गए। दोनों घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत लक्की मरवात जिले में हुईं। पहली घटना में रविवार सुबह एक गश्ती वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने बताया कि शाहब खेल क्षेत्र में एक अन्य घटना में अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

# असीम मुनीर के फिर जहरीले बोल कश्मीर में आतंकवाद वैध संघर्ष

## पड़ोसी देश फिर बेनकाब, सेना प्रमुख ने कहा- साथ देता रहेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। फील्ड मार्शल मुनीर ने भारत को भविष्य में किसी भी हमले की स्थिति में करारा जवाब देने की चेतावनी भी दी।

मुनीर ने शनिवार को कराची स्थित पाकिस्तान नौसेना अकादमी में पासिंग आउट समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत जिसे आतंकवाद कहता है, वह वास्तव में स्वतंत्रता के लिए एक वैध और कानूनी संघर्ष है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा मान्यता प्राप्त है। मुनीर ने दावा किया, जिन लोगों ने कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं को दबाने और समाधान के बजाय संघर्ष को खत्म करने की कोशिश की, उन्होंने अपने कृत्यों से इस आंदोलन को और अधिक प्रासंगिक बना दिया है। पाकिस्तान हमेशा कश्मीर के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के संघर्ष में उनके साथ खड़ा रहेगा।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार कश्मीर मुद्दे के न्यायोचित समाधान का प्रबल समर्थक है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख हमेशा उसके अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। भारत सरकार के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद-370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो-केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास बढ़ गई।

### अफगानिस्तान से लगने वाली प्रमुख सीमा बंद की

**पेशावर।** पाकिस्तान ने सुरक्षा खतरों के कारण अफगानिस्तान से लगने वाली एक प्रमुख सीमा को अस्थायी रूप से अगले आदेश तक बंद कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने रविवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले और अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत में झड़पों के बाद गुलाम खान सीमा को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमले के बाद उत्तरी वजीरिस्तान में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और सीमा (गुलाम खान) को अनिर्दिष्ट अवधि के लिए बंद कर दिया गया है।

### दक्षेस की जगह नया क्षेत्रीय संगठन बनाने में जुटे चीन-पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और चीन एक नए क्षेत्रीय संगठन की स्थापना के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं, जो लगभग निष्क्रिय पड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) की जगह ले सकता है। सोमवार को एक खबर में यह दावा किया गया।

राजनयिक सूत्रों के हवाले से 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने लिखा कि इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत अब आगे के चरण में है, क्योंकि दोनों पक्ष इस बात से आश्वस्त हैं कि क्षेत्रीय एकीकरण और संपर्क के लिए एक नया संगठन आवश्यक है। यह नया संगठन संभावित रूप से क्षेत्रीय संगठन दक्षेस की जगह ले सकता है। दक्षेस में भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चीन के कुनमिंग में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की हाल में हुई त्रिपक्षीय बैठक इन कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा थी। सूत्रों के अनुसार, इसका लक्ष्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो दक्षेस (सार्क) का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना है। हालांकि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका, बीजिंग और इस्लामाबाद के बीच किसी भी उभरते गठबंधन के विचार को खारिज कर दिया और कहा कि बैठक राजनीतिक नहीं थी।

# गाजा में इजराइली सेना के हमले में 22 फलस्तीनी मारे गए

**काहिरा।** दक्षिणी गाजा में सोमवार को इजराइली सेना के हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी एवं 20 अन्य घायल हो गये। हताहत लोगों में से कई आवश्यक खाद्य सहायता लेने का प्रयास कर रहे थे। चश्मदीदों, अस्पतालों एवं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

• राशन लेने आए लोगों पर फिर की गोलीबारी

खान यूनिस स्थित नासेर अस्पताल ने बताया कि उसके यहां 11 लोगों के शव लाये गये जिन्हें दक्षिणी गाजा में इजराइली और अमेरिका समर्थित गाजा मानवीय कोष (जीएचएफ) से जुड़े सहायता स्थल से लौटते समय गोली मार दी गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में संयुक्त राष्ट्र सहायता गोदाम पर हमले में दस अन्य लोग मारे गए।

दक्षिणी गाजा में यह हमला खान यूनिस शहर में जीएचएफ स्थल से लगभग तीन किलोमीटर (1.8 मील) दूर हुआ। यूसुफ महमूद मोखाइमर दर्जनों अन्य लोगों के साथ चल रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि वाहनों और टैंकों में सवार सैनिक तेजी से उनकी ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले तो सैनिकों ने चेतावनी के तौर पर हवा में गोलियां चलाईं, फिर भीड़ पर गोलियां चलाईं।

# ईरान जल्द ही फिर शुरू कर सकता है यूरेनियम संवर्धन

वियना, एजेंसी

• आईएईए प्रमुख ने जताई आशंका, कहा- अमेरिकी हमले में पूरी तरह नष्ट नहीं हुए परमाणु ठिकाने

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि अमेरिकी हमलों ने ईरानी परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया है मगर वे पूरी तरह से नष्ट नहीं हुए हैं और इसी वजह से ईरान कुछ ही महीनों में यूरेनियम संवर्धन शुरू कर सकता है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ग्रॉसी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे के विपरीत है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान की परमाणु परियोजना को दशकों पीछे धकेल दिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा था कि अमेरिकी हमलों में फोर्डो, नतांज़ और इस्फ़हान परमाणु ठिकानों के सेंट्रीफ्यूज को काफी नुकसान पहुंचने से ईरान का परमाणु कार्यक्रम कई वर्षों के लिए टल गया है।

'फेस द नेशन विद मार्गरेट ब्रेनन' के साथ साक्षात्कार में उन्होंने अलग-अलग आकलन पर अपना रुख बताते हुए कहा, सामूहिक विनाश के हथियारों में यह दृष्टिकोण ठीक नहीं है। उनके पास जो क्षमताएं हैं, वे मौजूद हैं। आप जानते हैं कि वे कुछ ही महीनों में सेंट्रीफ्यूज के कुछ कैस्केड घुमाकर यूरेनियम संवर्धन कर सकते हैं। स्पष्ट रूप से कहें तो, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि सब कुछ गायब हो गया है और अब वहां कुछ भी नहीं है। ग्रॉसी ने कहा कि निगरानी समूह की जांच में परमाणु हथियार कार्यक्रम का संकेत नहीं मिला, लेकिन यूरेनियम संवर्धन नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक है। ईरान की ओर से कुछ बहुत महत्वपूर्ण सवालों का जवाब देने से इनकार करने से स्थिति और जटिल हो गई है।

### अमेरिका ने ग्रॉसी का दावा बकवास बताया

अमेरिका के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि जैसा कि ग्रॉसी ने कुछ दिन पहले कहा था कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर से पहले और बाद में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बीच का अंतर 'रात और दिन' जैसा है और उसे 'काफी नुकसान' हुआ है। उन्होंने कहा, "ईरान के पास कोई हवाई सुरक्षा नहीं है, इसलिए यह विचार कि, वे परमाणु हथियार कार्यक्रम फिर शुरू कर सकते हैं, बकवास है।

# भारत के साथ सीमा विवाद जटिल सुलझाने में समय लगेगा : चीन

बीजिंग, एजेंसी

• भारत के साथ बातचीत जारी रखने और शांति रखने की इच्छा जताई

चीन ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगेगा लेकिन इसके साथ ही उसने सरहदों के निर्धारण पर चर्चा करने तथा हालात शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 जून को चिंगदाओ में चीनी समकक्ष दोंग जून के साथ बैठक में प्रस्ताव दिया था कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के कदम उठाकर जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें एलएसी पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिंह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन और भारत ने सीमा से जुड़े विषय पर विशेष प्रतिनिधि तंत्र की स्थापना की है तथा चीन-भारत सीमा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों एवं मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति बनाई है।

### संवाद के तंत्र स्थापित होने से बातचीत में मिलेगी मदद

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन भारत के साथ सरहदों के निर्धारण और सीमा प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर संवाद बनाए रखने, सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा सीमा पार आदान-प्रदान एवं सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, सकारात्मक पक्ष यह है कि दोनों देशों ने पहले ही गहन संवाद के लिए विभिन्न स्तर पर तंत्र स्थापित कर लिए हैं। हमें उम्मीद है कि भारत चीन के साथ इसी दिशा में काम करेगा, प्रासंगिक मुद्दों पर संवाद जारी रखेगा।

# चीन ने जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटाया

**बीजिंग।** चीन ने सुनामी से नष्ट हुए फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र से थोड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल छोड़े जाने को लेकर लगभग दो साल के प्रतिबंध के बाद जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटा लिया है।

सीमा शुल्क एजेंसी की ओर से जारी एक नोटिस में कहा गया है कि जापान के अधिकतर हिस्सों से आयात फिर शुरू हो जाएगा। अगस्त 2023 में लगाया गया प्रतिबंध जापान के मत्स्य उद्योग के लिए बड़ा झटका था। जापानी सीफूड के लिए सबसे बड़ा विदेशी बाजार चीन का है। फुकुशिमा स्थित परमाणु संयंत्र 2011 में भीषण सुनामी से क्षतिग्रस्त हो गया था। कई वर्षों बहस के बाद परमाणु ऊर्जा संयंत्र कंपनी को सरकार से यह अनुमति मिल गई कि वह इस अपशिष्ट जल को समुद्र में धीरे-धीरे छोड़े।

## आजादी के संघर्ष की यादें



बीरभूम जिले के बोलपुर के बाहरी इलाके में संथाल विद्रोह की याद में आयोजित हुल दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शन करते आदिवासी। हूल दिवस ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि देने का दिन है जो 30 जून 1855 को शुरू हुआ था एजेंसी

### सीपीसी सदस्यता 10 करोड़ के पार

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के सदस्यों की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। सीपीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 1921 में स्थापित सीपीसी के 2024 के अंत तक 10 .027 करोड़ से अधिक सदस्य थे, जो 2023 से लगभग 10 .9 लाख अधिक है।

### मालवाहक जहाज में लगी आग, नौसेना ने अपना पोत भेजा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने द्वीपीय देश पलाऊ के ध्वज वाले एक जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लगने के बाद मदद के लिए अपने स्टील्थ फ्रिगेट पोत को तैनात किया है। पलाऊ के इस संकटग्रस्त जहाज में भारतीय मूल के चालक दल के 14 सदस्य सवार थे। यह जहाज गुजरात के कांडला से ओमान के शिनास जा रहा था। नौसेना के अनुसार, स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर ने एमटी यी चेंग 6 की सहायता के लिए आए संदेश पर कार्रवाई की।

# जम्मू-कश्मीर में पकड़ा गया आतंकवादियों का गाइड

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

• चार आतंकवादियों के साथ घुसपैठ की कोशिश करते हुए किया गया गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के पूंछ और राजौरी जिलों की सीमा पर नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान गिरफ्तार एक पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई है।

अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद आरिफ जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों के एक समूह का नेतृत्व करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जब रविवार दोपहर को सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ मौजूद आतंकवादी एक खड़ी चट्टान से कूद गए और घायल अवस्था में पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। आरिफ पीओके के दातोटे गांव का निवासी है और उसे सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के तहत गंभीर इलाके में स्थित हजूरा चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगलों में संदिग्ध गतिविधि देखी, जहां से कुछ आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। आरिफ को पकड़ लिया गया, जबकि चार अन्य आतंकवादी भारतीय सेना को देख भाग निकले और 'नो मैन्स लैंड' से होते हुए दुर्गम रास्तों और खराब मौसम का फायदा उठा कर पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। नो मैन्स लैंड किसी के स्वामित्व या नियंत्रण में नहीं होता है। यह आमतौर पर दो विरोधी पक्षों या सेनाओं के बीच की एक खाली भूमि होती है।

# अमेरिका में घात लगाकर दो दमकल कर्मियों की हत्या की

**बोइस (अमेरिका)।** अमेरिका में उत्तरी इडाहो के एक पर्वतीय इलाके में रविवार को एक बंदूकधारी ने पहले जंगल में आग लगा दी, फिर वहां पहुंचे दमकलकर्मियों पर घातकर हमला कर दिया जिसमें दो कर्मचारियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि बाद में बंदूकधारी भी मृत पाया गया। हालांकि अधिकारियों ने उसकी पहचान जारी नहीं की है। इडाहो के गर्वनर ब्रैड लिटिल ने इसे जघन्य हमला बताया। कूटेनई काउंटी के शेरिफ बॉब नॉरिस ने रविवार रात संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा अनुमान है कि संदिग्ध ने ही आग लगाई और यह एक साजिश के तहत किया गया हमला था। इसके कारण दमकलकर्मियों को संभलने का कोई मौका ही नहीं मिला।

## यादों की टीस

## यूनियन कार्बाइड कारखाने का सारा 337 टन कचरा हुआ खाक

# 40 साल बाद खत्म हुआ भोपाल गैस त्रासदी का काला अध्याय

• सन् 1984 में हुआ था हादसा पांच मई को शुरू हुई थी कचरे को भस्म करने की प्रक्रिया

इंदौर, एजेंसी




मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर पीथमपुर के एक अपशिष्ट निपटान संयंत्र में भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने का बचा 307 टन कचरा खाक हो गया है। इसके साथ ही, भोपाल गैस त्रासदी के लिए जिम्मेदार कारखाने का कुल 337 टन कचरा भस्म हो गया है।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि धार जिले के संयंत्र में तीन परीक्षणों के दौरान यूनियन कार्बाइड कारखाने का 30 टन कचरा पहले ही जलाया जा चुका है। पीथमपुर में एक निजी कंपनी द्वारा संचालित अपशिष्ट निपटान संयंत्र में यूनियन कार्बाइड कारखाने के बचे 307 टन कचरे को भस्म किए जाने की प्रक्रिया पांच मई को देर शाम सात बजकर 45 मिनट के आस-पास शुरू हुई थी जो रविवार (29 जून) और सोमवार (30 जून) की दरमियानी रात 01:00 बजे समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के 27 मार्च को जारी निर्देश के मुताबिक यूनियन कार्बाइड के बचे कचरे को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में पीथमपुर के संयंत्र में 270 किलोग्राम प्रति घंटे की अधिकतम दर से जलाया गया।

द्विवेदी ने बताया कि इस कचरे को भस्म किए जाने के दौरान पीथमपुर के संयंत्र से अलग-अलग गैसों और कणों के उत्सर्जन की एक ऑनलाइन तंत्र द्वारा वास्तविक समय में निगरानी की गई। उन्होंने दावा किया, इस संयंत्र में यूनियन कार्बाइड कारखाने का कचरा जलाए जाने के दौरान तमाम उत्सर्जन मानक सीमा के भीतर पाए गए। कचरा भस्म किए जाने के दौरान आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर किसी विपरीत असर के बारे में हमारे पास कोई सूचना नहीं है। द्विवेदी के मुताबिक, यूनियन कार्बाइड कारखाने का कुल 337 टन कचरा जलने के बाद निकली राख और अन्य अवशेषों को बोरों में सुरक्षित तरीके से भरकर संयंत्र के 'लीक-प्रूफ स्टोरेज शेड' में रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन अवशेषों को जमीन में दफनाने के लिए तय वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत विशेष सुविधा (लैंडफिल सेल) का निर्माण कराया जा रहा है और यह काम नवंबर तक पूरा होने की उम्मीद है।

### हादसे में मारे गए थे करीब साढ़े पांच हजार लोग

भोपाल में दो और तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात यूनियन कार्बाइड कारखाने से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था। इससे कम से कम 5,479 लोग मारे गए थे और हजारों लोग अपंग हो गए थे। इसे दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदाओं में गिना जाता है। वर्ष 2006 में सरकार के एक शपथ पत्र में माना गया था कि करीब 558,125 सीधे तौर पर प्रभावित हुए, आंशिक तौर पर प्रभावित होने वालों की संख्या लगभग 38,478 थी। 3900 पूरी तरह अपंगता के शिकार हो गए। 1993 में भोपाल-अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को इस त्रासदी के पर्यावरण और मानव समुदाय पर होने वाले दीर्घकालिक प्रभावों को जानने का काम सौंपा गया था।